■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित  www.navbihartime.com  ■ बिहार का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36, अंक : 6
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
2 जून 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**2005:** भारत, रूस और चीन का ब्लादीवोस्तोक सम्मेलन समाप्त।

**2006:** अमेरिका ने दाऊद इब्राहीम तथा उसके संगठन पर प्रतिबंध लगाया।

**2011:** भारत सरकार ने शहरी क्षेत्रों में गरीबों को अपने घर का सपना पूरा कराने में सहायता के लिए राजीव गांधी आवास योजना को मंजूरी दी।

**2014:** तेलंगाना भारत का 29वां राज्य बना।

**जिनको अपने काम पर भरोसा होता है वो जॉब करते हैं और जिन्हें अपने आप पर भरोसा होता है वह बिजनेस करते हैं।**

## पंचायतों के रिक्त पदों पर जुलाई में उपचुनाव कराने की तैयारी

**बिहार सरकार से अनुमति का इंतजार**  **मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन संपन्न**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरियों में उपचुनाव कराने की राज्य सरकार से अनुमति मांगी है। आयोग का प्रयास जुलाई में 2635 पदों पर उपचुनाव कराने का है। पंचायती राज विभाग को इसके लिए आयोग ने प्रस्ताव तैयार कर भेज दिया है। अनुमति मिलते ही आयोग की ओर से शीघ्र चुनाव कार्यक्रम को घोषित कर जुलाई में मतदान कराने की है। त्रिस्तरीय पंचायतों एवं ग्राम कचहरी के 2635 पदों पर उप चुनाव की तैयारी की जा चुकी है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन का काम संपन्न हो चुका है। जिन पदों पर उप चुनाव कराया जाना है उसमें ग्राम पंचायत सदस्य के 840 पद, मुखिया के 63 पद, पंचायत समिति सदस्य के 72 पद, जिला परिषद सदस्य के आठ पद, ग्राम कचहरी पंच के 1569 पद और सरपंच के 83 पद सम्मिलित हैं। आयोग की रिपोर्ट के




अनुसार इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 3358767 मतदाता हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1758892 है जबकि महिला मतदाता 1599785 है। इसके अलावा इन चुनाव क्षेत्रों में 89 थर्ड जेंडर के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी मतदाता अपना नाम ढूंढने के लिए आयोग के वेबसाइट पर सर्च इलेक्टोरल रोल पर जाकर अपने विवरण या इपिक नंबर के माध्यम से अपना नाम खोज सकते हैं। आयोग की ओर से मतदाता और अभ्यर्थी के लिए टाल फ्री नंबर 18003457243 जारी किया गया है जिसके माध्यम से सूचना या जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मृणाल बने राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** लोजपा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के संबंधी धनंजय कुमार उर्फ मृणाल पासवान राज्य अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने शनिवार की देर रात उनके अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को लेकर अधिसूचना जारी की। मालूम हो कि राज्य सरकार के विभिन्न आयोग एवं बोर्ड के गठन की प्रक्रिया जारी है। अब तक कई आयोगों का गठन किया गया है।

### कर्ज से परेशान शख्स ने की आत्महत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** आयर थाना क्षेत्र के लालगंज बलिगांव निवासी भोला चौधरी ने कर्ज से परेशान होकर जहर खा लिया। जहर खाने के बाद उसे इलाज के लिए पटना ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी झुनी देवी ने बताया कि उसे दो जवान लड़की है जिसे लेकर काफी चिंतित रहते थे। कई लोगों से कर्ज भी लिया था। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### फंदे से लटका मिला सरसी थाना के डाटा ऑपरेटर का शव

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** सरसी थाने में तैनात डाटा ऑपरेटर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उनका शव थाने से 100 मीटर दूर कोसी प्रोजेक्ट के बिल्डिंग के कमरे में फंदे से लटका मिला है। मृतक ललित कुमार जलालगढ़ के भट्ठेली गांव का रहने वाला था। परिजनों ने थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव और एसआइ आयुष राज पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर सरसी थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव को लाइन हाजिर किया है। कटिहार मोड़ टीओपी प्रभारी अभय रंजन को नया इंचार्ज बनाया गया है।

### बिहार के सभी जिलों में संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन करेगी भाजपा : दिलीप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा जल्द ही पटना में रविदास समाज के लोगों का एक सम्मेलन आयोजित करेगा जिसमें लाखों लोग शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बिहार के सभी जिलों में संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन सह सम्मान समारोह होंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को सामाजिक संपर्क अभियान के अंतर्गत रविदास समाज की एक बैठक में उन्होंने यह बात कही। बैठक में तय हुआ कि 20 जून को बेगूसराय, 22 को समस्तीपुर, 25 को मधुबनी, 29 को बगहा और भागलपुर, 30 को सहरसा, 6 जुलाई को मुजफ्फरपुर और सीवान, 7 को दरभंगा, 13 को गया, 16 को बांका, 18 को अरवल, 20 को खगड़िया और सीतामढ़ी तथा 31 जुलाई को गोपालगंज में यह सम्मेलन होगा।

## बड़हरा से विधानसभा चुनाव में ताल ठोकेंगे रामबाबू सिंह

■ समाजसेवी सह राजद नेता ने की आगामी विधानसभा चुनाव में उतरने की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा स्थित साकेत होटल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में चर्चित समाजसेवी संवेदक एवं राजद के युवा नेता अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह ने जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में उतरने की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैंने लंबे समय से अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख, संघर्ष और असली समस्याओं को करीब से देखा और जाना है। चाहे वह पिछड़ा समाज हो, दलित, महादलित, सवर्ण, किसान, युवा या मजदूर-सभी आज भी अपने बुनियादी अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़हरा क्षेत्र दशकों से बाढ़ और सुखाड़ की दोहरी मार झेलता रहा है। यहां एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिससे बच्चों को शिक्षा के लिए दूर-दराज जाना पड़ता है। मैंने हमेशा समाज सेवा को प्राथमिकता दी है लेकिन अब महसूस हो रहा है कि अगर



वाकई बदलाव लाना है तो नीति निर्माण की मुख्यधारा में आना जरूरी है। श्री सिंह ने घोषणा करते हुए कहा कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुका हूं। मेरा मकसद सत्ता नहीं, सेवा है। उन्होंने कहा कि राजद की नीति हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की रही है। यदि अवसर मिला तो जमीनी हकीकत बदलने का काम करेंगे, खासकर पिछड़े वर्ग और किसानों के लिए। मौके पर प्रमुख लोगों में राम तपस्या राय (जिला कोषाध्यक्ष, श्रमिक प्रकोष्ठ), सुभाष सिंह उर्फ नेताजी, पप्पू गोप, संजय सिंह (पूर्व मुखिया), जगनारायण सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नालंदा में 24 करोड़ से बनेगा नया इनडोर शूटिंग रेंज : सम्राट चौधरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के नालंदा में 24 करोड़ रुपये से नया इंडोर शूटिंग रेंज बनेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नालंदा के कल्याण बिगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण के लिए 24.21 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दे दी गई है। कल्याण बिगहा का 10 मीटर इनडोर शूटिंग रेंज देश का दूसरा सबसे अच्छा रेंज है। यहां 25 मीटर और 50 मीटर का रेंज नहीं होने से यह अधूरा था। श्री चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने पर 25 और 50 मीटर की शूटिंग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को ना तो बाहर जाना पड़ेगा, ना ही खेल का अभ्यास छोड़ना पड़ेगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिले के पीपरा थाना क्षेत्र में एनएच 27 पर महुआवां गांव के पास कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों शनिवार की रात विशुनपुरा गांव में पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। सड़क पार करते समय कार से टक्कर हो गई। दोनों को एनएचएआई की एम्बुलेंस से चकिया अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार को दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चकबारा गांव निवासी नागेंद्र प्रसाद (45) और उनकी पत्नी अंशु देवी (42) के रूप में हुई है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने एनएच 27 को जाम कर दिया। उनका आरोप है कि महुआवां कट के पास पुराना पुल टूट चुका है। एनएचएआई ने उचित निर्माण किए बिना केवल गिट्टी डालकर सड़क बना दी है। यह सड़क धंस गई है और वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे लगे पेड़-पौधों की नियमित कटाई-छंटाई न होने की भी शिकायत की। इससे दृश्यता कम होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। पीपरा थाना प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

### कॉलेज कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मलमल और कलुआही के बीच स्थित मोड़ वाले पुल के पास बासोपट्टी में कॉलेज कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान अरुण मल्लिक के रूप में हुई है। वे राम जानकी रवि राम सेवक दास महाविद्यालय में कार्यरत थे।

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित कई महानुभाव चखेंगे भागलपुर का जर्दालु आम

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** हर वर्ष की तरह इस बार भागलपुर जिले का खास व स्वादिष्ट जर्दालु आम का स्वाद देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित कई महानुभाव चखेंगे। राज्य सरकार की ओर से विश्व प्रसिद्ध जर्दालु आम को एक सौगात के रुप में देश के सभी महानुभावों को भेजी जाती है और इस कड़ी में रविवार को 17 वीं बार जिले के सुल्तानगंज क्षेत्र के महेशी गांव निवासी मैंगो मैन अशोक चौधरी और अन्य किसानों के बगीचों से चालीस टन जर्दालु आम पटना के बिहटा पैक हाउस भेजा गया है। वहां पर आम को दो हजार आकर्षक पैकटों में सजा कर सोमवार को बड़े रेफ्रिजरेटर के जरिए दिल्ली स्थित बिहार भवन भेजा जाएगा। पहले भागलपुर मे ही पैकटों में आम सजाकर विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन से सीधे दिल्ली भेजे जाते थे लेकिन इस बार नयी व्यवस्था के तहत जिला उद्यान विभाग की देख-रेख में भागलपुर से आम को बिहटा पैक हाउस भेजा गया है। बिहार की शान कहे जाने वाले भागलपुर के जर्दालु आम को जीआई टैग मिला है और यह आम अपने खास स्वाद एवं सुगंध के लिए देश और विदेश में प्रसिद्ध है। जिला उद्यान पदाधिकारी अभय कुमार मंडल कहते हैं कि भागलपुर के जर्दालु आम की लोकप्रियता चारों ओर फैली हुई है।



सुल्तानगंज क्षेत्र की काली दोमट मिट्टी में तैयार होने (उगने) वाले जर्दालु आम में विशिष्ट मिठास एवं सुगंध होती है। साथ ही इस आम के सुपाच्य और मनमोहक होने के कारण लोग इसे ज्यादा पसंद करते हैं। भागलपुर जिले के विभिन्न हिस्सों खासकर सुल्तानगंज क्षेत्र में उपजने वाले जर्दालु आम को एक सौगात के तौर पर देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य महानुभावों को भेजने की परंपरा की शुरुआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2009 में की थी जो आज तक चली आ रही है। आज जर्दालु आम एक सौगात नहीं बल्कि एक ऐसी विरासत है जो हर वर्ष गर्मी में सभी महानुभावों से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। इस आम की लोकप्रियता से स्पष्ट होता है कि बिहार सिर्फ ऐतिहासिक एवं साहित्यिक ही नहीं, कृषि की संस्कृति का भी केन्द्र है।

## बालू कारोबारी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना अंतर्गत धारुपुर सूर्यमंदिर के समीप नहर पुल के नीचे अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी। मृतक धारुपुर निवासी रामेश्वर यादव उर्फ रोहन यादव का पुत्र सुशील यादव उर्फ भूअर यादव है। घटना शनिवार की देर रात की होने की संभावना जताई जा रही है। मृतक अपना एक ट्रैक्टर रखा था और बालू का कारोबार करता था। वह प्रतिदिन शाम को गांव के बाहर नहर पुल पर जाता था और देर शाम घर लौटता था। शनिवार को भी वह वहां गया था। स्वजनों की मानें तो शनिवार की शाम करीब 7 बजे



किसी ने कॉल करके बुलाया था तो भूअर बाइक से वहां गया था। रविवार की सुबह गांव के लोग जब शौच के लिए गए तो शव को पड़ा देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। मृतक के माता-पिता गांव में ही दूसरी जगह एक घर में रहते हैं और वहीं से अपने आसपास की खेती बारी करते व देख-रेख करते हैं। बताया जाता है कि मृतक अक्सर उक्त पुल के पास जाता था और देर रात तक बैठता था लेकिन शनिवार को गया तो वापस नहीं लौटा। मृतक के शरीर पर कई जख्म थे। ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की हत्या रड या कठोर लाठी या किसी अन्य सामान से चोट पहुंचाकर की गई है। मृतक का मोबाइल और बाइक घटनास्थल से ही बरामद हुई है। घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ कुमार संजय और एसएचओ ललन कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है और शीघ्र उद्भेदन की संभावना है। युवक की हत्या क्यों और कैसे हुई, पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है।

## 71वीं बीपीएससी परीक्षा के लिए आवेदन आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। बिहार लोक सेवा आयोग ने 71वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती के तहत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कुल 1250 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 2 जून 2025 से आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2025 रखी गई है। बीपीएससी की 71वीं प्रारंभिक परीक्षा 30 अगस्त 2025 को बिहार के विभिन्न जिलों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के जरिए चयनित उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में सफलता मिलने पर राज्य सरकार के विभागों में नियुक्ति दी जाएगी। इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होना आवश्यक है। आयु सीमा 20 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट मिलेगी।

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने की हेल्पलाइन सेंटर की शुरूआत**

## एक कॉल पर होगा म्यूटेशन-जमाबंदी की समस्या का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से हेल्पलाइन कॉल सेंटर की शुरुआत हो चुकी है। यह कॉल सेंटर 3 जून से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। आम लोग 18003456215 पर कॉल कर योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं और अपनी शिकायतों को भी दर्ज करवा सकते हैं। कॉल सेंटर को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच समझौता हुआ। इसके बाद रविवार को पटना के दानापुर स्थित सीएससी कार्यालय में राज्य के पहले राजस्व एवं भूमि सुधार हेल्पलाइन/कॉल सेंटर का शुभारंभ किया



गया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि इस हेल्पलाइन कॉल सेंटर की स्थापना का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राज्य सरकार की राजस्व एवं भूमि से संबंधित योजनाओं, सेवाओं और नीतियों की जानकारी देना और उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह कॉल सेंटर बिहार सरकार के डिजिटल मिशन को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। इससे नागरिकों को सटीक और समय पर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त होगी और उनके समाधान में पारदर्शिता आएगी। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व और भूमि सुधार जैसे विषय आम नागरिकों के लिए जटिल होते हैं। यह हेल्पलाइन कॉल सेंटर इस जटिलता को सरल बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह पूर्णतः प्रशिक्षित और दक्ष टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है जिन्हें विभागीय योजनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं की गहन जानकारी होगी। वहीं सचिव जय सिंह ने कहा कि विभाग की नीतियां और योजनाएं तभी प्रभावी सिद्ध होंगी जब उनकी जानकारी अंतिम छोर पर बैठे नागरिक तक पहुंचे। यह कॉल सेंटर हमारे और जनता के बीच एक मजबूत संवाद का माध्यम बनेगा। जैसे अनुभवी और भरोसेमंद भागीदार के सहयोग से हम सेवा को और अधिक पारदर्शी, सुलभ और उत्तरदायी बना पाएंगे। इधर सीएससी बिहार के स्टेट हेड संतोष तिवारी ने कहा कि सीएससी नेटवर्क की पहुंच राज्य के हर पंचायत तक है। हम इस हेल्पलाइन को केवल एक सेवा केंद्र न मानकर, नागरिकों के अधिकारों और जागरूकता को बढ़ाने वाले प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित करेंगे। यह पहल सरकार और जनता के बीच तकनीकी सेतु का कार्य करेगी।

**किराया पर दुकान और फ्लैट उपलब्ध है**

प्रो.- हरि सिंह  मो0-8835313205, 9431792541

हरि ओम रेसिडेंसी

नोट:- हमारे यहां दुकान एवं फ्लैट भाड़े पर उपलब्ध है।
हमारे यहां फ्लैट 2 B.H.K जिसमें 2 रूम, बड़ा डाइनिंग हॉल, किचेन
पूजा रूम, लैट्रिन, बाथरूम, बालकोनी एवं बेसमेन्ट की भी सुविधा उपलब्ध है।

मैनेजमेन्ट :- रामनंदन यादव मो0- 8521967282

पता:- नर्मदेश्वर नगर, नियर-हवेली रिसॉर्ट, लाई बुढ़ा रोड, जसोइया मोड़, औरंगाबाद

# भूमि संबंधी जानकारी और शिकायतों का समाधान अब एक कॉल पर

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने शुरू किया राज्य का पहला हेल्पलाइन सेंटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ी पहल करते हुए राज्य के पहले हेल्पलाइन सेंटर की शुरुआत की है। इस टोल-फ्री कॉल सेंटर के माध्यम से अब राज्य के नागरिकों को भूमि संबंधी दस्तावेज, विभागीय योजनाओं, शिकायत और समाधान से जुड़ी सेवाएं एक ही नंबर पर उपलब्ध होंगी। हेल्पलाइन सेंटर का उद्घाटन रविवार को पटना के दानापुर स्थित सीएससी कार्यालय में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने किया।



**जनता से जुड़ने की डिजिटल पहल**

राज्य के पहले हेल्पलाइन सेंटर का उद्घाटन करते हुए मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि यह सेंटर 3 जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगा और सोमवार से शनिवार तक सुबह साढ़े 9 बजे से शाम 6 बजे तक सेवा देगा। इस कॉलसेंटर की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के नागरिकों तक राजस्व व भूमि संबंधी जानकारी पहुंचाना और उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। अब लोगों को दफ्तरों का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बिहार सरकार के डिजिटल मिशन को जमीनी स्तर पर सफल बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

वहीं, विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व व भूमि सुधार जैसे विषय आम लोगों के लिए जटिल होते हैं लेकिन प्रशिक्षित कॉल एजेंट की मदद से यह हेल्पलाइन आम नागरिकों के लिए सहज बनाएगा। बहुत दिनों से इस कॉलसेंटर की जरूरत महसूस हो रही थी।

वहीं विभाग के सचिव जय सिंह ने इसे सरकार और जनता के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बताते हुए कहा कि जब तक योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगी, वे प्रभावी नहीं बनेंगी। सीएससी की मदद से हम सेवा को और अधिक पारदर्शी, सुलभ और उत्तरदायी बना पाएंगे। वहीं, सीएससी बिहार के स्टेट हेड संतोष तिवारी ने कहा कि सीएससी नेटवर्क की पहुंच हर पंचायत तक है और यह हेल्पलाइन एक सूचना केंद्र से कहीं अधिक नागरिक अधिकारों और डिजिटल जागरूकता का मंच बनेगा।

इस अवसर पर विभाग के विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार पाण्डेय, एड्यू बिहार के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रबंधक और नेटवर्क के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# चिराग पासवान लड़ सकते हैं बिहार विधानसभा का चुनाव

## 8 जून को आरा की रैली में करेंगे ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान केन्द्र से ज्यादा फोकस अब बिहार पर कर रहे हैं। इस बीच उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा भी जोरों पर है। पिछले दिनों पार्टी कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि चिराग पासवान को विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहिए। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि चिराग पासवान विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। चिराग पासवान 8 जून को आरा में एक बड़ी रैली करने जा रहे हैं। आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में होने वाली इस रैली को 'नव संकल्प महासभा' का नाम दिया गया है। इस महासभा में चिराग पासवान विधानसभा चुनाव को लेकर अहम घोषणा कर सकते हैं। लोजपा (रा) सांसद और चिराग के जीजा अरुण भारती ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है जिससे सियासी हलचल बढ़ गई है। इस पोस्ट के सामने आने के बाद एक बार फिर से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। चिराग पासवान पटना, दानापुर या फिर हाजीपुर के किसी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। अरुण भारती ने इसकी जानकारी दी है। अरुण भारती ने कहा कि चिराग पासवान किसी आरक्षित सीट से चुनाव न लड़कर एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ेंगे। अरुण भारती ने एक्स पर लंबा-चौड़ा पोस्ट कर लिखा है कि चिराग पासवान पूरे बिहार की उम्मीद हैं।

# हजार संवेदनाओं की मौत के बाद जन्मा भाजपा-नीतीश राज : सांसद रंजीत रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 26 मई को मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी में नौ वर्षीय दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म होने और उचित इलाज न मिलने से पीड़िता की मौत की जिम्मेदार नीतीश-भाजपा सरकार ये बातें दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की राष्ट्रीय सचिव सह सांसद रंजीत रंजन ने कही। उन्होंने आगे कहा कि जेडीयू और भाजपा सरकार की सत्ता की सरपरस्ती में बिहार जो कि ज्ञान, त्याग और तपस्या की भूमि के रूप में जाना जाता था उसे अपराधियों और अराजक तत्वों ने हत्या, बलात्कार और अपहरण के गुंडा-माफिया राज में तब्दील कर दिया है। जगह-जगह हत्या, अपहरण, बलात्कार हो रहे हैं। आज हम आप लोगों के सम्मुख नम आंखों और भरे दिल से हृदयविदारक घटना का जिक्र कर रहे हैं जिससे सबकी रूह कांप जाएगी और एक ऐसी अपराधियों की सत्ता की सरपरस्ती का जिक्र कर रहे हैं जिसके बारे में बात करते हुए सिर शर्म से झुक जाता है। मुजफ्फरपुर जिले में कुढ़नी प्रखंड की 9 साल की दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। हैवानियत की हद तब हो गई जब लड़की के गर्दन को चाकू से रेत दिया गया और फिर उसे ईंट भट्ठे के गड्ढे में फेंक दिया गया। लड़की के शरीर पर 20 जगहों पर चाकू के जख्म के निशान मिले। घटना के बाद बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अस्पताल में जाकर बच्ची से मिलीं और उसकी नाजुक हालत को देखते हुए मुजफ्फरपुर के डीएम से मिलकर ज्ञापन देने के बाद बच्ची को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर करने की अपील की। कांग्रेस पार्टी लगातार बच्ची को एयर लिफ्ट करके दिल्ली एम्स भेजने की अपील कर रही, लेकिन जेडीयू-भाजपा सरकार ने एक न सुनी। उन्होंने कहा कि न मैंने तो केवल उन प्रकरणों का उल्लेख किया है जिनमें पीड़िता की उम्र 2.5 साल से 16 साल के बीच है। इन घटनाओं ने राज्य में महिला बाल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिहार में रोज 8 हत्याएं, 33 अपहरण और 134 से अधिक जघन्य अपराध घटित हो रहे हैं।

# पीएमसीएच की लापरवाही से मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़ित लड़की की मौत : भाई अरूण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद के प्रदेश महासचिव भाई अरूण कुमार, झुग्गी झोपड़ी के प्रदेश प्रधान महासचिव एवं मुजफ्फरपुर निवासी पिंटू राम ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि पीएमसीएच की लापरवाही के कारण, मुजफ्फरपुर के निवासी एक दलित लड़की जिसका बलात्कार अपराधियों ने किया था उसे मुजफ्फरपुर से रेफर कर पटना पीएमसीएच भेजा गया था, परंतु पीएमसीएच में चार घंटे बच्ची एंबुलेंस में ही रही उसे भर्ती करने के लिए जब लोगों का हुजुम पहुंचने के बाद उसे भर्ती किया गया, परंतु इलाज में लापरवाही के कारण बलात्कार पीड़ित बच्ची का निधन हो गया। इन नेताओं ने आरोप लगाया कि बिहार के स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह चौपट हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे बिहार के स्वास्थ्य विभाग को अमल की स्थिति में लाकर खड़ा कर दिए हैं इतनी बड़ी दुर्घटना होने के बाद उस बच्ची को एडमिट करने में 4 से 6 घंटे लगे अगर बच्ची को समय पर एडमिट कर लिया जाता तो शायद बच्ची बच सकती थी, परंतु डॉक्टरों की लापरवाही के कारण बच्ची की जान बचाई नहीं जा सकी। इसके लिए सीधे-सीधे डबल इंजन की सरकार दोषी है।

# अवैध सम्पत्तियों की हवस में लालू प्रसाद का पूरा परिवार बना गुनाहगार : संतोष सुमन

## 'लैंड फॉर जॉब स्कैम' मामले की एफआईआर रद्द करने से इनकार कर कोर्ट ने दिया झटका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि अवैध सम्पत्तियों की हवस में लालू प्रसाद ने अपने पूरे परिवार को गुनाहगार बना दिया है। रेलवे में नौकरी के बदले कई दर्जन युवाओं और उनके परिजनों से रिश्वत के तौर पर एक लाख वर्गफीट से ज्यादा जमीन हड़पने के मामले में विगत दिन दिल्ली हाई कोर्ट ने लालू यादव की एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज कर उन्हें जोरदार झटका दिया है। श्री सुमन ने कहा कि राजद का यह आरोप बिलकुल बेबुनियाद है कि राजनीतिक



प्रतिद्वंद्विता व द्वेष में लालू परिवार को फंसाया और परेशान किया जा रहा है। केंद्र की एनडीए सरकार पर फंसाने का आरोप लगाने की जगह लालू परिवार को केंद्रीय जांच एजेंसियों व कोर्ट को अपनी बेगुनाही का सबूत देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू परिवार पर भ्रष्टाचार का लगा आरोप राजनीतिक नहीं, कानूनी है। लालू परिवार को इसे कानूनी तौर पर ही लड़ना चाहिए। 'लैंड फॉर जॉब स्कैम' के भ्रष्टाचार के मामले से ध्यान भटकाने की राजद की कोई भी कोशिश सफल नहीं होने वाली है। कानून के शिकंजे से बचने के लिए ही राजद केंद्र सरकार को कोस रहा है। श्री सुमन ने कहा कि रेलवे में नौकरी के बदले अपने परिजनों के नाम पर जमीन ले कर लालू यादव ने न केवल अपने पद का दुरुपयोग किया बल्कि आदतन भ्रष्टाचारी होने का प्रमाण भी प्रस्तुत किया है। चारा घोटाले के सजायाफ्ता लालू यादव ने 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में अपने पूरे परिवार को संलिप्त कर लिया है।

# एलन पटना ने दसवीं और बारहवीं के टॉपर्स को किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एलन पटना की ओर से एक नई पहल के तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न विद्यालयों के बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एलन के जोनल हेड व वाइस प्रसीडेंट डॉ. विपिन योगी रहे। उन्होंने छात्रों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एलन की ओर से छात्रों के अभिभावकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही एलन की 37 वर्षों की सफलता यात्रा और एलन के अकादमिक सिस्टम की जानकारी भी दी गई।

# दलित पिछड़ों को न्याय, सुरक्षा, इलाज नसीब नहीं : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 26 मई को मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी में नौ वर्षीय दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म होने और उचित इलाज न मिलने से पीड़िता की मौत पर आक्रोशित बिहार कांग्रेस ने इनकम टैक्स गोलंबर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का पुतला दहन किया।



बिहार प्रदेश कांग्रेस के द्वारा आयोजित इस पुतला दहन और आक्रोश मार्च में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि गैर जिम्मेदार नीतीश-भाजपा सरकार ने सरकारी कुव्यवस्था के कारण दलित नौ वर्षीय दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को मौत के मुंह में धकेल दिया। उन्होंने आगे कहा कि 26 मई को यह घटना हुई और तब से लेकर अब तक कांग्रेस पार्टी लगातार इस मामले को उठाती रही, लेकिन मुजफ्फरपुर डीएम से लेकर पटना एम्स और पटना पीएमसीएच तक के कान में जूं नहीं रेंगा। उन्होंने कहा कि बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए मुजफ्फरपुर के डीएम से मिलकर ज्ञापन देने के बाद बच्ची को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर करने की अपील की और कांग्रेस पार्टी लगातार बच्ची को एयर लिफ्ट करके दिल्ली एम्स भेजने की अपील कर रही थी, लेकिन जेडीयू-भाजपा सरकार ने एक न सुनी। स्वास्थ्य बिगड़ने पर जब पीड़ित बच्ची को पटना लाया गया, तब पहले पटना एम्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बताकर भर्ती नहीं किया गया। फिर उसे पीएमसीएच लाया गया जहां उसे भर्ती नहीं किया गया और पीड़िता 5 घंटे तक एंबुलेंस में ही पड़ी रही। स्वयं मेरे हस्तक्षेप के बाद और घंटों प्रयास के बाद उक्त दलित बच्ची को पीएमसीएच में भर्ती कराया जा सका, लेकिन तब तक उसकी स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी थी।

# पांच सौ लोगों की आंख जांच कर दिया चश्मा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी गोविंदपुर में शिविर लगाया गया जहां आंख जांच कर मुफ्त दवा एवं चश्मा दिया गया। मौके पर उपस्थित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि बख्तियारपुर विधान सभा में यह सतरहवीं शिविर है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा ही संकल्प है कि भावना से हम लोगों को सेवा कर रहे हैं। वहीं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन स्वस्थ्य तन में ही स्वस्थ्य मन निवास करता है। आगे भी इस तरह के और भी शिविर आयोजित किये जायेंगे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार, डॉ अलाउद्दीन, सत्येन्द्र कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार, गोपाल कुमार उपस्थित रहे।

# समर कैम्प में बच्चों को छिपी प्रतिभा को व्यक्त करने का मौका : अमर अग्रवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के सात दिवसीय समर कैम्प का उद्घाटन आज बैंक रोड स्थित दादी मंदिर में सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल, महासचिव अक्षय अग्रवाल, अग्रवाल महिला अध्यक्ष गीता जैन, कला जागरण के अध्यक्ष वरिष्ठ रंगमंच निर्देशक सुमन कुमार, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल एवं सम्मेलन के अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर अमर अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को समर कैम्प द्वारा अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को व्यक्त करने का मौका मिलेगा तथा हस्तशिल्प की ओर बच्चों का रुझान बढ़ेगा। मौके पर सम्मेलन के महासचिव अक्षय अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी पटना के कला जागरण के




सहयोग से यह समर कैम्प बैंक रोड स्थित श्रीदादीजी मंदिर में आयोजित हो रहा है। इस कैम्प में 80 से अधिक छोटे एवं बड़े बच्चे भाग ले रहे हैं। इससे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए अग्रवाल सम्मेलन महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे भी इसमें भाग ले सके। समर कैम्प की शुरुवात गणेश वंदना से की गयी तथा रीना कुमारी ने बच्चों से योग कराया।

**रंगमंच कला का प्रशिक्षण**

मौके पर कला जागरण के अध्यक्ष वरिष्ठ रंगमंच निर्देशक सुमन कुमार ने कहा कि बच्चे समर कैम्प के माध्यम से कम समय में ही अभिनय की बारीकियों को करना सीख सकेंगे। समर कैम्प में बिहार के वरिष्ठ रंगमंच निदेशक सुमन कुमार ने बच्चों को हास्य नाटिका 'ठग ठगे गए' का संवाद बताया साथ हीं बच्चों को रंगमंच से सम्बंधित कला क्या-क्या होती है इसकी जानकारी दी।

# श्री कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज हुआ स्थापित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के तत्वावधान में कमलदह स्थित दिगम्बर जैन मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज स्थापना का दो दिवसीय समारोह पूरे भक्ति एवं श्रद्धा से आज सम्पन्न हुआ। मौके पर मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश ईशान एवं अर्चना जैन तथा स्वर्ण ध्वज संगीता नारायण के सौजन्य से लगाया गया। मौके पर जैन समाज के प्रवीण जैन ने बताया कि जैन मुनि विशल्य सागर जी के सानिध्य में यह कार्यक्रम किया गया। इस पूरे आयोजन को सम्पन्न कराया रायपुर से पधारे विख्यात ज्योतिषचार्य एवं वास्तुविद प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर अजित शास्त्री जी ने।

# राहुल गांधी अब अपनी डूबी हुई छवि को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं : दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 6 जून को बिहार के नालंदा जिले के दौरे को लेकर सियासत गर्मा गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब वह पहली बार बिहार आए थे, तब उन्होंने अंग्रेजों की तरह समाज को बांटने का काम किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अब अपनी डूबी हुई छवि को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। दिलीप जायसवाल ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि बचपन से लेकर पचपन साल की उम्र तक वह एअर कंडीशन से बाहर नहीं निकले जब चुनाव आता है, तभी वह बाहर निकलते हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में



कहा कि राहुल गांधी को अचानक बिहार आने की क्या जरूरत पड़ गई है? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से अब तक करीब 50 बार बिहार का दौरा किया है जबकि राहुल गांधी की उपस्थिति नगण्य रही है। उन्होंने कहा कि एक प्रधानमंत्री इतना व्यस्त कार्यक्रम होने के बावजूद 50 बार बिहार आ सकते हैं, लेकिन राहुल गांधी को बिहार की जनता की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आने से कांग्रेस का कुछ भला नहीं होने वाला है। बिहार में उसकी हालत और भी खराब होने वाली है। दिलीप जायसवाल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी केवल दलित और अति पिछड़ा वर्ग की राजनीति कर रहे हैं जबकि इस वर्ग के हितों की लड़ाई पहले से ही राजद जैसे दल लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा राहुल गांधी का यह एजेंडा बिहार में नहीं चलने वाला है। जनता सब समझ रही है। बता दें कि नालंदा जिले के दौरे के दौरान राहुल गांधी एक विशेष कार्यक्रम में शिरकत करेंगे जो पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज से संबंधित मुद्दों पर केंद्रित है।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति कराएगी आठ जून को 51 जोड़ों का दहेज रहित सामूहिक विवाह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 'एक विवाह ऐसा भी' के 13वें संस्करण के अंतर्गत 8 जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह जानकारी आज मां ब्लड सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में संयोजक कन्हैया अग्रवाल कन्नू ने पत्रकारों को दिया। अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। कन्हैया अग्रवाल(कन्नू) ने बताया कि पटना के महाराणा प्रताप भवन आर्य कुमार रोड में शादी का सभी विधि विधान आयोजित होगा। इसमें वर एवं वधू पक्ष के लोग मौजूद रहेंगे। बारात यहीं से 8 जून को संध्या 4 बजे निकलेगी जिसमें 51 अलग-अलग घोड़े पर 51 दूल्हे राजा बैठेंगे। विवाह हेतु श्रीकृष्ण मेमोरियल में 16 हजार स्क्वायर फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। विवाह में प्रत्येक जोड़े को आवश्यक जरूरी सामान भी दिया जाएगा। शादी के लिये निबंधन हेतु उम्र प्रमाण पत्र लड़के व लड़कियों को देना जरूरी होता है। लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है जिनके पास मैट्रिक का प्रमाणपत्र नहीं होता है। उनको नोटरी से शपथपत्र लेना होता है।

# महर्षि पतंजलि को समर्पित संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'योग के जनक महर्षि पतंजलि स्मृति संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर' का शुभारंभ हुआ। इस शिविर का उद्घाटन डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान तथा महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। शिविर के उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. ओझा ने कहा महर्षि पतंजलि न केवल योगशास्त्र के प्रवर्तक थे, बल्कि उन्होंने आयुर्वेद और संस्कृत व्याकरण के क्षेत्र में भी अतुलनीय योगदान दिया है। उनके योगसूत्र आज भी विश्वभर में योगाभ्यासियों के लिए आदर्श मार्गदर्शक हैं। मुख्यातिथि के रूप में डा उग्रनारायण झा अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय पाटिलपुत्र ने महर्षि पतंजलि के जीवन तथा आदर्श पर प्रकाश डालते हुए अपने मूल्यवान वक्तव्य को रखें। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन सुजाता घोष, संस्कृत शोधार्थी, असम यूनिवर्सिटी, सिलचर द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए महर्षि पतंजलि के बहुआयामी योगदान पर प्रकाश डाला। शिविर में भाग लेने वाले प्रमुख सदस्य – ज्ञानी शारदेय, अमृता और मीणा आर्या ने व्याकरण की महत्ता पर विचार साझा किए और कहा कि पतंजलि की 'महाभाष्य' संस्कृत व्याकरण का शिखर ग्रंथ है जो आज भी भाषा-शास्त्रियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना हुआ है।

# 'तम्बाकू' दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान पटना द्वारा आरोग्य प्रकल्प बोध नशा उन्मूलन कार्यक्रम बुरी संगती से नाता तोड़ो नशे की लत को जल्दी छोड़ो, नशे से यारी मौत की तैयारी इसके साथ पैदल रैली निकाली गई। मीडिया प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि यह रैली दिव्य ज्योति नगर, खैराटाली, आश्रम रोड, तुलसी चौक, पिपरा होते हुए रोड से कार्यक्रम स्थल पहुंची।




प्रत्येक वर्ष की 31 मई को विश्व तम्बाकू दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य समाज में तम्बाकू के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस रैली को निकालने का मुख्य उद्देश्य लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना और उन्हें इसके सेवन से बचने के लिए प्रेरित करना है। तम्बाकू के सेवन से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं जिनमें से कुछ प्रमुख हैं-फेफड़ों का कैंसर तम्बाकू के धुएं में कई जहरीले रसायन होते हैं जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। तम्बाकू के सेवन से आपका हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है जिससे दिल का दौरा पड़ सकता है। मुंह का कैंसर तम्बाकू के सेवन से मुंह के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। नशा को छोड़ते हैं तो व्यक्ति जीवन में सुख समृद्धि के साथ परिवार, समाज, देश भी सुरक्षित हो जाएगा। तम्बाकू छोड़ने से स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और कई बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। आयु में वृद्धि- तम्बाकू छोड़ने से आयु में वृद्धि हो सकती है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। विश्व तम्बाकू दिवस एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। तम्बाकू छोड़ने से कई फायदे हो सकते हैं और स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा नशे उन्मूलन कार्यक्रम पूरे देश में बोध प्रकल्प के नाम से यह अभियान चला रहा है और आज विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर रैली के द्वारा तम्बाकू सेवन से बचने के लिए दूसरों को भी प्रेरित किया गया है।

# लालू परिवार में सिर्फ सोशल मीडिया के सहारे किया जा रहा ड्रामा : अभिषेक झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अपने प्रेम प्रसंग को लेकर विवादों में घिरे पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जदयू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने तेज प्रताप के पोस्ट को 'पारिवारिक और पॉलिटिकल नौटंकी' करार दिया है। उन्होंने कहा कि राजद में हर दिन एक नया अध्याय जुड़ रहा है और इस पूरे मामले में जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।अभिषेक झा ने तेज प्रताप यादव के उस बयान को लेकर भी सवाल खड़े किए जिसमें उन्होंने 'जयचंद' शब्द का इस्तेमाल किया। अभिषेक झा ने पूछा कि आखिर ये जयचंद कौन है? क्या वे लोग हैं जो खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं और तेज प्रताप को रास्ते से हटाना चाहते हैं। उन्होंने राजद पर तंज कसते हुए कहा कि अगर पार्टी के किसी नेता को निकाला जाता है तो उसका लिखित आदेश सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

# मिली सौगातों से बिहार की होगी प्रगति : अजय सिंह कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** रोहतास जिला जदयू के सासाराम कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने प्रेसवार्ता की। प्रेस वार्ता में मीडिया के साथ बात करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि विगत 30 मई को बिक्रमगंज के दुर्गाडीह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में संपन्न एनडीए का सम्मेलन भव्य रूप में सफल हुआ। शाहाबाद के कोने-कोने से आए लोगों ने मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री के व्याख्यानों को सुना और बिहार के विकास के लिए इन दोनों युगपुरुषों की प्रतिबद्धता को समझा। कार्यक्रम के माध्यम से बिहार को जो सौगातें मिली वह पूरे प्रदेश को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करेगी और इन दोनों महापुरुषों के किए गए योगदान और कार्यों के आधार पर बिहार संपन्नता तथा विकास की नयी ऊंचाइयों को छूएगा। विगत सरकारों द्वारा बिहार को जो अंधकार के गर्त में धकेला गया था, बिहार के लोगों का जो गौरव हनन हुआ था, बिहार की संपन्नता और वैभव पर जो आघात हुआ था उसे संभाल कर एक नये बिहार का निर्माण करने की क्षमता केवल इन्हीं दोनों महापुरुषों में है। आज बिहार की जो तेजी से तस्वीर बदल रही है। जो दिन प्रतिदिन विकास के नये अध्याय लिखे जा रहे हैं वह एनडीए की सरकार के बदौलत ही है जिसका नेतृत्व केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। अगर बिहार की जनता इन दोनों महापुरुषों के विचारों तथा कार्यों में अपना आस्था और विश्वास प्रकट करती रही तो अगली सरकार भी एनडीए की ही बिहार में बनेगी और प्रदेश एक विकसित प्रदेश के रूप में हमारे देश के प्रदेशों की श्रृंखला में प्रथम पंक्ति में खड़ा होगा। 30 मई के कार्यक्रम के विरोध में विपक्ष के लोगों द्वारा जो मिथ्या और अनर्गल प्रचार-प्रसार किया जा रहा है वह केवल उनके निराशा और हताशा को दर्शा रहा है। इस प्रेसवार्ता में रोहतास जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज पटेल, मीडिया सेल के जिलाध्यक्ष शशि कुशवाहा तथा विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उपेंद्र पटेल को सम्मानित करते हुए उन्हें पार्टी के सदस्यों से परिचय कराते हुए नीतीश कुमार के विचारों को प्रसारित करने का सन्देश दिया गया। इनके अलावे प्रेसवार्ता में अलख निरंजन, धनंजय पटेल, असलम अंसारी, राजेश पाटीदार, रेणु कुशवाहा, वीरेंद्र गोंड, अजय महतो, रजनीश पटेल, गुड्डू पटेल तथा राजू सिन्हा सहित पार्टी के अनेक सदस्यों की भी उपस्थिति रही।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूली छात्रों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूली छात्रों को किया जागरूक नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा रोहतास जिले के उत्क्रमित गोवर्धनपुर उच्च विद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया गया। इस वर्ष के थीम 'अपील का पर्दाफाश : तंबाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योगों की रणनीति को उजागर करना' विषय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान पोस्टर प्रस्तुतिकरण, क्विज प्रतियोगिता एवं व्याख्यान के माध्यम से विद्यालय में पढ़ने वाले युवा छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से बताया गया कि तंबाकू और निकोटिन उद्योगों द्वारा अपने हानिकारक उत्पादों को विशेष रूप से युवाओं को आकर्षित करने के लिए जो रणनीति बनाई गई है उस पर सावधान रहें। शनिवार प्रात 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कक्षा 9 एवं 10 के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने तंबाकू के खतरों को उजागर करने और उद्योग की भ्रामक रणनीतियों को सामने लाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं नारायण मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग का सहयोग रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व कम्युनिटी मेडिसिन के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर नीपेंद्र आनंद ने किया। कार्यक्रम में विभाग के अन्य चिकित्सक डॉ राहुल चंद्रा, डॉक्टर श्वेता सुमन, डॉक्टर भारत और डॉक्टर एन के जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, टीवी एवं अन्य फेफड़ों को बीमारियों का प्रति जागरूक करना था।

# दवा खरीदने जा रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** पति के लिए दामाद के साथ बाइक से मोहनियां बाजार में रविवार की शाम दवा व फल खरीदने के लिए मोटरसाइकिल से जा रही एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान मोहनियां थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव के बनवारी बिंद की 55 वर्षीय पत्नी जानकी देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जैसे ही महिला दामाद के साथ बाइक पर दादर गांव के पास पहुंची पीछे से तेज रफ्तार में आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। स्कार्पियो की टक्कर से महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनियां ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# नव संकल्प महासभा में हजारों लोग होंगे शामिल : राजीव रंजन सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** लोजपा (आर) के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के नेतृत्व में 8 जून को पार्टी के नव संकल्प महासभा में हजारों लोग रमना मैदान आरा में होंगे शामिल। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा में 8 जून को पूरे रोहतास जिला सहित डिहरी विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिला- पुरुष आरा के रमना मैदान में शामिल होंगे जिसके लिए लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता



व डिहरी विधानसभा के जाने-माने समाजसेवी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह पूरी तैयारी में लग गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे रोहतास जिले से 8 जून रविवार को सुबह में छोटे-बड़े कई वाहनों से हजारों लोग आरा के रमना मैदान में शामिल होने जाएंगे। सोनू सिंह ने पूरे रोहतास जिलावासियों, अभिभावकों, युवा साथियों, नौजवानों, माताओं-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में नव संकल्प महासभा में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस नव संकल्प महासभा में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान महासभा को संबोधित करेंगे।

# नारकोटिक्स मामले का अभियुक्त धराया, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के पूर्व के नारकोटिक्स मामले के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि एनडीपीएस मामले में कुदरा थाना कांड संख्या 217/25 वांछित अभियुक्त सोनहन थाना के मिरियां गांव के पिंटू साह पिता छोटेलाल साह को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय भेज दिया गया।

# अनियंत्रित वाहन ने युवक को रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के पुसौली पेट्रोल पंप के पास फोरलेन सड़क पर रविवार को अनियंत्रित अज्ञात ट्रक ने युवक को रौंद दिया। घटना में युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। युवक होमगार्ड की बहाली की तैयारी के लिए सड़क के किनारे दौड़ रहा था। परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। हालांकि रोने की खबर मिलते ही आसपास के लिए पीड़ित के घर पहुंचकर लोगों को ढांढस बंधा रहे थे। लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक 23 वर्षीय विकास कुमार पिता गायत्री पासवान मोहनियां थाना के भठ्ठी गांव का निवासी था। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर भाग गया। आसपास लोगों की सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। बताया जाता है कि विकास कुमार होमगार्ड में भर्ती के लिए प्रत्येक दिन दौड़ लगाता था। उसे पूरा विश्वास था कि वह होमगार्ड की नौकरी में सफलता हासिल कर लेगा।

# बिहार को एक और बड़ा तोहफा गयाजी और अयोध्या के बीच चलेगी नमो भारत रैपिट ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पुलिस पब्लिक हेल्प लाइन के सदस्य जावेद अख्तर, कुण्डल सिंह ने बताया कि इस ट्रेन के चलने पर यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। 408 कि0मी0 की दूरी तय करने वाली ट्रेन पर्यावरण अनुकूलित होगी। इसका किराया लगभग 500 रू. होगा। रेल सूत्रों के अनुसार नमो भारत रैपिट ट्रेन सप्ताह में 6 दिन (रविवार को छोड़ कर) चलेगी। गयाजी जंक्शन से सुबह 5 बजे प्रस्थान करेगी और ग्याह बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी और वापसी की यात्रा शाम 5 बजे अयोध्या से शुरू होकर रात्रि 11 बजे गयाजी पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 16 वातानुकूलित कोच होगा जिसमें यात्रियों की सुविधा एवं आराम होगी। यह ट्रेन गयाजी से चलकर रफीगंज, सासाराम, डी0डी0यू0 उपाध्याय जक्शन, काशी, वाराणसी जक्शन जौनपुर जक्शन, शाहगंज, अकबरपुर और गोसाईगंज आदि स्टेशनों पर रुकते हुए अयोध्याजी पहुंचेगी। पुलिस पब्लिक हेल्प लाइन के लोगों ने इस ट्रेन के चलने पर काफी खुशी जाहीर की है। पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के सदस्य कुण्डल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर गाड़ी सं0-12259/12260 सियाल्दाहा बिकानेर दुरन्ती एक्सप्रेस एवं 12301/12302 हावड़ा नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव और सासाराम आरा रेल लाइन दोहरी करण एवं सासाराम जक्शन को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की मांग की। मांग करने वालों में कुण्डल सिंह, जावेद अख्तर, प्रवीण कुमार वर्मा, नवल किशोर, सपना कुमारी, प्रियंका पाण्डेय, सालू सिंह, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, दीप रानी, युगल किशोर, नगमा बानों, छोटी कुमारी, पायल कुमारी, साक्षी कुमारी, सृष्टि कुमारी, खुशी गुप्ता, धन्नजय कुमार मेहता, लोकेश तिवारी, डी0डी0 यादव, रमेश पाण्डेय, आदित्य उपाध्याय आदि शामिल हैं।

# इओ व उप मुख्य पार्षद में ठनी, पुलिस करेगी जांच

## नाले की सफाई के दौरान तूल पकड़ा मामला, दोनों पक्षों ने की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** कार्यपालक अभियंता व उप मुख्य पार्षद में ठन गया है जिसकी जांच कुदरा पुलिस करेगी। मामला शहर के नगर पंचायत कार्यालय के समीप नाला सफाई के दौरान शनिवार की रात कार्यपालक पदाधिकारी इओ उजाली राज व उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह के बीच गाली-गलौज का है। इओ ने थाने में आवेदन देकर उप मुख्य पार्षद के पति व देवर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने व शारीरिक क्षति पहुंचाने का प्रयास करने की प्रथामिकी दर्ज कराई है। मामले में उप मुख्य पार्षद ने भी ईओ के खिलाफ गाली-गलौज व धमकी देने का आवेदन दी है। दोनों के बीच नगर पंचायत में योजनाओं व कार्यों को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। इओ ने थाना में दिये आवेदन में कहीं कि नाला सफाई के दौरान उप मुख्य पार्षद के पति मिथिलेश कुमार सिंह व धनंजय कुमार सिंह पहुंच कर मौके पर कनीय अभियंता शुभम प्रकाश व जेसीबी चालक अजय कुमार व मजदूरों का सफाई कार्य रोकवा दिया। उन्होंने अभद्रता से धमकी दी और हाथ उठाकर मारने व शारीरिक क्षति पहुंचाने की कोशिश की। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बीच बचाव किया जिसके बाद वे उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह को बुलाये। मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता शुभम प्रकाश से भी दुर्व्यवहार किया गया जिसका आवेदन भी दिया गया है। फिर थाना के आने के बाद मामला शांत हुआ जबकि उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह ने थाने में दिए आवेदन में कहीं हैं कि पति की सूचना पर मैं उक्त स्थान पहुंची तो मैंने पूछा कि नाला की सफाई बिना मुझे सूचना दिए व बिना प्राक्कलन राशि के स्वीकृति के हो रहा है। इस पर इओ मेरे पति के साथ गाली-गलौज व जेल में डालने की धमकी दी। मौके पर उपस्थित बुजुर्गों का भी अपमान किया। मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता शुभम प्रकाश ने भी सबक सिखाने की धमकी दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इओ द्वारा उप मुख्य पार्षद के पति पर प्राथमिकी कराई गई है जिसकी पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि उप मुख्य पार्षद के आवेदन पर प्राथमिकी नहीं किया गया है।

### नगर पंचायत में अनियमितता को लेकर एक माह चला था अनिश्चिकालीन धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत के इओ उजाली राज व उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा है। नगर पंचायत के योजनाओं में अनियमितता को लेकर उप मुख्य पार्षद व अन्य पार्षदों ने एक माह अनिश्चितकालीन धरना दिया था। पार्षदों ने आरोप लगाया था कि नगर पंचायत के सामग्री की खरीदारी में भारी लूट हुई है और योजनाओं में पारदर्शिता नहीं हो रही है। एसडीएम राकेश कुमार के समझाने व जांच के आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त हुआ था।

# घरों में आतंक मचाने वाले बंदरों को वन विभाग ने पकड़ा

## बंदरों के आतंक से कुदरावासी थे परेशान, वन विभाग से लगाई थी गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** बंदरों के आतंक से परेशान कुदरावासी को रविवार बड़ी राहत मिली है। वन विभाग की पहुंची टीम ने 14 बंदरों को पकड़ लिया। लोगों ने इसकी शिकायत जिला वन विभाग के पदाधिकारी से की थी। हालांकि 'नवबिहार टाइम्स' में बंदरों का आतंक, ग्रामीण परेशान नामक शीर्षक के खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। डीएफओ ने बंदरों को पकड़ने के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया। वन विभाग के बाबू लाल राम के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम सुबह साढ़े छह बजे कुदरा पहुंची जहां वार्ड नम्बर सात में स्थित उच्च माध्यमिक सह कन्या मध्य विद्यालय जहानाबाद परिसर में स्थित पेड़ों पर बैठे बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की। टीम के सदस्यों ने पिंजरा व आसपास केला व चना रख कर बंदरों को पकड़ना शुरू किया। बंदरों को पकड़ने में स्थानीय लोगों ने भी टीम के सदस्यों की मदद की। काफी प्रयास के बाद टीम ने ग्रामीणों की मदद से चौदह बंदर पकड़ने में कामयाबी हासिल की। बंदरों को पकड़ने का अभियान सुबह साढ़े छह बजे से दोपहर दो बजे तक चलता रहा। बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग से शिकायत करने वाले स्कूल के हेडमास्टर कुमार अनिल सिंह, लोजपा के जिलाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता व कांग्रेस के भभुआ विधानसभा प्रभारी अभिनव कुमार सिंह ने बताया कि अभी काफी संख्या में बंदर हैं, वन विभाग की टीम को शेष बंदरों को भी पकड़ने के लिए कहा गया है। टीम में बाबू लाल राम के अलावे विजयमल राम, विक्की शर्मा व सन्नी कुमार थे। नेतृत्वकर्ता ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। शहर के वार्ड नम्बर सात में स्थित उच्च माध्यमिक सह कन्या मध्य विद्यालय जहानाबाद के आधा दर्जन छात्र-छात्राओं को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया था जिसका इलाज पीएचसी व निजी अस्पताल में कराया गया। हाल में हीं स्कूल के दसवीं कक्षा की छात्रा अर्चना राज को काट कर घायल कर दिया था। बंदरों के आतंक से स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाएं भी काफी परेशान थीं। मुहल्ले में बंदरों के आतंक के चलते लोग बच्चों को छत पर नहीं जाने देते हैं।

# तीन शराबी समेत नौ धराए, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर तीन शराबी समेत नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ के बाद रविवार को जेल भेज दिया गया। करमचट थाना पुलिस ने छापेमारी कर बहेरी गांव के दो वारंटियों बीरबल राम पिता चिरकूट राम व सनमुख राम पिता स्व. सिरपति राम को गिरफ्तार कर लिया जबकि शराब के सेवन में बिच्छी बांध के अभियुक्त जितेंद्र सिंह उर्फ कलेन्दर सिंह पिता बब्बन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। मोहनियां थानान्तर्गत शराब सेवन में भोटकपुर गांव के रवि शर्मा व स्टूवरगंज के नेहाल साह पिता महरूम को गिरफ्तार कर लिया जबकि बेलौरी गांव निवासी वारंटी सैय्यद मीर इरशाद पिता समीर अकबर को गिरफ्तार कर लिया जबकि भभुआ थानान्तर्गत तीन वारंटियों सिवों गांव के जीतन बिंद पिता शिवधार बिंद, बेतरी के श्रीराम बिंद पिता विरोधी बिंद तथा दर्जिकला के अलगू बिंद पिता लल्लू बिंद को गिरफ्तार कर भभुआ न्यायालय भेज दिया।

# स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी : रमेश चंद्र चौबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** राजपुर प्रखंड के मंगरवालिया खेल मैदान में आयोजित नाइट क्रिकेट मैच में बतौर मुख्य अतिथि बिहार स्टेट को ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष सह दी सासाराम भभुआ सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल जरूरी है। उन्होंने कहा हो सकता है इन्हीं में से कोई अच्छा खेल कर क्षेत्र का नाम पूरे देश में करें इसलिए इस तरह का खेल आयोजन होते रहना चाहिए। वही नोखा पश्चिमी जिला परिषद कृष्ण मुरारी मिश्रा उर्फ मेलू मिश्रा ने कहा कि खेल के आयोजन करने से प्रतिभावान खिलाड़ियों का प्रतिभा निखरती है और आपसी प्रेम भी बढ़ता है। राजपुर प्रखंड प्रमुख कुंती देवी ने कहा कि खेल को खेल के ही भावना से खेलना चाहिए और खेल का आयोजन इसी तरह प्रखंड में होते रहना चाहिए। राजपुर जिला परिषद रेशमा कुमारी ने कहा कि क्या पता ऐसे ही आयोजन से कोई फिर बिहार से वैभव सूर्यवंशी जैसा खिलाड़ी मिल जाए। कार्यक्रम में पहला मैच काशीपुरी बनाम सखारा के बीच खेला गया। अध्यक्षता मांगरवालिया पैक्स अध्यक्ष सोनू दुबे ने किया। मौके पर राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि आलोक कुमार राय, रोहित कुमार, राहुल कुमार, शिवम दुबे, बलिगांव पंचायत के मुखिया ब्रजेश सिंह, सरपंच मिथिलेश राय, मुखिया इंद्रजीत राय, ओमकार तिवारी, चन्दन कुमार, अनीश कुमार, मोबिन, मो. अरमान, अविनाश सिंह एवं अन्य मौजूद रहे।

# बिहार नेवल यूनिट के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-4 का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार नेवल यूनिट एनसीसी द्वारा राजेंद्रनगर स्थित एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय में सीएटीसी-4 कैंप का शुभारंभ पूरे जोश और उत्साह के साथ किया गया। कैंप कमांडेंट, कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता द्वारा किये गए निरीक्षण के उपरांत विधिवत रूप से इस कैंप का उद्घाटन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 10 जुलाई 2025 तक होना निर्धारित है। इस प्रशिक्षण शिविर में पटना एवं अन्य जिलों के विभिन्न विद्यालयों / महाविद्यालयों से आये 500 से अधिक एसडी/एस डब्लू एवं जेडी/जेडब्लू कैडेट्स दस दिनों तक प्रशिक्षण लेंगे। इस अवसर पर कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने उपस्थित कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का सन्देश दिया। इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को परेड गठन - समन्वय, हथियार प्रशिक्षण, आग से बचाव की कला, तैराकी, बोट पुलिंग, शिप मॉडलिंग, नेवल ओरिएंटेशन इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुआई में चला हर घर झंडा कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिला अधौरा प्रखंड अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राधे श्याम सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में हर घर झंडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस क्रम में अधौरा प्रखंड के दर्जनों गांव में भ्रमण कर हर-घर में झंडा को लहराया गया। अधौरा प्रखंड के खामकला, दिघार, डुमरकोन, सीकरी, सिकरवार, गडके, कोल्हूआ आदि गांव में हर घर झंडा कांग्रेस पार्टी के लहराया गया जिसके दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा माई बहन योजना को विस्तृत रूप से बताया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के नीतियों को बताते हुए कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो माई बहन मान्य योजना के तहत ढाई




हजार रुपया प्रत्येक महिलाओं के खाता में दिया जाएगा जिसके तहत महिला एवं पुरुष को जागृत करते हुए झंडा कार्यक्रम को सफल बनाया गया। साथ ही माई बहन का स्टीकर काट कर हर घर महिला को दिया गया। इस मौके पर महिला सेल के जिला अध्यक्ष नीतू कुमारी, अभिषेक सिंह उर्फ चंचल सिंह, सदर प्रखंड अध्यक्ष हरीश कुमार, जिला के वरिष्ठ नेता रोजा फारुकी, मनन हुसैन, यूथ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार, महिला नेत्री सुनीता देवी ,स्थानीय कार्यकर्ता शंभू यादव, बिजेंदर यादव ,जमुना सिंह, रामनारायण सिंह, बहादुर मुखिया, अभिलाष ठाकुर, आदि लोग उपस्थित रहे। कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार चलता रहेगा। पार्टी के जमीनी स्तर पर उतरना संगठन को मजबूत करना मेरा प्रथम प्राथमिकता है। वहीं दूसरी ओर सिकरवार गांव में ग्रामीणों के उपस्थिति में चौपाल का आयोजन किया गया जहां पर वक्ताओं ने बिहार सरकार के नाकामियों को बताते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूर्व के दिनों में किए कार्यों को बताए। लोगों ने कहा कि बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार के शासनकाल में पर्याप्त भ्रष्टाचार लूट मची हुई है। महंगाई चरम सीमा पर है आज जो भी दिख रहा है कांग्रेस शासनकालों का कार्य जो मिसाल के तौर पर दिख रहा है।

# धूम्रपान निषेध दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी का जनजागरूकता कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी द्वारा द इंडियन पब्लिक स्कूल, बेलवरगंज के प्रांगण में धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों तथा स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में रोटरी पटना सिटी के सदस्यों ने सांकेतिक रूप से तंबाकू को जला कर उसे ना प्रयोग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब चेयरमैन राजेश वल्लभ ने कहा धूम्रपान सिर्फ व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, समाज के लिए भी घातक है। युवा पीढ़ी को जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। ताकि वे नशे की इस बुरी लत से दूर रहें और एक स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर प्रीत ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा धूम्रपान से होने वाली बीमारियां केवल आंकड़े नहीं, बल्कि असमय खोए हुए जीवन हैं।

# मनरेगा की योजनाएं बन रहीं किसानों के लिए वरदान : श्रवण कुमार

**नव बहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय प्रखंड के ककड़िया गांव (मेयार पंचायत) में रविवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मनरेगा योजना अंतर्गत 26 लाख 40 हजार रुपये की लागत से नाली निर्माण, पुल निर्माण, मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधान पार्षद रीना यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



मंत्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा आज गांवों और किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से गांवों में नली-गली, पीसीसी सड़कों का निर्माण, खेतों में मिट्टी भराई, पुल-पुलिया जैसे कार्य हो रहे हैं, जिससे न सिर्फ किसानों को फसल ढोने में सुविधा हो रही है, बल्कि स्थानीय मजदूरों को भी रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हर जरूरतमंद गरीब को पक्का मकान दिया जाएगा। जिनके पास ज़मीन नहीं है, उन्हें सरकार ज़मीन खरीदने के लिए राशि उपलब्ध करा रही है। साथ ही जीविका के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। जीविका दीदियों द्वारा संचालित रसोई योजना आज अस्पतालों और प्रखंड कार्यालयों में सफलतापूर्वक चल रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।

इस अवसर पर विधान पार्षद रीना यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के कारण आज महिलाएं मुखिया, पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष जैसे पदों पर सफलता के साथ कार्य कर रही हैं। यह मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं को दिए गए आरक्षण का परिणाम है।

कार्यक्रम में जदयू के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद, प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव, प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार निराला उर्फ सोनीलाल, पूर्व प्रमुख राकेश कुमार, जदयू युवा नेता बंटी यादव, अभिमन्यु यादव, विक्की कुमार, मिथिलेश पासवान, शैलेन्द्र चौहान, रवि कुमार, कला-संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अमन कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, कार्यकर्ता एवं जदयू नेता उपस्थित रहे।

मंत्री श्रवण कुमार ने हरनौत के जदयू नेता अनिल सिंह उर्फ विधायक जी के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# सरकारी नौकरी की जगह स्वरोजगार को दें प्राथमिकता : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आज बिहार शरीफ के आईएमए हाल में भारतीय युवा मोर्चा नालंदा जिला अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने युवाओं से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वरोजगार को बढ़ावा देते हुए कहा कि देश में अधिकतर लोग सरकारी नौकरी को ही रोजगार समझते हैं जबकि अन्य क्षेत्रों में रोजगार की कोई कमी नहीं है। आप सभी देश का भविष्य हैं,आप नौकरी देने वाला बने, नौकरी ढूंढने वाला नहीं। उन्होंने केंद्र सरकार के अनेकों योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा युवाओं के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है उसका लाभ लेकर आप स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने युवाओं की समस्या लोगों से लिखकर मांगी और कहा कि अपने कार्यालय आपके साथ बैठकर आपकी समस्याओं का समाधान ढूंढूंगा और संबंधित विभाग के द्वारा आपकी समस्याओं का समाधान निश्चित रुप से करवाऊंगा। अपने विधानसभा की समस्त जनता की समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता है। मंच का संचालन युवा भाजपा नेता सोनू कुमार हिंदू द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह, अरविंद पटेल, जिला महामंत्री रीना कुमारी, जिला मंत्री डॉ आशुतोष कुमार, जिला मीडिया सह प्रभारी सह निवर्तमान बिहार शरीफ महानगर अध्यक्ष अमरेश कुमार, अनुग्रह नारायण, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, मणिकांत पासवान, ललन कुमार पासवान, नगर अध्यक्ष धनंजय कुमार, अविनाश कुमार, अमित शान सिंह, नीरज कुमार डब्ल्यू, गोपाल चौरसिया, विपीन कुमार, संजय मुखिया, राजू माहुरी , गोपाल कुमार, राजीव कुमार, मनष्वी शर्मा, भेषनाथ प्रसाद, सन्नी कुमार, प्रशांत भदानी, पंचम सिंह हिंदू, अविनाश जीत, रजनीश कुमार, राहुल कुमार मेहता, मुकेश कुमार, संजीत कुमार,अनोज कुमार, सूरज कुमार, रेणु सिंह, खूश्बू देवी सहित बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।

# मजदूर की करंट लगने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** झुला खोल रहे मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना सिलाव थाना के खोजागाछी गांव की है। थाना प्रभारी मो. इरफान ने बताया कि एक सप्ताह पहले खोजागाछी में रामचरित मानस कथा का आयोजन किया गया था। इसी अवसर पर झुला लगाया गया था। कथा 28 मई को हीं समाप्त हो गया। आज मजदूर झुला खोल रहे थे। झुला का एंगल 11 हजार लाइन के संपर्क में आ जाने से मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन कुमार उर्फ मोहन उम्र 30 वर्ष पिता रामदेव प्रसाद ग्राम कैला थाना अस्थावां जिला नालन्दा के रूप में हुई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# हत्या मामले का 36 घंटे के भीतर पुलिस ने किया उद्भेदन

## पत्नी व प्रेमी ने मिलकर की थी हत्या, दोनों गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मथुरापुर में 30 मई की सुबह करीब पेंटर ठेकेदार सिकंदर राम की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने 36 घंटे के भीतर उद्भेदन कर लिया है। पुलिस जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग का निकला। मृतक की पत्नी जुली देवी और उसके पूर्व प्रेमी जैकी राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मृतक की पत्नी और जैकी राम पुराने प्रेमी थे। हाल ही में जैकी राम के दिल्ली से लौटने के बाद दोनों के बीच फिर से नजदीकियां शुरू हो गई थी। इस बीच सिकंदर राम को रास्ते का रोड़ा मानकर दोनों ने उसकी हत्या की साजिश रची। 30 मई को जैकी राम ने अपने एक सहयोगी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर मथुरापुर के पास सिकंदर राम को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया, जिसने मानवीय, तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त किया गया है।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शनिवार को संध्या गस्ती के क्रम में चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को थरथरी पुलिस ने किया गिरफ्तार। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि थरथरी नूरसराय सड़क पर पुलिस वाहन को देखकर दो बाइक सवार तेजी से भागने की कोशिश करने लगे। जिन्हें पुलिस ने खदेडकर बाइक सहित दोनों को धर दबोचा। पुलिस ने बाइक की जांच के दौरान कागजात की मांगी तो कागज देने से इनकार कर गये। एप की माध्यम से जांच की गई गाड़ी बेगुसराय की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों की पहचान नूरसराय बाजार के सुधीर प्रसाद के पुत्र सूरज कुमार एवं श्रवण पासवान के पुत्र छोटू कुमार के रूप में किया गया है। दोनों युवकों को न्यायालय को सुपूर्द कर दिया जाएगा।

# महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीण विकास मंत्री ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत परतो करहरी गांव में शनिवार को जीविका द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।



सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के कारण आज बिहार की महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से जीविका की शुरुआत की गई थी। वर्तमान में राज्य में 10 लाख 36 हजार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ 35 लाख परिवार इससे जुड़ चुके हैं, जो पूरे देश में एक मिसाल है। मंत्री ने कहा कि पहले महिलाएं घर की चारदीवारी में सिमटी रहती थीं, लेकिन आज वे घर से निकलकर हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना और बालिका पोषाक योजना जैसे कदमों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया।

मंत्री ने हाल ही में लिए गए दो महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी– पहला, जीविका निधि के रूप में एक अलग सहकारी बैंक की स्थापना; और दूसरा, सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों की साफ-सफाई का कार्य जीविका दीदियों को सौंपा जाना। इससे जीविका दीदियों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि बिहार पहला राज्य है, जहां जीविका समूहों का अपना बैंक है, जिससे दीदियों को वित्तीय सहायता के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नौकरी एवं पंचायत चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देने से उनका प्रतिनिधित्व बढ़ा है, और शराबबंदी जैसे बड़े निर्णयों में भी महिलाओं की भूमिका अहम रही है। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न योजनाओं से मिले लाभों की चर्चा की।

इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरि ने बताया कि जिले के 1510 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन होना है, जिनमें से 1122 में सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हो चुका है। कार्यक्रम का संचालन जीविका के सामाजिक विकास प्रबंधक संतोष कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डीआरडीए निदेशक धीरज कुमार ने किया। मौके पर रजौली के एसडीओ स्वतंत्र कुमार सुमन, अकबरपुर की बीडीओ गीता, मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक आनंद, जीविका के संचार प्रबंधक राजीव रंजन, एसजेवाई नोडल मंजीत कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियां, कैडर और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हिलसा में विधायक ने दिलाई दर्जनों लोगों को जदयू की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने रविवार को अपने स्टेशन रोड स्थित आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित कर तीन दर्जन से अधिक लोगों को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता दिलाई। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चौतरफा विकास हो रहा है। उन्होंने राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, चंडी में इंजीनियरिंग कॉलेज, हिलसा में आईटीआई कॉलेज, हिलसा और एकंरसराय में पश्चिमी बाईपास जैसी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में भी अब शहरी सुविधाएं मिल रही हैं। सदस्यता लेने वालों को माला और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जदयू नगर अध्यक्ष ललन प्रसाद ने किया, जबकि प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर जदयू नेता पवन कुमार संतोष, गुड्डू रंगीला और मनोज रायफल ने बताया कि सदस्यता लेने वालों में अधिकांश लोग मुस्लिम और महादलित समुदाय से हैं, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को लाभ मिलेगा। पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद जहांगीर ने भी दर्जनों समर्थकों के साथ जदयू की सदस्यता ली।



सदस्यता लेने वालों में मो. जाफर इमाम, मो. शकील, मो. मुस्ताक अहमद, मो. मुनुल्दीन, मो. मोजीम उदीन, मो. असलम, मो. समीद, मो. इम्तियाज आलम, मो. सदाम, मो. महमूद, मो. बबलू, मो. वसीम, मो. शहनवाज, मो. सफरीज आलम, राहुल रविदास, पवन दास, धर्मेंद्र कुमार, संतोष रविदास, धर्मवीर कुमार, मिंटू कुमार, विनोद कुमार, गोलू कुमार, रितल रविदास समेत कई लोग शामिल रहे।

# किसान रासायनिक खाद का उपयोग करें कम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** ई किसान भवन रजौली में शारदीय खरीफ महाअभियान 2025 के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ संजीव कुमार झा, सीओ मो गुफरान मजहरी, बीएओ और प्रखंड प्रमुख ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। ई किसान भवन में उपस्थित दर्जनों किसानों को बताया गया कि मिट्टी की गिरती उर्वरा शक्ति पर चिंता जताते हुए रासायनिक खाद के अत्यधिक प्रयोग करने से होने वाले नुकसान और जैविक खाद के उपयोग के लाभों पर जोर दिया गया। किसानों को सतर्क किया कि रासायनिक खेती के कारण फसल में गंभीर बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। धीरे-धीरे रासायनिक खाद का उपयोग कम करें और खाद के रूप में गाय का गोबर का प्रयोग करें। जिससे फसल में बीमारी होने की संभावना नहीं बनेगी। गाय के गोबर के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई एवं उसके लाभ के बारे में बताया गया। आने वाले दिनों में वितरित किए जाने वाले विभिन्न बीजों से लाभान्वित होने की भी जानकारी दी गई। किसानों से कहा गया कि किसान फार्म रजिस्ट्री जरूर करें। अगर फार्मर रजिस्ट्री नहीं करेंगे तो उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा और वे सरकारी लाभ लेने से वंचित हो जाएंगे। इसलिए सभी किसान फार्म रजिस्ट्री जरूर करें। मौके पर प्रभारी बीएओ धनंजय कुमार, नवनियुक्त बीएओ चंदन बागची, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार रंजन, सहायक तकनीकी प्रबंधक अंशिका, पूजा कुमारी, प्रखंड समन्वयक राजेश रंजन, गणेश शंकर, रामाशंकर, रणधीर राम, नरेंद्र पाल, शंभू कुमार, किसान सलाहकार विजय प्रसाद, राजीव कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, गोपाल कृष्ण, किसानों रामरतन गिरी, मिश्री यादव, मनोज यादव, रामबालक यादव, बालेश्वर यादव, लखन यादव के साथ दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# किराना दुकान में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के वारिसलीगंज रोड में एक किराना दुकान में आग लग जाने का दुकान का सामान जल गया। मुकेश किराना दुकान में आग लगी। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम को दुकानदार ने दुकान बंद की। इस बीच उसने अगरबत्ती जलाई थी, जिसे बुझाया नहीं। इसी से दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं निकलते देख लोगों ने हल्ला करना शुरू किया। दुकानदार को तुरंत फोन कर बुलाया गया। इसके बाद आस पास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका।

# जीआईपी में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** जीआईपी पब्लिक स्कूल पकरीबरावां में रविवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में अभिभावकों से बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर विचार विमर्श किया गया। अभिभावकों ने बच्चों में अंग्रेजी बोलने की क्षमता का विकास करने के प्रति ध्यान देने का अनुरोध विद्यालय प्रबंधन से की है। विद्यालय के प्राचार्य दीप राय ने बताया कि नए सत्र में विद्यालय प्रबंधन बच्चों में कई तरह के गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। विद्यालय में इंग्लिश बोलने का एक अच्छा माहौल विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि नए सेशन में इंग्लिश स्पोकन को लेकर हम सभी की बहुत सारी योजनाएं हैं। विद्यालय के निदेशक रंजीत रंजन ने बच्चों को सेल्फ स्टडी करने को प्रेरित करने का अनुरोध अभिभावकों से की है। बच्चे अपने संस्कारों को भूल रहे हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावको का अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस अवसर पर केजी से सप्तम वर्ग तक के बच्चों को सत्र 2025-26 का यूनिट वन का रिजल्ट प्रदान किया गया, जहां अभिभावक अपने बच्चों के साथ परीक्षाफल प्राप्त कर रहे थे तथा परीक्षा फल के अनुसार अपने बच्चों का आकलन कर शिक्षकों से बात कर रहे थे।

# यज्ञ से भक्ति का माहौल बनकर मन की होती है शुद्धि : डॉ अनुज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर प्रखंड के समाय में आयोजित नौ दिवसीय विष्णु प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुंडीय यज्ञ में भागवत कथा का उद्घाटन डॉ अनुज सिंह के कर कमलों से किया गया। यज्ञ परिसर में पहुंचने के बाद यज्ञ समिति के सदस्यों के द्वारा भगवा वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। उसके बाद उन्होंने कथा मंडप में लगे फीता काटकर विधिवत उद्घाटन कर यज्ञ परिसर का भ्रमण भी किया। डॉ अनुज ने यज्ञ परिसर में स्थापित आकर्षक मूर्तियां का दर्शन किया और इन्हें बनाने वाले कलाकारों की खुले दिल से सराहना की। साथ ही ग्रामीणों की भी इस भव्य आयोजन करने को लेकर तारीफ की। इसके बाद वे यज्ञ



स्थल पर बने मंच पर पहुंचे। स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण में भक्ति मय माहौल तो बनता ही है साथ ही मन की शुद्धि भी होती है। उन्होंने यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ प्रकृति के निकट रहने का साधन है। रोग-नाशक औषधियों से किया यज्ञ, रोग निवारण वातावरण को प्रदूषण से मुक्त करके स्वस्थ रहने में सहायक होता। पर्यावरण को शुद्ध बनाने का एकमात्र उपाय यज्ञ है। उद्घाटन के मौके पर अनिरुद्ध सिंह, गोरेलाल सिंह, राजो बाबू, गीता बाबू, गब्बर सिंह, चंदन कुमार, जय नंदन सिंह, विजय सिंह, बिट्टू सिंह, अशोक सिंह, सुनील सिंह, जयराम सिंह, नरेश सिंह, सोनू कुमार, राजेश कुमार सहित सभी सनातनी धर्मानुरागी उपस्थित रहे।

# बिहार में सुशासन नहीं कुशासन की सरकार : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रविवार को हिसुआ ब्लॉक के छतिहर पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'हर घर कंाग्रेस का झंडा' अभियान की बढ़ाते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय निवर्तमान समन्वयक प्रभाकर झा के उपस्थिति में तथा हिसुआ प्रखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार की अगुआई में अपने घर पर कांग्रेस का झंडा लगाकर अभियान की शुरुआत की। हर घर कांग्रेस का झंडा अभियान में उपस्थित प्रभाकर झा ने कहा कि बिहार में सुशासन की नहीं कुशासन की सरकार है। बिहार में जिस तरीके से अपराधियों ओर भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ा है डबल इंजन सरकार में सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था तथा कानूनी व्यवस्था का पोल खोल कर रख दिया है। श्री झा ने कहा कि मुजफ्फरपुर में एक नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार कर उसका गला तक रेत दिया जाता है घटना के बाद उस पीड़ित बच्ची को मुजफ्फरपुर से रेफर करने के बावजूद पीएमसीच की लापरवाही के कारण बच्ची दम तोड़ देती है और इस घटना से सरकार और सरकारी तंत्र को छोड़कर पूरा बिहार शर्मिंदा है। श्री झा ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार ने जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है कुशासन की सरकार को जनता की सुरक्षा और उनके तकलीफ से कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन जनता ने कुशासन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। हिसुआ प्रखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जुमलों का व्यापार कर रही है। ख्रट्टछ पर फसलों की खरीद सुनिश्चित नहीं की जा रही है जिसके कारण किसान परेशान है। पूर्व मुखिया महेश कुमार ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के सामाजिक न्याय और विकाश का पहिया निकल चुका है। विनोद कुमार पप्पू ने कहा कि सरकार चंद लोगों और ठेकेदारों के लिए काम कर रही है।

# शहीद मनीष की गोविंदपुर क्षेत्र में निकाली जाएगी अस्थि कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** 14 मई को कश्मीर के कारगिल में अपने कर्तव्य पथ पर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए भारतीय सेना के जवान व कौआकोल प्रखण्ड के मिट्टी का लाल पाण्डेयगंगौट निवासी मनीष कुमार की शहादत को यादगार बनाने के लिए उनकी ऐतिहासिक अस्थि कलश पूजन यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा का गोविंदपुर विधानसभा के तीनों प्रखण्डों में भ्रमन कराया जाएगा। जिसको लेकर एक कमिटी बनाई गई है। इसकी जानकारी देते हुए समाजसेवी योगी त्यागनाथ ने बताया कि रविवार को प्रखण्ड के कौआकोल दुर्गामण्डप परिसर में आयोजित बैठक के बाद




सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अस्थि कलश पूजन यात्रा को लेकर गोविंदपुर एवं रोह ब्लॉक में शीघ्र ही बैठक की जायेगी। जिसके बाद आगे का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता हाहापुर गांव निवासी ब्रजमोहन सिंह चन्द्रवंशी उर्फ किसान जी जबकि संचालन बालमुकुंद सिंह ने किया। जबकि बैठक में रामाशीष सिंह, अरुण कुमार, अजित वर्मा,बिपिन कुमार, आनन्द सिंह, अभिमन्यु प्रसाद, सनोज, युगेश्वर उर्फ जोगी आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व बैठक में मौजूद दर्जनों लोगों ने शहीद जवान मनीष के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# सर्पदंश से महिला की मौत

## झाड़-फूंक में गंवाई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 26 स्थित लालसे विगहा गांव में सर्पदंश की शिकार एक महिला की झाड़-फूंक में इलाज के चक्कर में मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी रविंद्र प्रसाद की 60 वर्षीया पत्नी कौशल्या देवी के रूप में की गई है। रविवार को कौशल्या देवी खेत में काम कर रही थीं, तभी जहरीले सांप ने डस लिया। इसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़-फूंक के जरिए जहर उतारने में जुट गए। हालत बिगड़ती देख परिजन महिला को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका अपने पीछे दो पुत्रों को छोड़ गई हैं। घटना की जानकारी मिलने पर हिलसा पूर्वी जिला परिषद सदस्य संजय कुमार पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी नवादा द्वारा रविवार को कारू साहू सदन परिसर में वीरांगना पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जयंती समारोह के साथ-साथ कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें नारी सशक्तीकरण और राष्ट्र गौरव की भावना प्रकट हुई। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष पुनीता बरनवाल ने किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भाजपा की पूर्व मंत्री पूनम शर्मा रहीं, जिन्होंने रानी अहिल्याबाई के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत रानी अहिल्याबाई होलकर, भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पण से हुई। इसके बाद भारत माता की जय के उद्घोष के साथ समारोह की विधिवत शुरुआत हुई। उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन त्याग, न्याय और धार्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। वे काशी विश्वनाथ, बैद्यनाथ धाम, गया के विष्णुपद मंदिर सहित अनेक धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण की प्रेरणास्रोत रहीं। मुख्य वक्ता पूनम शर्मा ने रानी अहिल्याबाई को हिंदू धर्म की संरक्षिका, न्याय की मूर्ति और नारी शक्ति की प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना भाजपा का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई ने अपने पुत्र को न्याय के लिए मृत्युदंड तक देने की घोषणा की थी, जिससे उनकी न्यायप्रियता स्पष्ट होती है। समारोह में पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता एवं शैलेन्द्र शर्मा समेत कई नेताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नवादा के आठ प्रमुख कवियों ने रानी अहिल्याबाई की जीवनी और नारी सशक्तीकरण पर कविताएं प्रस्तुत कीं।

# 'शब्दवीणा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन' में जुटेंगे 15 प्रदेशों के रचनाकार

## समाज को साहित्य, संस्कृति एवं प्रकृति से जोड़ना है शब्दवीणा के इन आयोजनों का उद्देश्य : डॉ. रश्मि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मद्देनजर राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति की ओर से आगामी 7 जून को 'संकट में है धरती अपनी, आओ पर्यावरण संवारें' विषय पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन में शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति एवं बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, गोवा आदि प्रदेश समितियों व उनके अंतर्गत गठित विभिन्न जिला समितियों के कवि-कवयित्री गण 'आओ पर्यावरण संवारें' शीर्षक के तहत 'जलवायु परिवर्तन', 'प्राकृतिक आपदाएं', 'पर्यावरण संरक्षण' आदि विषयों पर रचित अपनी कविताओं, मुक्तक, गीत, गजल, दोहे एवं कुंडलियां आदि शब्दवीणा आभासी जूम मंच पर प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक पर शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से किया जायेगा जिससे जुड़कर देश भर के साहित्यानुरागी कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शिनी ने बताया कि शब्दवीणा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का संचालन शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश सचिव कवयित्री सरोज कुमार करेंगी। डॉ. रश्मि ने सूचित किया कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर शब्दवीणा की बेगूसराय जिला समिति, बिहार की ओर से भी जिला संरक्षक देवनीति राय एवं जिला अध्यक्ष सत्यजीत सोनू के नेतृत्व में 'चलो लगायें मिलकर पौधे' विषय पर तेघड़ा कोचिंग सेंटर, बेगूसराय में एक कवि सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। यह एक जमीनी कार्यक्रम होगा। इस कवि सम्मेलन का प्रसारण भी शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से किया जायेगा। डॉ. रश्मि के अनुसार विश्व पर्यावरण दिवस पर शब्दवीणा द्वारा प्रस्तावित इन साहित्यिक आयोजनों का उद्देश्य समाज के लोगों को पर्यावरण संकट से परिचित करवाते हुए इसके संरक्षण हेतु यथासंभव प्रयत्न करने हेतु प्रेरित करना है। इन कार्यक्रमों का प्रयोजन समाज को साहित्य, संस्कृति एवं प्रकृति से जोड़ना भी है।

# युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के कामों को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गुरुआ विधानसभा के राजन पंचायत ग्राम इटिहारी में युवा जेडीयू जिला गया के तत्वाधान में मुख्यमंत्री विकास और विश्वास पुरुष नीतीश कुमार के हाथों को मजबूती प्रदान कर सभा को संबोधित करते हुए रंजीत कुशवाहा युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष गया सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड गया सह अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज भारत जिलाध्यक्ष गया सह रिटेलर उर्वरक विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष गया सह रोगी कल्याण समिति मेंबर नगर प्रखंड गया ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री के काम को हर घर तक पहुंचाने का काम करें, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के काम को हर घर तक पहुंचाने का काम करें एवं विकास को बढ़ाने के लिए किसी के बहकावे में न आकर अमन सुख चेन और शांति के साथ विकास के रफ्तार को तेज गति देने के लिए फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही है। बैठक में जदयू युवा जिलाध्यक्ष सह उप प्रमुख नगर प्रखंड सतीश पटेल एवं गुरुआ प्रखंड युवा अध्यक्ष भी शामिल हुए हैं।

# वजीरगंज में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

## दुष्कर्म के आरोपित को फांसी देने की मांग की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड मुख्यालय के सामने मुख्य सड़क पर कांग्रेस कमिटी ने मुजफ्फरपुर के कुढ़नी में दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी समुचित इलाज के अभाव में मौत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। महिला सेल की गया जिलाध्यक्ष डॉ. पिंकी कुमारी एवं प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का पुतला दहन किया। सभी नारों के माध्यम से मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे व घटना में शामिल आरोपित को फांसी दिलाने की मांग कर रहे थे। डॉ. पिंकी कुमारी ने कहा कि बच्ची के साथ दुष्कर्म कर आरोपित ने उसकी हत्या के उद्देश्य से गला काट दिया था, लेकिन उसके जीवित बचने की गुंजाइश होने के बावजूद उसे समुचित इलाज नहीं मिला जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इसमें पूरा सरकारी तंत्र दोषी है और इसके आलाकमान को अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। बच्ची को न्याय तभी मिलेगा जब आरोपित को फांसी और इस तंत्र के पोषक मंत्री एवं मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा देंगे। मौके पर कांग्रेस नेता रामाश्रय सिंह, मिथिलेश शर्मा, तपेश्वर पुरी, उषा देवी, मो. सकूर, सुजित सिंह, रामाकांत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नवादा विधि महाविद्यालय की छात्रों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय भूमिका : डॉ. डी.एन मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध के लिए गर्व का क्षण है कि नवादा विधि महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 'बी' ग्रेड की मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और विधि शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. एन. मिश्रा को जाता है, जो न केवल नवादा विधि महाविद्यालय के नेतृत्व में हैं, बल्कि मगध विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डीन भी हैं। डॉ. मिश्रा की दूरदर्शिता, अनुशासन और शिक्षण के प्रति समर्पण ने महाविद्यालय को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया है। बी ग्रेड मिलने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा नवादा विधि महाविद्यालय जाकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी एन मिश्रा को अंग वस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बधाई और शुभकामना देते हुए पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा डॉ डी एन मिश्रा के नेतृत्व में महाविद्यालय ने न केवल शैक्षणिक स्तर पर बल्कि बुनियादी ढांचे और विधि के क्षेत्र में छात्रों के सर्वांगीण विकास में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। एनएएसी की यह मान्यता महाविद्यालय की निरंतर मेहनत, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण और उत्कृष्ट प्रशासन का परिणाम है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी. एन. मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा यह हमारे संस्थान के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का क्षण है। मैं एनएएसी टीम का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने हमारे प्रयासों को मान्यता दी। साथ ही मैं विशेष रूप से मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही और कुलसचिव विपिन कुमार सिन्हा का हृदय से धन्यवाद करता हूं जिनका मार्गदर्शन, सहयोग और सतत समर्थन हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहा है। प्रो. शाही एक डायनेमिक, शैक्षणिक और अत्यंत मृदुभाषी व्यक्तित्व हैं जिनके नेतृत्व ने पूरे विश्वविद्यालय को नई दिशा प्रदान की है। उनकी प्रेरणा और सकारात्मक दृष्टिकोण के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं होती। यह सफलता हमारे शिक्षकगण, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सामूहिक मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है। नवादा विधि महाविद्यालय की इस उपलब्धि से क्षेत्र में शैक्षणिक वातावरण और अधिक समृद्ध होगा और भावी विधि छात्रों को एक सशक्त मंच प्राप्त होगा। पूरे नवादा और मगध विश्वविद्यालय परिवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा के वरिष्ठ क्षितिज मोहन सिंह दीपक पांडेय सुनील रविदास हीरा यादव अभिषेक कुमार मंटू कुमार बबलू गुप्ता महेश यादव दीप रंजन वर्मा राजकुमार राजू सुनील प्रसाद सहित अन्य लोगों ने मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के कर्मचारी राजू मिश्रा संतोष कुमार एवं अन्य अधीनस्थ कर्मचारी को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के गरारी बलवा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में 25 लोगों को आरोपी बनाया गया है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और प्रथम पक्ष से सुनील पासवान ने 8 लोगों को आरोपी बनाया है जिसमें सुनील दास, दीपक दास, सनोज राम, श्यामनंदन दास, अनुज दास, नगीना दास, रामानंदन दास एवं चंदन दास का नाम शामिल है। वहीं, दूसरे पक्ष से सनुज कुमार ने 17 लोगों को आरोपी बनाया है जिसमें सूबेलाल पासवान, योगेंद्र पासवान, रिन्टु पासवान, सुनील पासवान, रंजीत पासवान, शनि पासवान, ज्ञांती देवी, धर्मेंद्र पासवान, सौरव पासवान, संटू पासवान, अनिल पासवान, नागेश्वर भूषण पासवान, जैकी पासवान, गौतम पासवान, हृदय पासवान, निखिल पासवान एवं ऊषा देवी को आरोपी बनाया गया है। जांच के बाद कांड संख्या 300/25 और 301/25 दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नव संकल्प महासभा कार्यक्रम होगी ऐतिहासिक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** आगामी 8 जून को आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम (रमना मैदान) में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा को सफल बनाने के लिए जिला मुख्यालय के आनंद विहार होटल में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने कहा कि आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पार्टी के द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि नव संकल्प महासभा कार्यक्रम में लगभग एक लाख लोगों को शामिल होने लक्ष्य रखा गया है। नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सात जिला को जोड़ा गया है जिसमें अरवल जिला पर विशेष फोकस किया गया। बिहार में संगठन के दृष्टिकोण से अरवल जिला को मजबूत माना गया है। नव संकल्प महासभा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे।

# कंबलिया बाबा ने किया हजारों मरीजों का नि:शुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के गनौरी टीला गांव में ग्यारह दिवसीय रूद्र महायज्ञ जिसका समापन शनिवार को हुआ। इस यज्ञ में कंबलिया बाबा के नाम से ख्यातिलब्ध प्रसिद्ध पारंपरिक चिकित्सक ने अपने आठ दिवसीय प्रवास के दौरान करीब पचास हजार मरीजों का निःशुल्क इलाज किया। गुरूआ बाजार स्थित बगीचा होटल में शनिवार को हुई भेंट के दरम्यान गुजरात के निवासी गणेश यादव उर्फ कंबलिया बाबा ने पूछे जाने पर बताया कि सारा गुण मेरे कंबल में है। यह कंबल मुझे मां काली द्वारा चार वर्ष के उम्र में पूजा करने के दरम्यान प्रदान किया गया था। मरीजों को कंबल ओढ़ाने से मुझे मालूम हो जाता है कि इस व्यक्ति को क्या बिमारी है। कौन सा नस दबा हुआ है। जानकारी होते ही मैं उस व्यक्ति का वह अंग सीधा कर देता हूं और मरीज ठीक जो जाता है। बगैर कंबल के मैं आम आदमी हूं। मां काली द्वारा प्रदत्त कंबल में ही सारा गुण है। मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं लेकिन हरेक माता पिता को कहना चाहता हूं कम खाओ लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाओ। गृहमंत्री अमित शाह जी हमारे गांव के हीं हैं।

# आमस पूर्वी मंडल की बैठक संपन्न, बूथ सशक्तिकरण को लेकर बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस (गया)।** आमस पूर्वी मंडल की ओर से रविवार दोपहर 3 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष माधुरी जयसवाल ने की जबकि संचालन का दायित्व मंडल महामंत्री परिमल गोस्वामी ने निभाया। बैठक में मुख्य रूप से बूथ सशक्तिकरण अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। इस उद्देश्य से एक विशेष टोली का गठन किया गया है जो बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। बैठक में आमस विधानसभा संयोजक अमित कुमार मिश्रा और बीएलसी विधानसभा प्रभारी रामजय सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रभात पंकज, सतीश वर्णमाला, कमलनयन सिंह, शेखर चौरसिया, मिथिलेश सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की गई।

# मारपीट के 3 आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** स्थानीय पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुरारी यादव, चंदन कुमार एवं गोविंद कुमार सभी के ग्राम पड़रावां थाना कोंच के रूप में हुई है। एस आई दयानंद यादव ने पुलिस बल के सहयोग से उक्त तीनों को गिरफ्तार किया। वहीं माना बिगहा गांव के समीप से बाइक पर 18 लीटर अंग्रेजी शराब और 15 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। शराब कारोबारी पुलिस को देख भागने में सफल रहा। पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाना लाई है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# लालू यादव के ऐलान के 8 दिन बाद जारी हुआ तेजप्रताप के राजद से निष्कासन का पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तेजप्रताप-अनुष्का प्रकरण के खुलासे के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने 25 मई को तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से बेदखल कर दिया था। लालू यादव ने इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की थी। इस संबंध पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक पत्र जारी नहीं किया गया था। इसको लेकर जब सवाल उठने लगे तब आठ दिन बाद रविवार को तेजप्रताप के पार्टी से निष्कासन का पत्र जारी किया गया। राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी की ओर से 25 मई 2025 की तारीख से अंकित पत्र जारी किया गया है, जिसमें तेज प्रताप यादव को राजद से 6 वर्षों से निष्कासित किये जाने का आदेश है। एक लाइन के आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश के आलोक में तेज प्रताप यादव को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। दरअसल, अनुष्का से संबंधों के उजागर होने के बाद लालू यादव ने 25 मई को कहा था कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमज़ोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है।

# वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** रौशनगंज थाने की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के पुरनाडीह गांव में छापेमारी कर वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पुरनाडीह गांव निवासी गंगेस कुमार के रूप में की गई है। रौशनगंज थानाध्यक्ष अन्नू राजा ने रविवार की शाम 5 बजे प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गंगेस कुमार के खिलाफ न्यायालय से जारी वारंट के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी टीम ने उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# तेजप्रताप ने माता-पिता के नाम लिखा भावुक पोस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रेम प्रसंग को लेकर विवादों में घिरे राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपने माता-पिता को एक भावुक पोस्ट किया है। उन्होंने कहा है कि कुछ लालची जयचंदों ने उनके साथ राजनीति कर दी है। फिर भी वे अपने पिता और माता की हर बात मानेंगे।

तेज प्रताप यादव ने अपने एक्स हैंडल पर लालू राबड़ी के नाम पोस्ट लिखा है। उन्होंने लिखा है कि मेरे प्यारे मम्मी पापा....मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर हैं आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सबकुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए न कि कुछ और। तेजप्रताप ने आगे लिखा है कि पापा आप नहीं होते तो न ये पार्टी होती और न मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहे हमेशा। बता दें कि लालू प्रसाद यादव के द्वारा तेज प्रताप को पार्टी से निकाले जाने और परिवार से दूर किए जाने के फैसले के ऐलान के बाद यह पहली बार तेज प्रताप का ट्वीट आया है जिसमें उन्होंने अपनी बात कही है। वे कह रहे हैं कि जयचंद ने उनके साथ राजनीति कर दी। सवाल ये उठ रहा है कि लालू राबड़ी के बड़े बेटे किसे जयचंद कह रहे हैं? दरअसल, जयचंद एक ऐसी उपमा होती है जो घर के भीतर गद्दारी करने वाले आदमी को दी जाती है। ऐसे में जाहिर है तेजप्रताप यादव अपने घर के भीतर के ही किसी व्यक्ति पर साजिश रचने का आरोप लगा रहे हैं। वे लालू को कह रहे है कि आप नहीं होते तो न ये पार्टी होती और न लालच करने वाले जयचंद। ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या तेजप्रताप अपने भाई तेजस्वी पर निशाना साध रहे हैं? वैसे भी ये पहली बार नहीं है कि तेज अपने छोटे भाई पर निशाना साध रहे हैं। कुछ साल पहले वे मीडिया के सामने तेजस्वी पर निशाना साध चुके हैं। तेजप्रताप ने तेजस्वी के सबसे करीबी माने जाने वाले संजय यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। क्या वे फिर से वहीं निशाना साध रहे हैं? वे किसी का नाम तो नहीं ले रहे लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि लालू परिवार में घमासान की शुरुआत हो चुकी है। इसमें आगे और भी ज्यादा दिलचस्प घटनाएं होने वाली हैं।

# श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जिले के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत बेला पंचायत के तिवारीचक गांव में श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। महोत्सव का उद्घाटन शेरघाटी विधानसभा के भावी विधायक उम्मीदवार सीताराम यादव, भाजपा नेता संतोष कुमार गुप्ता, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार भारती एवं राजद नेता कृष्णा यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# शेरघाटी में जन्म प्रमाण पत्र के लिए 500 रुपये की मांग, ऑडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** प्रखंड कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पीड़ित व्यक्ति से पांच सौ रुपये की मांग की गई। इस कथित बातचीत का ऑडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों के अनुसार यह ऑडियो रविवार को दोपहर करीब 2 बजे एक स्थानीय युवक द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया। वायरल ऑडियो में एक शख्स जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की बात करता है जबकि दूसरी ओर से पैसे की मांग की जाती है। हालांकि वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन सोशल मीडिया पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, इस पूरे मामले पर अभी तक संबंधित प्रखंड कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। क्या यह मामला रिश्वतखोरी का है या कोई गलतफहमी? जवाब जानने के लिए हम प्रशासन से जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर यूनिसेफ और टीचर्स ऑफ बिहार की संयुक्त पहल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर विश्व की प्रतिष्ठित संस्था यूनिसेफ एवं बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स' विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर माहवारी के दौरान स्वच्छता एवं सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक साझा अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें शिक्षकों, छात्रों एवं आम लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार ने बताया कि लड़कियां हो या लड़के-हर किसी को है जानकारी की जरूरत। इसी उद्देश्य से हम सब मिलकर माहवारी स्वच्छता के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए यूनिसेफ के साथ मिलकर यह जागरूकता अभियान चलाया। टेक्निकल टीम लीडर ई.शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने बताया कि विश्व माहवारी दिवस के अवसर पर लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से 28 से 31 मई तक हमने विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जिसमें मुख्य रूप से विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस एक्सक्लूसिव ऑनलाइन क्विज, रेड डॉट चैलेंज, कविता, कहानी एवं आलेख लेखन प्रतियोगिता, लेट्स टॉक ऑन पीरियड्स-खुलकर करे माहवारी पर बात। उक्त जानकारी देते हुए टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि टीचर्स ऑफ बिहार केवल शिक्षा,शिक्षक एवं छात्रों के हित में कार्य नही करता बल्कि समय समय पर समाज के लोगों के प्रति भी बढ़-चढ़कर विभिन्न प्रकार की जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक करता है।

# बिहार प्रदेश लोक समिति की राज्य कार्यकारिणी बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** बिहार प्रदेश लोक समिति की राज्य कार्यकारिणी की एकदिवसीय बैठक गया जिलान्तर्गत बोधगया प्रखंड के सिलौंजा स्थित लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन (कोमल पूजन पब्लिक स्कूल) के सभागार में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता गांधीवादी चिंतक और राष्ट्रीय लोक समिति के अध्यक्ष गिरिजा सतीश तथा संचालन बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने किया। बैठक की कार्यवाही के पूर्व प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने गत बैठक कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसकी संपुष्टि सर्वसम्मति से की गयी। तत्पश्चात राज्य कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित सभी जिलों के साथियों ने अपने-अपने जिलों में हुए कार्यक्रमों की रिपोर्ट पेश किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश ने संगठन को विस्तार और मजबूती देने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का सुझाव दिया- बिहार में एक पदयात्रा करने की जरूरत है, जिसका तिथि निर्धारण अगली बैठक में होगी। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, जिसमें धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों की जान लेने का अन्यायपूर्ण काम किया गया। इसके शांतिवार्ता की जरूरत ताकि समस्या का सम्पूर्ण हल निकले। बिहार में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने पर बल देना, बिहार में बढ़ती जा रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग, महिलाओं के ऊपर बढ़ते अत्याचार को रोकने की पहल, किसानों के लिए मंडी व्यवस्था और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य उपलब्ध कराना, गांधी-जेपी के नैतिक मूल्यों और विचारों का जन-जन तक प्रचार-प्रसार, पूंजी के केन्द्रीकरण और अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई को रोकने के लिए गांधीजी के वैकल्पिक विकास मॉडल पर काम।

लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना पर निंदा प्रस्ताव के साथ गिरिजा सतीश के सुझावों को शामिल करते हुए प्रस्तावों की सूची को सदन के समक्ष रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यकारिणी बैठक में बाबूनंद शर्मा (मोतिहारी), जॉन फिल्कुश (कैमूर), धीरेन्द्र कुमार धीरज (जमुई), पुतुल कुमारी, राजेंद्र मांझी, बिशुनधारी यादव, दिनेश प्रसाद (गया), ऋतुराज (मोतिहारी), मकबूल अहमद (मुजफ्फरपुर), सुरेश प्रसाद, मथुरा सिंह, भानुप्रकाश राय (रोहतास), डॉ0 हेमंत कुमार (पटना), हीरालाल राय (बक्सर), हृषिकेश (सीतामढ़ी), नीलम रानी, अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कु0 संतोषी (औरंगाबाद), नागेंद्र कुमार सिन्हा (नवादा), प्रांतीय एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा (नालंदा), दिल्ली प्रदेश इकाई के प्रांतीय महामंत्री सज्जन कुमार, नीतीश कुमार, दीपक कुमार आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया

# आंती- रफीगंज मुख्य पथ पर वृक्ष गिरने से दुर्घटना की आशंका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती के समीप ददरेजी-रफीगंज मुख्य पथ पर एक बड़ा वृक्ष गिर गया जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। वहां तीखी मोड़ है और सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है। वृक्ष गिरने की इस घटना से सड़क पर यातायात आंशिक रूप से बाधित हो गया है और राहगीरों को खतरा उत्पन्न हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता मो.आकिब आलम, मो.राशिद, सुभाष चंद्र कुमार सहित अन्य स्थानीय लोगों ने प्रशासन को सूचित किया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वृक्ष को हटाने के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। ताकि सड़क पर यातायात सामान्य हो सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। बता दें कि बीते 18 मई को तेज बारिश और आंधी के कारण विशाल वृक्ष गिर गया है और सड़क पर खतरा बना हुआ है। खासकर रात्रि में अधिक खतरा है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वृक्षों की नियमित जांच और रखरखाव करे, आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करे, आंती के समीप मुख्य पथ पर वृक्ष गिरने की इस घटना में प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

संपादकीय

# सेना प्रमुखों का वाजिब दर्द

देश के वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह एवं नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी द्वारा देश में रक्षा परियोजनाओं में अक्षम्य देरी को लेकर जो सार्वजनिक टिप्पणी की है, वह एक सच्चे सैनिक का दर्द है। सरकारी तंत्र को इसे पूरी गंभीरता और जवाबदेही से लेना चाहिए। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 में इन दोनों सेना प्रमुखों ने शिरकत की और सार्वजनिक मंच से तंत्र की खामियों को उजागर किया। इस दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' और भविष्य की रणनीतियों पर अपनी बात रखी। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्रीय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिलकर इसे बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया। उन्होंने रक्षा सौदों के समय से पूरा न हो पाने के मामले एक बार फिर उठाया और इस काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चाहे वह जमीन की ताकत हो या जल की, वायुसेना हमेशा रहेगी। हम जो भी ऑपरेशन करते हैं, हम उसे वायु सेना के बिना नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम सिर्फ भारत में उत्पादन के बारे में बात नहीं कर सकते। हमें भारत में ही डिजाइनिंग और विकास शुरू करने की जरूरत है। जब संख्या में उत्पादन की बात आती है तो क्षमता सामने आती है। इसलिए हमें सेनाओं और उद्योग के बीच इस विश्वास को बनाए रखने की जरूरत है। लेकिन सबसे अहम जो बात उन्होंने कही वो रक्षा परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा न होना है। उन्होंने कहा कि समय सीमा एक बड़ा मुद्दा है। एक बार समय सीमा तय हो जाने के बाद मुझे लगता है कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। इसलिए हमें इस पर गौर करना होगा। हम ऐसा वादा क्यों करें जो पूरा नहीं हो सकता? अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय कभी-कभी हमें यकीन होता है कि यह काम पूरा नहीं होगा, लेकिन हम अनुबंध पर हस्ताक्षर कर देते हैं। उनका इशारा भारत के आधुनिक फाइटर विमान तेजस की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर था। जिसके बारे में डीआरडीओ का कहना है कि वो अत्याधुनिक स्टेल्थ तेजस 2035 तक बनाकर देगा। यानी अभी दस साल और लगेंगे। इसी तरह एचएएल ने अगस्त 2021 में वायुसेना के साथ 83 तेजस एमके-1ए फाइटर जेट बनाने का सौदा किया था। इसकी कीमत 48 हजार करोड़ रुपये थी, लेकिन सरकार उसके बाद 97 अतिरिक्त तेजस का ऑर्डर भी दिया। एचएएल को पहले तेजस एमके-1ए की डिलीवरी 31 मार्च, 2024 तक करनी थी, अब तक यह शुरू नहीं हो पाई है। उधर हमारा दुश्मन पाकिस्तान चीन से अत्याधुनिक स्टेल्थ विमान हासिल करने जा रहा है। अगर इस बीच युद्ध हुआ तो हम क्या करेंगे? भारतीय वायुसेना उससे कैसे निपट पाएगी। इस मामले में स्वदेशी पर जोर है, अच्छी बात है, लेकिन जब हमारा युद्धक विमान नहीं बन जाता तब तक तो हमे विदेशों से स्टेल्थ युद्धक विमान आयात करने के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। उधर नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर' से युद्ध का चरित्र बदल रहा है। हर दिन हम नई तकनीकें खोज रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह स्पष्ट रूप से बताया है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और भविष्य में हमें क्या चाहिए। इसलिए अपनी स्वयं की विचार प्रक्रियाओं को फिर से तय करने के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है, जो पहले से ही चल रही है। उम्मीद है कि मोदी सरकार सेना प्रमुखों की चिंता के अनुरूप तेजी से सकारात्मक निर्णय लेकर देश के रक्षा कवच को और मजबूत बनाएगी।

# मोदी सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था का जम्प

**भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और यह मोदी सरकार और देश के 1.4 अरब भारतीयों के लिए गर्व की बात है। भारत को पहले हाथियों और सांपों की भूमि के रूप में जाना जाता था। अब वह विकसित नहीं बल्कि विकास के पथ पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रही है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यन ने हाल ही में कहा था कि यह हम सभी के लिए खुशी और गर्व की बात है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अमेरिका और जर्मनी तीन ऐसे देश हैं और यह जानकारी सिर्फ भारत ने ही नहीं बल्कि आईएमएफ ने भी दी है, जो भारत विरोधी है। इसलिए ये आंकड़े विश्वसनीय हैं क्योंकि यहां मोदी के भक्त नहीं हैं, बल्कि मोदी के भक्त हैं, बल्कि भारत से नफरत करने वाले भी हैं। निस्संदेह यह गर्व की बात है कि भारत अब जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका श्रेय मोदी और 140 करोड़ भारतीयों को जाता है। यह इस देश के प्रत्येक नागरिक का है।**

**अशोक भाटिया**

भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इसका कारण भारत में भू-राजनीतिक स्थिति और बहुत अनुकूल आर्थिक वातावरण है। भारत आज 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है और यह परिवर्तन जबरदस्त है, और यह देश की कहानी कहता है। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक भारत आज जापान से बड़ा है और आज भारत से आगे सिर्फ जर्मनी है। संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। लेकिन भारत को यह सफलता आसानी से हासिल नहीं हुई है। अर्थव्यवस्था का आकार जीडीपी द्वारा मापा जाता है, और यह जापान की तुलना में कुछ अधिक है। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में विकास दृष्टिकोण 6.2 प्रतिशत था, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी मांग के कारण, निजी भागीदारी और खपत के साथ-साथ भारत की बाजार क्षमता और व्यापक आर्थिक क्षेत्र, वैश्विक व्यापार और निवेश प्रवाह की भागीदारी में वृद्धि के कारण समर्थित था।

नीति आयोग के अनुसार, यदि भारत प्रति व्यक्ति आय में प्रगति कर रहा है और यह अगले कुछ वर्षों में आशाजनक है, तो यह कुछ हद तक आशावादी है। विश्व बैंक और आईएमएफ ने भविष्यवाणी की है कि भारत अगले दो वर्षों के लिए दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के नियोजित विकास को रणनीतिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत विनिर्माण क्षेत्र में एक वैकल्पिक देश बन रहा है, लेकिन इसे अपने बाजार को मजबूत करना चाहिए और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी स्थिति बढ़ाने के लिए इसका उपयोग करना चाहिए।

भारत रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए आयात शुल्क की बाधाओं को दूर करने में सक्षम रहा है, लेकिन उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई तकनीकों को अपनाने के लिए श्रमिकों के लिए नौकरियां पैदा करने की



भी आवश्यकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी ने बाहर मांग को धीमा कर दिया है। घरेलू मांग भी पूरी तरह पटरी पर नहीं लौटी है। यह बाधा अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए एक बाधा बनी हुई है। यदि ऐसे झटके नहीं आते हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था में बचत और निवेश के स्तर के संदर्भ में अगले कुछ वर्षों में वृद्धि करने की क्षमता है। हालांकि, इसके लिए अधिक संरचनात्मक परिवर्तनों की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सत्ता संभाली थी। तब से लेकर अब तक भाजपा सत्ता में है और देश की प्रगति निरंतर और निरंतर होती रही है। कांग्रेस शासन के दौरान, निवेशकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास खो दिया और भ्रष्टाचार के कई मामलों ने निवेशकों के विश्वास को कमजोर कर दिया था। लेकिन जब मोदी सत्ता में आए तो उन्होंने कहा 'ना खाने दूंगा न खाऊंगा...' घोषणा की गई थी और तदनुसार भ्रष्टाचार की एक भी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। वरना कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार के कई मामले खबरों में थे और अखबारों में रोज नए-नए मसाले पहुंचाए जा रहे थे। लेकिन आज ऐसा नहीं है। मोदी के आने के बाद से यह गुणात्मक बदलाव आया है। इससे निवेशकों का विश्वास बहाल हुआ है और भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन यह एक आसान काम नहीं था। मोदी का असाधारण दृढ़ संकल्प और दृढ़ संकल्प के साथ-साथ मोदी को सभी भारतीयों का समर्थन इसकी वजह थी। अगर आर्थिक विकास के आंकड़ों को केवल ध्यान में रखा जाए, तो भी मोदी सरकार का प्रदर्शन इन 10 वर्षों में प्रभावशाली रहा है। बेशक, यह स्वीकार करना होगा कि मोदी का प्रदर्शन, असामान्य होने के बावजूद, प्रशंसा के लिए पर्याप्त नहीं है। भले ही मोदी सरकार का आर्थिक प्रदर्शन जबरदस्त है, लेकिन लाखों भारतीय गरीब बने हुए हैं। और नौकरियों की गंभीर वास्तविकता है। इसलिए, हम यह नहीं कहते कि भारत तब तक खुश है जब तक युवाओं को रोजगार का लाभ नहीं मिलता। यद्यपि अर्थव्यवस्था संतोषजनक है, फिर भी कुछ अड़चनें हैं, सबसे पहले, गरीबी। गरीबी और असमानता की असली तस्वीर सामने नहीं आ रही है। मोदी ने सड़कों और बुनियादी ढाँचे के निर्माण पर ज़ोर दिया है, और इसलिए आज देश में कई जगहों पर अच्छी सड़कें और पुल और पुल बनते हुए हम देखते हैं, लेकिन साथ ही डिजिटल सिस्टम का इस्तेमाल उस हद तक नहीं बढ़ा है, जितना होना चाहिए। मोदी को इस बारे में सोचना चाहिए क्योंकि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहना ठीक नहीं है और उसी तरह व्यापार करना जारी रखना अच्छा नहीं है। यह किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं है। मोदी शौचालय बनाने की योजनाएं लेकर आए और देश को खुले में शौच से मुक्त बनाया। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर अभी भी यही स्थिति है और अंत में, जैसा कि अमर्त्य सेन ने कहा, उस विकास का फल तब तक अंतिम तक पहुंचा हुआ कहा जा सकता है जब तक कि अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास का फल नहीं मिलता। नहीं। मोदी को इस संबंध में अभी बहुत काम करना है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी यह काम करेंगे। भारत के विकास ने एक छलांग लगाई है लेकिन महामारी और इसके दौरान खाद्य वितरण तेजी से हुआ है। यह निस्संदेह सराहनीय था, लेकिन इसी अवधि में, सरकार के भोजन बिल में पांच गुना वृद्धि हुई।

यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश भर में सभी में सकारात्मक विचार पैदा करे कि ट्रम्प की बाधाओं ने भारत जैसे देशों के लिए आत्मनिर्भरता का अवसर पैदा किया है और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि घरेलू आर्थिक सुधारों और अन्य देशों द्वारा भारत को दिए गए झुकाव उपायों ने अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। यदि विकास की यही गति जारी रहती है, तो हम अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को पछाड़कर तीसरे नंबर पर आ सकते हैं। यह भी कहा जाता है कि इस तरह की भविष्यवाणियों का उपयोग देशवासियों के मन में उत्साह पैदा करने के लिए किया जाता है। बेशक, जर्मनी में सक्षम, प्रशिक्षित और युवा लोगों की भारी कमी है। इससे अर्थव्यवस्था कुछ हद तक प्रभावित हो रही है। इसके विपरीत, भारत को युवाओं की सबसे बड़ी संख्या होने से लाभ होगा।

ऐसे अन्य कई क्षेत्र हैं जिन्होंने मोदी की सफलता में योगदान दिया है। जहां तक उन क्षेत्रों का सवाल है, मोदी के काम से बिजली की मात्रा और इसके बढ़ते उपयोग के साथ-साथ डीबीटी के जरिए गरीबों को नकदी का हस्तांतरण भी कम हुआ है। मोदी सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। लेकिन तथ्य यह है कि भारत का अकुशल और गरीब वर्ग अभी भी काफी हद तक बेरोजगार है और मोदी सरकार उनके लिए नौकरी प्रदान करने में सक्षम नहीं है। भारत की अधिकांश आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है। ये चुनौतियां हैं, लेकिन मोदी की सफलता निश्चित रूप से अभूतपूर्व है। भारत कृषि, स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं, परिवहन, संचार, खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से विनिर्माण और निर्यात में बड़ी छलांग लगा सकता है। अर्थव्यवस्था को सुधारने और विकसित करने के लिए आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़ाई जानी चाहिए। इस तथ्य को स्वीकार किया जाना चाहिए, क्योंकि मैक्रोइकॉनॉमिक्स की गुदगुदी प्रगति सिक्के के किसी भी पक्ष की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करती है, और विकास के साथ आने वाली असमानता हमेशा ढकी रहती है।

अध्यात्म

## आत्मविश्वास ना खोएं, ऊँचाइयाँ पाओगे

एक बार एक युवक को संघर्ष करते- करते कई वर्ष हो गए लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। वह काफी निराश हो गया, और नकारात्मक विचारो ने उसे घेर लिया। उसने इस कदर उम्मीद खो दी कि उसने आत्महत्या करने का मन बना लिया। वह जंगल में गया और वह आत्महत्या करने ही जा रहा था कि अचानक एक सन्त ने उसे देख लिया। सन्त ने उससे कहा- बच्चे क्या बात है, तुम इस घनघोर जंगल में क्या कर रहे हो? उस युवक ने जवाब दिया- मैं जीवन में संघर्ष करते –करते थक गया हूँ और मैं आत्महत्या करके अपने बेकार जीवन को नष्ट करने आया हूँ। सन्त ने पूछा तुम कितने दिनों से संघर्ष कर रहे हो? युवक ने कहा मुझे दो वर्ष के लगभग हो गए, मुझे ना तो कहीं नौकरी मिली है, और ना ही किसी परीक्षा में सफल हो सकां हूँ। सन्त ने कहा- तुम्हे नौकरी भी मिल जाएगी और तुम सफल भी हो जायोगे। निराश न हो, कुछ दिन और प्रयास करो। युवक ने कहा- मैं किसी भी काम के योग्य नहीं हूँ, अब मुझसे कुछ नहीं होगा। जब सन्त ने देखा कि युवक बिलकुल हिम्मत हार चुका है तो उन्होंने उसे एक कहानी सुनाई। एक बार एक बच्चे ने दो पौधे लगाये, एक बांस का, और एक फर्न (नागफनी, कैक्टस, पत्तियों वाला) का, फर्न वाले पौधे में तो कुछ ही दिनों में पत्तियाँ निकल आई। और फर्न का पौधा एक साल में काफी बढ़ गया पर बाँस के पौधे में साल भर में कुछ नहीं हुआ। लेकिन बच्चा निराश नहीं हुआ। दूसरे वर्ष में भी बाँस के पौधे में कुछ नहीं हुआ। लेकिन फर्न का पौधा और बढ़ गया। बच्चे ने फिर भी निराशा नहीं दिखाई। तीसरे वर्ष और चौथे वर्ष भी बाँस का पौधा वैसा ही रहा, लेकिन फर्न का पौधा और बड़ा हो गया। बच्चा फिर भी निराश नहीं हुआ। फिर कुछ दिनों बाद बाँस के पौधे में अंकुर फूटे और देखते- देखते कुछ ही दिनों में बाँस का पेड़ काफी ऊँचा हो गया। बाँस के पेड़ को अपनी जड़ों को मजबूत करने में चार पाँच साल लग गए। सन्त ने युवक से कहा- कि यह आपका संघर्ष का समय, अपनी जड़ें मजबूत करने का समय है। आप इस समय को व्यर्थ नहीं समझे एवं निराश न हो। जैसे ही आपकी जड़ें मजबूत, परिपक्व हो जाएँगी, आपकी सारी समस्याओं का निदान हो जायेगा। आप खूब फलेंगे, फूलेंगे, सफल होंगे और आकाश की ऊँचाइयों को छूएंगें। आप स्वंय की तुलना अन्य लोगों से न करें। आत्मविश्वास नहीं खोएं। समय आने पर आप बाँस के पेड़ की तरह बहुत ऊँचे हो जाओगे। सफलता की बुलंदियों पर पहुंचोगे। बात युवक के समझ में आ गई और वह पुन- संघर्ष के पथ पर चल दिया। दोस्तों, फर्न के पौधे की जड़ें बहुत कमजोर होती हैं जो जरा सी तेज़ हवा से ही जड़ से उखड जाता है। और बाँस के पेड़ की जड़ें इतनी मजबूत होती हैं कि बड़ा सा बड़ा तूफ़ान भी उसे नहीं हिला सकता। इसलिए दोस्तों संघर्ष से घबराये नहीं। मेहनत करते रहें और अपनी जड़ों को इतनी मजबूत बना लें कि बड़े से बड़ी मुसीबत, मुश्किल से मुश्किल हालात आपके इरादो को कमजोर ना कर सके और आपको आगे बढ़ने से रोक ना सके।

# मुर्शिदाबाद के पीछे की सोच...

**उच्च न्यायालय की तरफ से गठित तथ्य-खोजी समिति की मुर्शिदाबाद हिंसा संबंधी रिपोर्ट किसी को भी डराने के लिए पर्याप्त है। जिन लोगों ने मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के विरुद्ध एकपक्षीय हिंसा पर काम किया है उनके लिए यह रिपोर्ट स्वाभाविक है। किंतु अभी तक कानूनी परिभाषा में इसे आरोप की परिधि में रखा गया था। इस रिपोर्ट के बाद सारे आरोपों की पूरी तरह पुष्टि हो गई है। ध इस रिपोर्ट के पहले पश्चिम बंगाल पुलिस ने भी उच्च न्यायालय में 34 पृष्ठ की रिपोर्ट पेश की थी। पुलिस रिपोर्ट की कुछ पंक्तियां देखिए- लगभग 4.25 बजे अचानक भीड़ अनियंत्रित हो गई..पुलिसकर्मियों पर ईंट, पत्थर फेंकने लगी... पुलिस कर्मियों को मारने के इरादे से लाठी, हसुआ, लोहे की छड़ और घातक हथियारों आदि से हमला करना शुरू कर दिया। उपद्रवियों ने एसडीपीओ जंगीपुर की पिस्तौल छीन ली, जिसमें 10 राउंड गोली लोड था। भीड़ ने एसडीपीओ जंगीपुर के एक वाहन और एक हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के साथ उमरपुर में सार्वजनिक संपत्तियों में आग लगा दी।**

**अवधेश कुमार**

आप कल्पना करिए स्थिति कैसी रही होगी! अगर पुलिस से पिस्तौल छीनी जा रही थी तो बंगाल की पुलिस किस अवस्था में रही होगी इसकी कल्पना करिए। हालांकि उच्च न्यायालय रिपोर्ट में पुलिस को सबसे ज्यादा कठघरे में खड़ा किया गया है। 17 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य वाली तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। रिपोर्ट में कुछ बातें प्रमुख है। पहले, हिंसा केवल हिंदुओं के विरुद्ध थी और सुनियोजित थी। दूसरा, स्थानीय तृणमूल के मुस्लिम नेता और पार्षद ने हिंसा का नेतृत्व किया। तीसरा, लोगों ने पुलिस से मदद मांगी, पुलिस ने न हिंसा रोकने की कोशिश की और न पीड़ितों को सुरक्षा देने की ही। यह रिपोर्ट ऐसी है जिसके बाद पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के होने का कोई कारण नहीं है। कल्पना करिए अगर आज से तीन दशक पूर्व ऐसी हिंसा होती जिसमें पूरे एक समुदाय के विरुद्ध हिंसा में कानून के शासन की धज्जियां उड़ जातीं तो वह सरकार निस्संदेह बर्खास्त होती। आज की स्थिति वैसी नहीं है। क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति शासन लागू होने और सरकार के बर्खास्त करने को संवैधानिक रूप से गलत ठहरा सकती है। राज्यपाल ने केन्द्र को भेजी रिपोर्ट में केंद्र सरकार सरकार से संवैधानिक विकल्पों' पर विचार करनेका सुझाव तो दिया, हालात बिगड़ने पर अनुच्छेद 356 (राष्ट्रपति शासन) को विकल्प बताते हुए भी लिखा कि अभीजरूरत नहीं है।

जरा सोचिए , इतनी भयानक हिंसा और पुरुषों को तो छोड़िए महिलाओं और बच्चों के दर्दनाक आपबीती के बावजूद ममता बनर्जी ने एक शब्द आरंभ में सहानुभूति का नहीं बोला। वह और उनकी सरकार के मंत्री, नेता सब इसको भाजपा का षड्यंत्र बताते हुए बीएसएफ पर ही आरोप लगा रहे थे कि बांग्लादेश से बुलाकर हिंसा करवा दिया है। कायदे से तो बीएसएफ की ओर से भी उच्च न्यायालय अपील दायर होनी चाहिए थी। आखिर किस आधार पर इतना संगीन आरोप मुख्यमंत्री ने लगा दिया जिन्होंने संविधान के तहत सफल शपथ लिया है? कम से कम उच्च न्यायालय की समिति की रिपोर्ट के बाद ममता से औपचारिक रूप से यह पूछा जाना चाहिए। इस रिपोर्ट के अनुसार 11 अप्रैल को नए वक्फ संशोधन कानून के विरुद्ध प्रदर्शन की आड़ में हिंदुओं कौन निशाना बनाया गया। बेतबोना गांव में 113 घर जला दिए गए। रिपोर्ट में कहा गया है, 'एक आदमी गांव में वापस आया और उसने देखा कि किन घरों पर हमला नहीं हुआ है और फिर बदमाशों ने आकर उन घरों में आग लगा दी।' यह कैसे संभव हुआ? यानी गांव जला दिए गए लेकिन पुलिस प्रशासन वहां अनुपस्थित रहा। सोचिए, पानी का कनेक्शन काटा गया ताकि आग बुझाए न जा सके। सबसे निकृष्ट काम महिलाओं का वस्त्र तक को जला देना था ताकि पहनने को कपड़े नहीं बचे। सबसे शर्मनाक भूमिका तो पुलिस की थी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोई जवाब नहीं दिया। बेतबोना के ग्रामीण ने शुक्रवार को शाम चार बजे और शनिवार को शाम चार बजे फोन किया, लेकिन पुलिस ने फोन नहीं उठाया।' पुलिस ने मालदा में शरण लिए हुए पीड़ितों को ढाका से बेतबोना गांव में लौटने को विवश कर दिया। साफ है कि ऐसा यूं ही नहीं हुआ होगा। सरकार की ओर से पुलिस प्रशासन पर दबाव रहा होगा कि पलायन कर गए लोगों को बुलाया जाए क्योंकि इससे केवल भारत ही नहीं बाहर भी सरकार की थूथू हो रही है। रिपोर्ट ने जिस तरह पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है उससे पश्चिम बंगाल पुलिस सिर उठाने लायक भी नहीं रही। कहा गया है कि प्रशासन की तरफ से हिंसाग्रस्त इलाकों में किसी भी व्यक्ति की मदद नहीं की गई और न ही इस हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। रिपोर्ट की यह पंक्ति देखिए -जिस तरह हिंसा को अंजाम दिया गया, उससे यह साफ जाहिर होता है कि यह सुनियोजित था, जिसे पूरे व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया। रिपोर्ट में पार्षद और पुलिस दोनों के बारे में जो कहा गया उसे देखिए- 'हमले स्थानीय पार्षद की तरफ से निर्देशित किए गए थे,' स्थानीय पुलिस पूरी तरह से 'निष्क्रिय और अनुपस्थित' थी। घटना देखिए, शुक्रवार को नमाज के बाद भीड़ निकलती है और करीब 2:30 से हिंदुओं के विरुद्ध वही दृश्य खड़ा किया खड़ा हो गया जो हमने पिछले दिनों बांग्लादेश में देखा। इसमें कहा गया है, 'बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढकने के लिए कपड़े नहीं थे।' तो इसमें कोई संदेह नहीं कि इसके पीछे पूरे क्षेत्र को हिंदूविहीन करने का षड्यंत्र था, जो जो स्वतंत्रता के पहले से चल रहा है। पहलगाम हमले में धर्म पूछ कर हिंदुओं को मारने वाले आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर जैसा युगांतकारी पराक्रम दिखाया। लेकिन बंगाल के हिंसक तत्वों, जिन्हें आतंकवादी कहने में भी समस्या नहीं होनी चाहिए, के विरुद्ध कैसा ऑपरेशन सिंदूर करना होगा? पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और तब थल सेना अध्यक्ष जनरल आसिफ मुनीर ने यही तो कहा था कि हिंदू और मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते हैं। दोनों दो कौमें हैं और यही विचार पाकिस्तान बनाने की नींव है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस बात को अपनी बच्चों को बताते रहना ताकि कोई भूल न पाए।

मुर्शिदाबाद में भी क्या यही विचार हिंदुओं के विरुद्ध भयानक हिंसा के पीछे नहीं था ? क्या पश्चिम बंगाल में इसके पहले हिंदू पर्व त्योहारों पर हमले नहीं हुए? चुनाव में तृणमूल के विरुद्ध वोट देने वाले हिंदुओं की क्या दशा हुई ? उन्हें किस हालत में पलायन करना पड़ा यह भी देश के सामने है। हम पाकिस्तान के आसिफ मुनीर के विरुद्ध अपनी भृकुटियां तान सकते हैं लेकिन पश्चिम बंगाल और मुर्शिदाबाद में बैठे ऐसे आसिफ मुनीरों की पहचान कैसे होगी और उनके साथ क्या किया जाएगा? हम पाकिस्तान में भारत विरोधी आतंकवादियों को सरकार और आईएसआई द्वारा संरक्षण देने की बात करते हैं। उच्च न्यायालय की समिति के अनुसार यहां गैर मुसलमानों के विरुद्ध हिंसा करने वालों को भी पुलिस का साथ मिलता है।

बंगाल विशेषकर मुर्शिदाबाद में भी पुलिस ने घटना से आंखें मूंद कर इन उग्रवादी समूहों को एक प्रकार से काम करने की स्वतंत्रता ही दी। पाकिस्तान सरकार भी वहां गैर मुसलमानों के विरुद्ध हिंसा या उनके धर्म परिवर्तन तथा भारत में आतंकवादी हमले को नकारते हुए भारत पर ही आरोप लगाती है। ममता बनर्जी की भूमिका भी ठीक वैसे ही है। उन्होंने पूरी घटना को आरएसएस बीजेपी की साजिश बता दिया। तो इसके बारे में क्या शब्द और विचार प्रकट करेंगे? रिपोर्ट में शमसेरगंज के जाफराबाद इलाके में हरगोबिंद दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या का जिक्र करते हुए कहा गया है, 'उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया और उसके बेटे और उसके पति को ले गए और उनकी पीठ पर कुल्हाड़ी से वार किया। एक आदमी तब तक वहां इंतजार कर रहा था जब तक वे मर नहीं गए।' दोनों पिता पुत्र का दोष यह था कि वे हिंदू देवी - देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। तो यह कैसी सोच है कि मूर्तियां बनाने वाला इनका दुश्मन हो गया?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिये काफी थकावट भरा हो सकता है। आपकी कही हुई पिछली बातों के आधार पर लोग आपका मजाक बना सकते हैं।

**वृषभ**
व्यवसाय में बड़ी सफलता व नाम प्राप्त होगा। निर्यात सम्बन्धी प्रकल्पों से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**मिथुन**
आज आप किसी पुरानी याद में खोये रहेंगे। नकारात्मक बातों का असर आपके काम पर पड़ सकता है। समय पर भोजन व जलपान करते रहें।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होने से आराम मिलेगा। आपकी प्रतिभा से परिजन व उच्च अधिकारीगण अचम्भित हो सकते हैं।

**सिंह**
व्यवसाय में निवेश को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। परिवार में तनाव की स्थितियों से बचें। लोग आपके प्रति बुरा व्यवहार कर सकते हैं।

**कन्या**
अपने निर्णयों में दूसरे लोगों को शामिल न करें। जीवनसाथी के साथ एकान्त में समय बिताना पसन्द करेंगे। पिता के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला**
जीवनसाथी के साथ गम्भीर बहस हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। यद्यपि इसके दूरगामी परिणाम आपके लिये काफी शुभ रहने वाले हैं।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिजनों से आपके सम्बन्ध अच्छे रहेंगे। आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित और अनुशासित रहेगी।

**धनु**
आज अपने हितों को हमेशा सर्वोपरि रखें। बिना सोचे-समझे बोलने से हानि हो सकती है। पिता के साथ मतभेद उभरने की सम्भावना है। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**मकर**
दिन पहले की तुलना में सुखद रहेगा। नया सीखने की प्रवृत्ति विकसित करें। कारोबार में निराशाजनक परिणाम मिल सकते हैं। काम टालने की प्रवृत्ति के कारण घर के बड़े नाराज हो सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा। व्यवसाय में किसी बड़ी डील में अचानक से समस्या हो सकती है। परिजनों की अनदेखी बिल्कुल भी न करें।

**मीन**
सुख के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। आय के कुछ वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। ज्यादातर काम समय से पहले हो जायेंगे।

# नप बिहट का वार्षिक बजट पारित

## विकास कार्य में आएगी तेजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** नगर परिषद बीहट कार्यालय के सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट सामान्य बोर्ड की बैठक में पेश किया गया। सामान्य बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता नप बीहट की मुख्य पार्षद बबीता देवी ने की। इस दौरान सदन में वित्तिय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट पढ़कर प्रधान लिपिक राजकुमार ने सुनाया जिसके बाद सदन में उपस्थित शशक्त कमिटी सदस्य एवं वार्ड पार्षदों ने सर्वसम्मति से बजट को पारित कर दिया। इस दौरान नप बीहट के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण स्वरूप ने बताया कि नप बीहट का वार्षिक बजट काफी विलंब से सदन में पेश किया गया लेकिन सदन ने सर्वसम्मति से बजट पारित कर अपनी मुहर लगाई। उन्होंने कहा इस वर्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट जो कि अनुमानित आय 171 करोड़, 44 लाख 85 हजार 323 सौ रुपया, अनुमानित व्यय 142 करोड़ 86 लाख 40 हजार रुपया का अनुमान है। इसके साथ ही बचत 28 करोड़ 58 लाख 45 हजार 323 सौ रुपये रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि वार्षिक बजट पारित होने के बाद नप बीहट क्षेत्र का विकास कार्य तेज किया जाएगा। उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार के अनुरोध पर बजट में कला संस्कृति, खेल साहित्य को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी प्रदीप कुमार, सीटी मनैजर चांदनी कुमारी, प्रधान लिपिक राजकुमार, स्वच्छता निरीक्षक मो नदीम, सशक्त कमिटी सदस्य अशोक सिंह, नेहा पटेल, बबीता देवी, वार्ड पार्षद अशोक कुमार सिंह, दीपक कुमार मिश्रा, प्रवीण कुमार सिंह, चन्द्रचूड साह, आशा कुमारी, नीलम देवी, पवन शर्मा, रेणु देवी, उषा देवी सहित अन्य वार्ड पार्षद व सशक्त स्थाई समिति के सदस्य मौजूद थे।

# पर्यावरण के लिए स्काउट ने किया नुक्कड़ नाटक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट (बेगूसराय)।** बरौनी जंक्शन पर रविवार को पर्यावरण सह स्वछता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्काउट एंड गाइड जिला संघ गरहरा टीम द्वारा पर्यावरण बचाओ एवं प्लास्टिक मुक्त भारत थीम के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें विशाल कुमार, कारण शर्मा, चंदन कुमार, प्रिंस, राजा कुमार, सलोनी, प्रिया, आर्यन, रौशन कुमार के द्वारा पौधारोपण से पौधे की कटाई तक उसके अलग गुणों के बारे में नाटक के माध्यम से बताया एवं प्लास्टिक का उपयोग अपने जीवन में नहीं करने की सलाह दी। इस दौरान जंक्शन पर स्वछता का रोड शो निकाला गया। जिसमें हैंडबिल, बैनर, पोस्टर के माध्यम से यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों को स्वछता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से कहा गया कि स्वच्छ रेल-सुंदर रेल, स्वछता किसकी जिम्मेवारी थोड़ी आपकी थोड़ी हमारी, कूड़े को कूड़ेदान में डाले ताकि हमारा रेल परिसर स्वच्छ और सुंदर रहे। यह रैली बरौनी विनोद भवन परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ। मौके पर आशीष कुमार मंडल यांत्रिक अभियंता सोनपुर, मुख्य स्वास्थ निरीक्षक बरौनी सुधाकर गरहरा स्वास्थ्य निरीक्षक रामनिरंजन सिंह, स्वीटी कुमारी, स्काउट जिला सचिव जीवानंद मिश्रा, डीओसी मनीष कुमार, स्काउट मास्टर संजय कुमार, शत्रुघ्न प्रसाद, मुन्नी कुमारी, राजा कुमार, पवन कुमार, मुन्ना कुमार के अलावे दर्जनों कर्मचारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### एसडीओ ने किया तटबंध का निरीक्षण

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर शुक्रवार को बलिया के नये एसडीओ तरनिजा के द्वारा सनहा गोरगामा बांध का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीओ के साथ मौजूद सीओ रवि कुमार एवं जल संसाधन विभाग के कनीय अभियंता अखिलेश कुमार के द्वारा सनहा गोरगमा बांध के कौवाकोल ढाला से लेकर चेचियाही ढाला तक बांध का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस संबंध में सीओ रवि कुमार ने बताया कि बांध पर कई जगहों पर लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर रखा गया है। जिसमें पहाड़पुर पंचायत के तुलसी टोल गांव मुख्य रूप से शामिल है। जबकि कई जगहों पर रेन कट भी देखा गया है। उन्होंने बताया कि एसडीओ के द्वारा जल संसाधन विभाग के कनीय अभियंता को रेनकट व चूहे, शाही के द्वारा किये गये सुराग वाले स्थान को भरने के साथ बांध के दोनों तरफ घास की सफाई कर नुकसान वाले स्थान को ठीक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि बांध पर किये गये अतिक्रमण को लेकर ठोस कदम उठाये जाएंगे ताकि बांध को क्षति नहीं पहुंचे।

### जलजमाव को लेकर अनशन

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के समसा एक पंचायत के वार्ड संख्या 12 और 13 में नाले के पानी और सड़क पर जमाव की समस्या से त्रस्त आम जनता ने नंदन कुमार भोला, दया देवी, मनोज कुमार साह के नेतृत्व में वरीय पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था और रविवार को बीच सड़क पर धरना प्रदर्शन करने के लिए चौकी लगा कर बैठ गये और स्थानीय जनप्रतिनिधि के खिलाफ में नारेबाजी भी की। वहीं धरना स्थल पर मुखिया दिनेश कुमार राय, फिल्म अभिनेता अमिय कश्यप, रंजीत कुमार गुप्ता, पवन कुमार पवनदेव, नंदू साह सहित दर्जनों लोग पहुंच कर नाला निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया और धरना प्रदर्शन सह आमरण अनशन खत्म करवाया।

### अज्ञात शव बरामद

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड परिसर के एक परित्यक्त भवन से एक अज्ञात पुरुष का पुलीस ने शव बरामद क्या है। पुलिस ने बताया कि मर्निंग वक के क्रम में लोगों ने करीब 40 वर्षीय मृत व्यक्ति को दिखा। इसकी सूचना बरौनी थाना पुलिस को दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृत युवक को पोस्टमार्टम हेतु बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मौत होने का स्पष्ट कारण पता नहीं चला है। वही सदर अस्पताल बेगूसराय के शीत गृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो दिन पूर्व युवक को भटकते हुए देखा गया था जो देखने से विचित्र लगता था।

### बढ़ते अपराध के खिलाफ माले करेगी प्रदर्शन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा-माले नेताओं ने जिले में बढ़ते अपराध पर रोष व्यक्त कर 4 जून को समाहरणालय पर प्रदर्शन की घोषणा की है। भाकपा माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा, किसान महासभा जिलाध्यक्ष नवलकिशोर, जसम राज्य सचिव दीपक सिन्हा, टूसा देवी और गौड़ी पासवान ने विमर्श कर मजदूर-किसान, छात्र-युवा, अमन पसंद नागरिकों से अपराध के खिलाफ 4 जून के प्रदर्शन में शामिल होकर सफल करने की अपील की। नेताओं ने कहा बिहार में भाजपा-जदयू के डबल ईंजन सरकार में बेखौफ अपराधियों का तांडव ने लोगों को बेचौन कर रखा है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। बेगूसराय में अपराध चरम पर है। हाल के दिनों में साहेबपुरकमाल के हम पार्टी के नेता 24 वर्षीय राकेश साह उर्फ विकास साह का अपहरण कर हत्या हो या पचवीर की 72 वर्षीय अल्पसंख्यक वृद्ध महिला की हत्या, शराब बेचने के विरोध पर नौला के 23 वर्षीय सुजीत साह की हत्या हो या फिर सिंघौल के राम उदय महतो के मौत का मामला, चेरियाबरियारपुर के मोहम्मद फिरोज की पिटाई या फिर खोदाबंदपुर के रिक्शावाले रघुनाथ पासवान की बेरहम पिटाई और टांग तोड़ने जैसी अमानवीय अपराधिक घटनाएं रोज ब रोज जिले में घटित हो रही है। जिसे रोकने में सरकार और प्रशासन नाकाम है।घटित घटनाओं की निन्दा कर बढते अपराध पर रोक लगाने। अपराधियों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल कर सजा देने और मृतक के आश्रितों को 20-20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की गई।

### ट्रक में पिकअप ने मारी टक्कर, दो की मौत

**फारबिसगंज (अररिया) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिमराहा थाना क्षेत्र के एनएच 57 पर डोरिया सोनापुर के समीप सोमवार की सुबह सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में आम लदी मिनी ट्रक वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गई,जबकि एक आदमी बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के मालदा से आम लदी मिनी ट्रक अररिया होते हुए फारबिसगंज के रास्ते डोरिया सोनापुर पहुंची, जहाँ सड़क किनारे पहले से पंचर खड़ी एक ट्रक से टकरा गई। बताया जा रहा है कि ट्रक में खराबी आने के कारण उसका चालक और खलासी नीचे उतर कर टायर की जांच कर रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने बड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे मे ट्रक चालक व खलासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मिनी ट्रक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। मृतकों की पहचान बड़ी ट्रक चालक पंजाब के रायपुर निवासी 37 वर्षीय सलीम खान व 19 वर्षीय इमरान खान के रूप में की गई है।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं बकरीद का त्योहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभा भवन में बकरीद पर्व को लेकर अनुमंडल प्रशासन की ओर से अनुमंडलस्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक एसडीओ तरनिजा की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन डीएसपी नेहा कुमारी ने की। बैठक में सीओ रवि कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा संजय कुमार, डंडारी स्वास्थ प्रवंधक एसजेड रहमान, नगर के मुख्य पार्षद मो जमाल उद्दीन, साहेबपुरकमाल प्रमुख अनिता राय, उप प्रमुख सचिदानंद पासवान, डंडारी थानाध्यक्ष विवेक कुमार, बलिया थाना के पुअनि निशा कुमारी सिन्हा सहित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों के लोगो का सुनने के बाद एसडीओ तरनिजा ने शांतिपूर्ण व सदभावना पूर्वक बकरीद पर्व मनाने का की अपील की साथ ही कहा बकरीद पर साफ सफाई के साथ स्वच्छता बनी रहे। किसी भी अफवाह से सावधान रहें। अफवाह फैलाने बाले पर पुलिस की नजर रहेगी। नगर व तीनो प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। वही डीएसपी नेहा कुमारी ने कही बकरीद पर्व को लेकर सुबह में नमाज के वक्त ईद्गाह व मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहेंगे साथ ही पुलिस गश्ती तेज रहेगी। अफवाह फैलाने वाले पर कड़ी करवाई होगी। सद्‌भावना पूर्वक बकरीद पर्व मनाने की अपील किया। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों से इसमें सहयोग करने को कहा। सभी जनप्रतिनिधियों ने खुलकर अपने अपने क्षेत्र की बात रखी। बैठक में जदयू के वरीय नेता ब्रजकिशोर मेहता, जिला महासचिव मृत्युंजय कुमार, सरफराज अहमद, पूर्व प्रमुख मनोज कुमार, शिवजी सिंह, अरूण महतो, व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, शम्भू शरण कर्मशील, भाजपा नेता राकेश रौशन मून्ना, राजेश अम्बष्ट, हारून रशीद, मो जावेद अख्तर, कुंदन रस्तोगी,मो शाहिद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# जहरीले नशे के आदी बनते जा रहे युवा, कैरियर के प्रति हैं बेखबर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** प्रखंड क्षेत्र में युवा नशे की लत में डूबता जा रहा है। अपने कैरियर व पारिवारिक जिम्मेदारी से पूरी तरह से बेखबर नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि शराबबंदी होने के बाद स्मैक सूखा धूम्रपान नशा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसमें 13 साल से लेकर 20 वर्ष तक की आयु के ही युवा ज्यादा चिह्नित किये जा रहे हैं। यह एक सभ्य समाज के लिए बहुत ही चिंता का विषय बन गया है। इसका प्रमुख कारण यह है कि नशीले पदार्थों का आसानी से उपलब्ध हो जाना। जिससे युवा पीढ़ी आकर्षित होकर नशे की चंगुल में फंस जाती है। बिहार में शराबबंदी के लागू हुए करीब आठ साल गुजर चुके हैं। इन आठ वर्षों में बिहार में एक ओर जहां शराब पर सख्ती देखी जा रही, वहीं युवाओं में सूखे नशे का चलन तेजी से बढ़ती जा है। नशे के दलदल में फंसने वालों में अच्छे-अच्छे परिवारों के बच्चे भी शामिल हैं। जो पढ़ने लिखने की उम्र में नशे के आदी होते जा रहे हैं। उनमें स्मैक का नाम सबसे ऊपर है। बखरी स्टेशन रोड, मालगोदाम के समीप, पुरानी दुर्गा स्थान मिडिल स्कूल के समीप, गोरियारी ढाला चौक,रौता मुसहरी जाने वाली रोड,पूरानी थाना चौक, महादेव स्थान के समीप समेत बाजार के सुनसान जगहों पर स्मैक गांजा सुलेशन से लेकर इंजेक्शन लेने वाले शौकीन भी हर वक्त आसानी से देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है की शराबबंदी के बाद अल्कोहल से जुड़ा मामला कम हुआ है। अब स्मैक, सिगरेट, गांजा, इंजेक्शन, सुलेसन, सेवन करने वाले खासकर पढ़ने लिखने वाले युवा ज्यादा देखने को मिल रहा हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट (बेगूसराय)।** साइकिल पे सन्डे अभियान के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 11वीं बटालियन रेलवे सुरक्षा विशेष बल गढ़हरा के साथ परिचर्चा व पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। बीहट-गढ़हरा स्थित बटालियन के मुख्य द्वार पर पर्यावरण को लेकर रेलवे के जवानों और स्थानीय लोगों के साथ परिचर्चा की गयी। परिचर्चा में भाग लेते दिनकर पुस्तकालय सिमरिया के अध्यक्ष विश्वम्भर सिंह ने कहा कि मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है, ऐसी स्थिति में हम सबको पर्यावरण के प्रति चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंन कहा कि साइकिल पे सन्डे अभियान वक्त की नजाकत को महसूस कर रहा है और प्रयास कर लोगों को जागरूक कर रहा है। वहीं आरपीएसएफ के निरीक्षक शंकर लाल ने कहा कि आज के युवाओं को इस ओर जोड़ने की जरूरत है जिसको साइकिल पे सन्डे अभियान कर रही है। इंस्पेक्टर राम प्रवेश झा ने कहा कि यह रेलवे में होने के कारण पूरा देश जाने का मौका मिला है लेकिन यह अभियान देश के अंदर संभवतः पहला अभियान होगा जो समूह में साइकिल के साथ पर्यावरण की बात करता है। पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी ने कहा कि साइकिल पे सन्डे अभियान एक साथ दो पौधों का संरक्षण कर रही है एक तो मूल पौधों को और दूसरा नए बच्चों को इस अभियान में लाकर। प्रज्ञा विचार मंच के अशोक कुमार सिंह ने अभियान को देश के लिए सर्वश्रेष्ठ अभियान बताया। वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कृष्ण कुमार ने कहा कि साइकिल पे सन्डे अभियान ने खतरे को भांपते हुए 11 वर्ष पूर्व ही इस कार्यक्रम की शुरूआत कर पर्यावरण बचाव के लिए एक बेहतर विकल्प दिया है। मौके पर टीम के सदस्य अंशु कुमार द्वारा अभियान की जानकारी और स्वागत शिक्षक दिलीप कुमार के द्वारा किया गया। परिचर्चा को राजन कुमार, अक्षत, विकास, लक्ष्य सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन डा. कुन्दन और अभिनव कुणाल के द्वारा, जबकि धन्यवाद सुजीत कुमार के द्वारा किया गया। वहीं श्यामनन्दन सिंह पन्नालाल, कौशल किशोर बुलबुल, अनिल सिंह बादल, साइकिल पे सन्डे के शुभम कुमार, रामगोविंद कुमार, कन्हैया, अंकित, अर्पित, ओम, केशव, चंदन सहित अन्य ने संबोधित किया।

# मोहब्बा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अव्वल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** महिपाटोल पंचायत के मोहब्बा गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत राज्य स्तरीय प्रमाणीकरण किया गया है। जिसमें इसे जिले में प्रथम स्थान एवं पूरे बिहार राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। मूल्यांकन में प्रखंड क्षेत्र के मोहब्बा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 93 अंक प्राप्त हुए हैं। जो अंक तालिका में यह सेंटर जिले में प्रथम रैंक एवं राज्य में द्वितीय रैंक प्राप्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए डंडारी पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. मनमोहन सिंह एवं मोहब्बा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ रोहित कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों की टीम के द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सेवाओं को विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया गया। जिसमें मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाएं, उनके अधिकार, क्लिनिकल सर्विसेज, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन जैसे पैरामीटर शामिल हैं। प्रमाणीकरण के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होती है। इस सेंटर को 93 अंक हासिल हुए हैं। इस उपलब्धि पर मुखिया कल्याणी देवी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबन्धक शाह जियाउल रहमान, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक पंकज कुमार आदि ने भी प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त की है।

# सौ या इससे अधिक आबादी वाले छूटे हुए टोलो मे संपर्क पथ का होगा निर्माण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि बिहार मे मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) शुरू की गई हैं जिसके तहत प्रदेश के सभी एक सौ या इससे अधिक आबादी वाले छूटे हुए टोलो मे संपर्क पथ का निमार्ण कराया जायेगा। श्री चौधरी आज समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन सह संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की सुविधा के लिए प्रथम चरण मे पूरे प्रदेश मे करीब 24 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निमार्ण कराया जा रहा है। इसके साथ ही द्वितीय चरण में भी करीब 10 हजार किलोमीटर सड़क बनाया जायेगा जिसका इसी जून महिने मे निविदा निकाली जाएगी। श्री चौधरी ने बताया कि 9 साल बाद मुख्यमंत्री सेतु योजना फिर से शुरू की गई है जिसके तहत राज्य में 6 सौ 50 नये पुल भी बनाये जायेगें जिसकी विभागीय प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने समस्तीपुर प्रखंड मे विभिन्न विकास योजनाओं का कार्यारंभ किया।

# मुजफ्फरपुर रेप कांड के खिलाफ कांग्रेस ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया।** मुजफ्फरपुर में नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार फिर उसकी मृत्यु से नाराज कांग्रेसी नेता ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला जलाकर विरोध किया। टाउन हॉल अररिया के चौक पर पार्टी नेताओं ने पुतला दहन कर मुख्यमंत्री मुर्दाबाद, मुख्यमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगा रहे थे। विदित हो कि मुजफ्फरपुर के एक गांव में एक नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार किया गया फिर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराने के क्रम में जिंदगी मौत से संघर्ष करते हुए उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष वहां पहुंचे थे, जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस घटना से आक्रोशित कांग्रेसी नेता ने रविवार को बिहार के सभी जिला में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। मौके पर अररिया के विधायक आबिदुर रहमान ने कहा नीतीश कुमार अपने आप को सुशासन बाबू कहते हैं और सुशासन की सरकार बिहार में होने की बात कहते है, लेकिन इनके राज्य और सुशासन में हमारी बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने बच्ची के लिए इंसाफ की मांग करते हुए उनके परिजन को सुरक्षा देने की मांग की है। पुतला दहन कार्यक्रम में अररिया सदर विधायक आबिदुर रहमान, जिलाध्यक्ष शाद अहमद, अब्दुस सलाम, फारबिसगंज विधान सभा प्रभारी अंशु पांडे, जफरुल हसन, अलीम उद्दीन, प्रदीप कुमार करण, चंगेज अंसारी, पिंटू आदि नेता शामिल थे

# योगियां हाईस्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रसूलपुर।** शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में शिक्षकों द्वारा बच्चों के गृहकार्य में सहयोग करने की अपील अभिभावकों से की गई। योगियां हाईस्कूल में कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार द्वारा संचालित गोष्ठी में विज्ञान शिक्षक राकेश तिवारी ने कहा कि छात्र और शिक्षक के बीच अभिभावक सेतु का काम करते हैं परिणामस्वरूप ही छात्रों का शैक्षणिक विकास तीव्र होता है। मौके पर असहनी, योगिया, शिवरी गांवों से अभिभावक अलिशेर हुसैन, रंजीत प्रसाद, आदित्य कुमार, ओमप्रकाश नारायण, सरोज ओझा, सलमान हुसैन, नागेंद्र कुमार, सविता देवी के साथ वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप, कुमार प्रिंस, विकास उपाध्याय, उमेश पांडेय, धर्मेन्द्र तिवारी, नेहा, साजिदा परवीन, कर्पूरी ठाकुर, श्यामबाबू, दीपक, दिनेश दूबे, अर्चना, पूर्णिमा, कामिनी, सुमन यादव, श्रेया, लूसी, दुर्गेशनंदिनी, सिद्धि, राहुल गुप्ता अमरनाथ गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, आशिफ इकबाल मो इरफान, हर्षवर्धन यादव आदि विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

# चिराग को चुनाव लड़ाने की उठी मांग

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में बखरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बखरी न केवल रामविलास पासवान जी की राजनीतिक कर्मभूमि रही है, बल्कि यही वह स्थान है जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान ने कहा बखरी की जनता जाति और पार्टी से ऊपर उठकर सोचती है। अगर चिराग पासवान जी यहां से चुनाव लड़ते हैं, तो उन्हें भारी बहुमत से जीत मिलेगी। जनता उन्हें अपने जनप्रतिनिधि के रूप में देखना चाहती है। चिराग पासवान के बखरी से निर्वाचित होने पर वर्षो से विकास के बंद द्वार खुलेंगे गौरतलब है कि हाल ही में चिराग पासवान ने संकेत दिया था कि वे इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में खुद भी उतर सकते हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने किया 'मेंहीं एक विचार' का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भागलपुर।** संतमत के महान प्रवर्तक व बीसवीं सदी के दिव्य संत, जन-जन के आराध्य परमाराध्य महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के जीवन और विचारों पर आधारित हिन्दी फिल्म मेंहीं एक विचार का फर्स्ट लुक आज उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। स्थानीय कुप्पाघाट स्थित आश्रम में रविवार को आयोजित एक समारोह मे उपस्थित उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि यह आयोजन आध्यात्मिकता और तकनीक का संगम है जहां परंपरा भविष्य से मिलती है। मेहीं फ़िल्म और आश्रम के मोबाइल एप और वेबसाइट के माध्यम से अब संतमत का संदेश, सत्संग, भजन, साहित्य और मार्गदर्शन देश-दुनिया के कोने-कोने में पहुंचेगा। महर्षि मेंहीं जी की शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए पथप्रदर्शक बनेंगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह हम सभी के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि महर्षि मेंहीं जी के जीवन पर इतनी सुंदर और प्रेरणादायक फिल्म बनाई गई है। यह फिल्म समाज के हर वर्ग को नई ऊर्जा और विचार देगी, खासकर युवा पीढ़ी के लिए यह एक अमूल्य मार्गदर्शन साबित होगी। फिल्म मेंहीं एक विचार, एक व्यक्तित्व के निर्देशक दीपक साह ने बताया कि यह फिल्म केवल एक बायोपिक नहीं है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक विरासत को सिनेमा के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने का एक गंभीर और भावनात्मक प्रयास है। फिल्म में महर्षि मेंहीं जी के त्याग, तपस्या, ज्ञान और समाज सेवा के आयामों को दर्शाया गया है, जिससे हर वर्ग के दर्शक प्रेरित होंगे।

अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा कुप्पाघाट के अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि कुप्पाघाट सिर्फ भागलपुर ही नहीं पूरे विश्व पटल के अनुयाई के लिए इस तरह के पोर्टल और ऐप का निर्माण किया है, जिसके तहत पूरे विश्व स्तर के अनुयाई को कुप्पाघाट संत श्री मेंहीं जी के जीवन से जुड़ पाएंगे एवं जानकारी प्राप्त कर पाएंगे. जो श्रद्धालुओं, भक्तों के साथ के साथ-साथ पूरे भागलपुर पूरे प्रदेश एवं देश के लिए गर्व की बात है। अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा, कुप्पाघाट के महामंत्री दिव्य प्रकाश ने कहा कि यह क्षण केवल एक फिल्म विमोचन नहीं, बल्कि संतमत की चेतना को एक नई दिशा देने का अवसर है। इस आयोजन की तैयारी लंबे समय से चल रही थी, और आज यह सपना साकार हो रहा है।

इस मौके पर स्वामी सत्यानंद बाबा, पूज्य गुरु सेवी भागीरथ बाबा, प्रमोद बाबा, विधानपार्षद एन के यादव, लोजपा (आर) प्रदेश महासचिव संगीता तिवारी ,पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका, कहलगांव विधायक पवन यादव, बिहपुर विधायक इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार नरपतगंज विधायक जयप्रकाश यादव, भागलपुर महापौर वसुंधरा लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, अररिया भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, महासभा के उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, प्रियंका चौहान, आवर पाथ इंटरटेनमेंट के निदेशक रवि रंजन सहित साधु-संत, समाजसेवी एवं संतमत विचारक, श्रद्धालु मौजूद थे।

# किशोरी शरण सिंह स्मृति पुस्तकालय का उद्घाटन

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के पैनाल गांव में रविवार को किशोरी शरण सिंह स्मृति पुस्तकालय का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। यह पुस्तकालय समर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर समर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद नशूर अजमल ने कहा गांव के लोगों की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने इस पुस्तकालय की स्थापना में अहम योगदान किया. उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ने की आदत डालनी चाहिए, जिससे वे न केवल अपना करियर बना सकें बल्कि अपने व्यक्तित्व का भी विकास कर सकें. हमें समुदाय की लड़कियों को बेहतर पहुंच देने और उनके लिए विशेष व्यवस्था करने की जरूरत है ताकि वे सहजता से पढ़ाई कर सकें। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना की और पुस्तकालयों की अहमियत पर बल दिया. यह सुझाव भी दिया गया कि पुस्तकालय में नियमित गतिविधियाँ आयोजित की जाएं। साथ ही, लड़कियों की सुविधा के लिए अलग समय तय करने की घोषणा की गई।

# सरथुआ के समीप एनएच 22 पर टोल प्लाजा का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के कोहरा गांव स्थित एनएच- 22 पर टोल प्लाजा का उद्घाटन हुआ है। मौके पर टोल मैनेजर विधान कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व इस सड़क का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा चुका है। वहीं रविवार के दिन टोल कर्मी एवं स्थानीय लोगों द्वारा इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर कोहरा पंचायत के मुखिया मोहमद आरजू, टेहटा




थाना अध्यक्ष आलोक कुमार, लालू कुमार सहित टोल प्लाजा के सभी कर्मी मौजूद थे। इस दौरान टोल प्लाजा के मैनेजर ने टोल रेट पर बताया कि कार, जीप एवं छोटे सभी वाहनों का 140 रुपया, व्यवसायिक वाहन बस इत्यादि वाहनों का 225 रुपया, बड़े वाहनों बस ट्रक इत्यादि का 470 रुपया, सहित अन्य बड़े वाहनों का अलग अलग दर निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के अंदर आने वाले लोगो का पास बनाया जाएगा। जिन्हें 350 रुपया मासिक खर्च पर पास बनाया जायेगा।

# के एम हॉस्पिटल में डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** रोटरी मोतिहारी लेक टाउन द्वारा शहर के के. एम . हॉस्पिटल में डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया गया। रोटरी जिला 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चाचान, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव कुमार ठाकुर एवं सत्र 2027 -28 के नामित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मुकेश तनेजा द्वारा संयुक्त रूप से इस डायलिसिस सेंटर का आरंभ किया गया। यह डायलिसिस सेंटर रोटरी के ग्लोबल ग्रांट के तहत यहां स्थापित किया गया। कोई भी बड़े सेवा कार्य के लिए ज्यादा पैसे की भी ज़रूरत होती है और यह पैसा कोई भी छोटा संस्थान खुद से वहन नहीं कर पाता,यहां ग्लोबल ग्रांट काम आता है। इसके तहत 25% खर्च स्थानीय क्लब को उठाना पड़ता है और 25 प्रतिशत खर्च विश्व के किसी भी देश का कोई भी क्लब उठाता है, बाकी के 50 प्रतिशत रोटरी फाउंडेशन के द्वारा दिया जाता है।

यह प्रोजेक्ट साउथ कोरिया के रोटरी नॉसॉन्ग जिला 3750 के सहयोग से एवं ग्लोबल ग्रांट संख्या 2568253 के तहत संभव हो पाया है।

फिलहाल इस सेंटर पर दो डायलिसिस मशीन उपलब्ध है। मगर आने वाले समय में यहां और भी डायलिसिस मशीन स्थापित की जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथियों ने सर्वप्रथम डायलिसिस सेंटर पर लगे शीला पट का अनावरण किया। तत्पश्चात फीता काटकर अनुष्ठानिक तरीके से सेंटर का उद्घाटन किया गया।

## एक नजर

### डूबने से बालक की मौत

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** पकड़ीदयाल नगर पंचायत क्षेत्र के जगतिया गांव में रविवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दस वर्षीय बालक की बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान वार्ड संख्या-3 निवासी इंदल दास के पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजीत अपने दोस्तों के साथ दोपहर में नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथ मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया, जिन्होंने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद अजीत के शव को नदी से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पकड़ीदयाल थाना अध्यक्ष अशोक साह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इधर सीओ रोहित कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही जांच के लिए अंचल कर्मी को घटनास्थल भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ित परिवार को आपदा राहत मद से मुआवजा दिलाने हेतु जिला को रिपोर्ट भेजी जाएगी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा है। मां समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### पांच किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** घोड़ासहन थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में पांच किलोग्राम नेपाली गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह छापेमारी अमवा गांव के समीप की गई, जहां प्रतिबंधित मादक पदार्थ की डिलीवरी की जा रही थी। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के पकही गांव निवासी लखिदर कुमार एवं पप्पू कुमार के रूप में की गई है। एसएसबी 20वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट दिव्यांश द्विवेदी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों तस्करों ने खुलासा किया कि वे पकड़ीदयाल के विकास उर्फ बिकु नामक एक व्यक्ति के इशारे पर नेपाल के बारा जिले के बेलदारी से गांजा की खेप लाए थे और अमवा गांव में किसी व्यक्ति को डिलीवरी देने वाले थे। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस और एसएसबी की टीम ने तत्काल संयुक्त छापेमारी कर दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से गांजा जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।इस कार्रवाई को सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क पर करारा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूरे रैकेट की कड़ी से कड़ी जोड़कर जल्द ही मुख्य सरगना तक पहुंचने की तैयारी की जा रही है।

# लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने दो की ली जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शीतलपुर चौक पर शनिवार को शाम में ट्रैक्टर की ठोकर से गंभीर रूप से घायल कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कैथवलिया मठ गांव निवासी लखींद्र राम पिता जलधारी राम का एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। ज्ञात हो कि मृतक चकिया शहर से मजदूरी के बाद आवश्यक सामग्री खरीद कर स्कूटी बाइक से घर जा रहा था। इसी क्रम में उक्त स्थान पर आगे से आ रहे लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी में ठोकर मार दी थी। जिसमें बाइक पर सवार मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी जय लाल राम की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई थी, जबकि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कैथवलिया मठ गांव निवासी लखींद्र राम व रामविलास राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया था।जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया। रास्ते में लखींद्र राम की मौत हो गई। वहीं घायल रामविलास राम का उपचार चल रहा है वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया था। चालक मौके से फरार हो गया था।

# केंद्रीय कृषि मंत्री का दौरा आज, पूर्व मंत्री ने लिया तैयारी का जायजा

## कृषि मंत्री 6.14 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास, दो हजार किसानों के साथ निकालेंगे तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र आयेंगे, और आयोजित कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करेंगे। इस दौरान 6.14 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। दो हजार किसानों साथ तिरंगा यात्रा निकालेंगे। जिसको लेकर पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री व स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। वहीं कृषि से संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार पूरे देश भर में भ्रमण कर रहे हैं। और जगह-जगह किसनों से वार्तालाप कर रहे हैं। इस भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को



कृषि विज्ञान केन्द्र में सुबह 9 बजे आगमन सुनिश्चित हुआ है। बताया कि भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा 29 से 12 जून तक देशव्यापी महत्वकांक्षी महाभियान की शुरूआत की गई है। जिसे विकसित कृषि संकल्प अभियान के नाम से पूरे देश में चलाया जा रहा है। यह देशव्यापी अभियान पूरे देश के सात सौ जिलों में एक साथ चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक वैज्ञानिकों की टीम किसानों की खेतों तक जाकर तकनीकी जानकारियां दे रहे हैं। इस कार्यक्रम से 15 दिनों में डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्वी चम्पारण के दोनों कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक की दो-दो टीमें तैयार की गई हैं। और प्रत्येक टीमें एक दिन में तीन-तीन गांवों का भ्रमण कर रहे हैं। हर कार्यक्रम में दो सौ से अधिक किसानों को एकत्रित वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती करने की जानकारियां दे रहे हैं। किसानों की आय की दिन प्रति दिन कैसे बढ़े एवं उनकी आय दुगुनी करने और गांव के किसानों की समस्याओं की रूपरेखा भी तैयार कर रहे हैं। बैठक में विभिन्न संस्थान के पदाधिकारीगण, विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण, बिहार सरकार के सभी पदाधिकारीगण एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### होमगार्ड भर्ती : मोतिहारी में केवल 95 अभ्यर्थी ही घोषित हुए सफल

**मोतिहारी।** जिले में गृहरक्षकों (होमगार्ड) के स्वच्छ नामांकन हेतु 31 मई 2025 को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में केवल 95 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 700 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 485 उम्मीदवारों ने परीक्षा में भाग लिया। शारीरिक परीक्षण के तहत आयोजित 1600 मीटर की दौड़ में 112 अभ्यर्थी सफल हुए। इसके बाद 103 अभ्यर्थियों की ऊंचाई और सीना माप की गई, जिसमें से 9 अभ्यर्थी निर्धारित मापदंड पर खरे नहीं उतर सके और असफल घोषित कर दिए गए। बचे हुए 103 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक जैसी शारीरिक गतिविधियों में भाग लिया। अंतिम चरण में चिकित्सीय परीक्षण के दौरान 8 अभ्यर्थी अनफिट पाए गए। अंततः सिर्फ 95 अभ्यर्थी ही शारीरिक और चिकित्सीय मानकों पर खरे उतर सके और दैनिक रूप से सफल घोषित किए गए। गौरतलब है कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई।

# ऑनलाइन उत्कृष्ट नवाचार शिक्षण के लिए किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिला परिषद् के सभागार में राज्य के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'दी बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स मेरा मोबाइल मेरी शिक्षा फ़ेसबुक मंच के द्वारा रविवार को तिरहुत प्रमंडल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्ष ममता राय मौजूद थी। अध्यक्ष श्रीमती राय ने कहा कि दी बिहार टीचर्स हिस्ट्री मार्क्स द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय हैं। यह मंच उन शिक्षकों को सम्मानित करता है जो पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से हटकर नवीन तरीकों से बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं। समारोह में अरेराज निवासी योगगुरु आदित्य



पाण्डेय सहित तिरहुत प्रमंडल के सभी छह जिलों लगभग 250 शिक्षकों को ऑनलाइन उत्कृष्ट नवाचार शिक्षण के लिए सम्मानित किया गया। इनके द्वारा अपने विद्यालयों और कक्षाओं में बच्चों के समग्र विकास हेतु भी अभिनव प्रयास किया गया। ये शिक्षक न केवल खेल-खेल में शिक्षा, डिजिटल साधनों का उपयोग, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाले तरीकों को अपनाकर शिक्षा को रुचिकर और प्रभावी बना रहे हैं। ये सभी शिक्षक न केवल अपनी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनका उद्देश्य छात्रों में सीखने की क्षमता के विकास के साथ-साथ एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना भी रहा है। यह सम्मान समारोह उन तमाम शिक्षकों के लिए उत्साहवर्द्धन व प्रेरणास्त्रोत का एक सुगम मार्ग भी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मेयर प्रीति गुप्ता, ईश्वर चंद्र मिश्रा (अध्यक्ष, जिला परि. शि. स.), व्याख्याता संजय तिवारी, उमेश कुमार गुप्ता, मंजू कुमारी व विजय कुमार पांडेय, टी बी टी मंच के संरक्षक ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी शामिल थे। इसके पहले मंच का संचालन रजनीश कुमार ने किया वहीं संपूर्ण कार्यक्रम की मॉनीटरिंग टीबीटी के फाउंडर डा. कुमार गौरव, उपाध्यक्ष मो. जियाउल होदा एवं कोषाध्यक्ष सह स्टेट कल्चरल हेड अरविन्द कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर प्रवक्ता शिव कुमार, शिक्षिका अलका शुक्ला, माला सिन्हा, ओनम सिंह तथा पुष्पा गुप्ता सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड के सुकियावा निवासी 50 वर्षीय बिरेन्द्र शर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना रविवार को दस बजे के आसपास की बताई गई है। इस संबंध मे बताया गया कि बुलेट से सवार होकर एक अन्य युवक मुकेश कुमार जो मनियावां का रहने वाला था के साथ बिहारशरीफ धार्मिक अनुष्ठान मे भाग लेने जा रहे थे। इस दौरान घोसी- इसलामपुर पथ पर मुरगांव से आगे कोविल द्वार के पास विपरित दिशा से आ रहे तेज रफ्तार असंतुलित ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी, जिससे बाइक तो दूर जा गिरा तथा बाइक पर दोनो सवार सडक पर आगे गिर गये और ट्रैक्टर के नीचे आ गये। इस घटना में बीरेंद्र शर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक गाडी छोडकर फरार हो गया। वहीं इस घटना में एक अन्य युवक भी गंभीर रुप से घायल हो गया। घटनास्थल इसलामपुर थाना क्षेत्र मे होने के कारण सूचना इसलामपुर पुलिस को दी गई वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को पटना रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि बीरेंद्र शर्मा किसान तो थे ही साथ ही इनकी प्रसिद्धि भजन गायक के रुप मे थी। वे धार्मिक अनुष्ठानो मे दूर दूर भाग लेने जाया करते थे।

### ललन सहनी बने मछुआरा आयोग के अध्यक्ष

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** बंजरिया प्रखंड के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ललन सहनी को बिहार राज्य मछुआरा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके मनोनयन की खबर से बनकटवा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। कार्यकर्ताओं ने ललन सहनी को मिली इस नई जिम्मेदारी के लिए बिहार सरकार एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया है। बधाई देने वालों में भाजपा जिला प्रभारी वरुण सिंह, पूर्व प्रमुख गणेश यादव, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, चंद्रभान मिश्रा, सुबोध यादव, प्रमोद कुशवाहा, अवधेश सिंह, कौशल ठाकुर, अखिलेश मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, गजेंद्र राम, छोटे लाल यादव, रजनीश मिश्रा, गगनदेव पंडित, सुभाष साह, धर्मेंद्र सिंह, शिवचंद्र पासवान, नागा साह, ललन चौधरी, बबलू श्रीवास्तव, शिवचंद्र शर्मा, पप्पू सिंह, विनोद सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कभी नदी में चुहारी खोदकर पीते थे पानी नल जल योजना से मिल रहा स्वच्छ पेयजल

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र के बौरी पंचायत के दादपुर महादलित टोला के लोग कुछ साल पहले तक फल्गु नदी में चूहारी खोदकर अपनी प्यास बुझाते थे। नदी से पानी भरकर लाना कम चुनौती भरा नहीं था। टोले की महिलाएं अपने सर पर पानी भरकर, लंबी दूरी तय कर अपने घर पानी लाने को विवश थे। सर पर मटका और तसला लिए महिलाओं के झुंड सुबह और शाम पानी के लिए एक किलोमीटर दूरी तय करके फल्गु नदी में पहले चूहारी खोदते और जब पानी जमा हो जाता तो उसे निकाल कर घर में सहेज कर रखते थे। लेकिन इधर हाल के वर्षों में टोले की स्थिति बिल्कुल बदल गई है।सरकार के सात निश्चय योजना की सबसे महत्वाकांक्षी योजना नल जल ने महादलित टोले के स्वरूप को बदल कर रख दिया है। पानी के अभाव में पहले लोग पीने के लिए कम पानी का इस्तेमाल करते थे वही रखे हुए पानी से लोगों को पेट संबंधी कई लोगों का शिकार होना पड़ता था। बरसात के दिनों में यहां के लोगों को डायरिया, कॉलरा समेत दूसरे बीमारियों से जूझना पड़ता था। नल जल योजना के आने से इस टोले में न सिर्फ स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हुई है बल्कि लोगों के साफ-सफाई में भी व्यापक बदलाव देखी जा रही है। बिजली पानी की व्यवस्था होने से अब हर घर में



बुनियादी सुविधाएं दिख रही हैं। 1400000 रुपए के लागत से 210 घर के इस टोले में हर घर में नल का स्वच्छ जल आपूर्ति हो रहा है। वार्ड संख्या 9 में पडने वाले इस टोला के लोगों के रहन-सहन में भी पहले की तुलना में बुनियादी फर्क दिखने लगा है पहले पेयजल आपूर्ति नहीं रहने से महिलाओं को नदी से खोदकर पानी को घर लाना पड़ता था जिसमें काफी समय नष्ट होता था। आज उसी समय को बचाकर लोग मेहनत मजदूरी में लगा रहे हैं। टोले में बुनियादी परिवर्तन के बीच है नल जल योजना की महती भूमिका बताते हुए वार्ड सदस्य हरिचरण मांझी बताते हैं कि नल जल योजना ने टोले का कायाकल्प कर दिया है। दादपुर गांव के ग्रामीण नागेंद्र शर्मा बताते हैं कि नल जल योजना नहीं आने से पहले वार्ड नंबर 9 में पेयजल का घोर संकट था लेकिन नल जल योजना के आने से यहां चौमुखी विकास हुआ है। सबसे अधिक गांव की महिलाओं को लाभ हुआ है।

# नीतीश कुमार की मानसिक और शारीरिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे सरकार चला सकें : पीके

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर आज एक दिवसीय दौरे पर पूर्वी चंपारण पहुंचे। पूर्वी चंपारण में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह को चुनौती दी कि अगर भाजपा में हिम्मत है तो चुनाव से पहले वे यह घोषणा करें कि नीतीश कुमार एनडीए के मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। अगर मोदी जी में हिम्मत है तो वे बताएं कि अगर एनडीए की सरकार बनती है तो नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे




या एनडीए का कोई और नेता मुख्यमंत्री बनाया जाएगा? उन्होंने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के दौरान भाजपा नेता कह रहे थे कि चुनाव मोदी और एकनाथ शिंदे के चेहरे पर लड़ा जा रहा है। लेकिन नतीजे आने के बाद उन्होंने अपनी पार्टी के नेता को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री मोदी का नाम तक याद नहीं है, उन्हें भाजपा ने बिहार की 13 करोड़ जनता पर थोप रखा है। नीतीश कुमार की मानसिक और शारीरिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे सरकार चला सकें। बिहार की जनता के लिए यह बहुत गंभीर मुद्दा है कि उनके मुख्यमंत्री को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के नाम और विभाग तक याद नहीं हैं। इतना ही नहीं कभी वे किसी अधिकारी के सिर पर गमला रख देते हैं तो कभी राष्ट्रगान के बीच में ही ताली बजाने लगते हैं। इसीलिए जन सुराज और प्रशांत किशोर पिछले कई महीनों से कह रहे हैं कि नीतीश कुमार सरकार का नेतृत्व करने के लिए स्वस्थ नहीं हैं। एक तरफ सिपाही बनना है तो फिटनेस टेस्ट होता है और दूसरी तरफ राज्य के मुख्यमंत्री की मानसिक और शारीरिक स्थिति क्या है, इस पर सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कहा कि बिहार में हर दिन हत्याएं हो रही हैं लेकिन क्या मुख्यमंत्री ने इसके लिए कोई बैठक की और राज्य में कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

### छोटेलाल चौरसिया बने कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने रक्सौल नगर परिषद कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ एवं अनुभवी कांग्रेसी नेता छोटेलाल चौरसिया की नियुक्ति की है। छोटेलाल चौरसिया लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे हैं और कांग्रेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता व योगदान को देखते हुए उन्हें यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि उनकी पत्नी वार्ड संख्या 24 की पार्षद हैं और वर्तमान में रक्सौल नगर परिषद की स्थायी सशक्त समिति की सदस्य भी हैं। श्री चौरसिया के मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय समाजसेवियों में हर्ष व्याप्त है। सामाजिक कार्यकर्ता नुरुल्लाह खान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजन कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ गणेश गुप्ता समेत कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है और आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र में कांग्रेस को नई दिशा व मजबूती मिलेगी।

# ग्लोबल वार्मिंग से सूखने लगीं नदियां, खतरे में जिंदगी और खेती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** ग्लोबल वार्मिंग का असर अब धरती पर स्पष्ट दिखने लगा है। पूर्वी चंपारण की प्रमुख नदियों, ताल-तलैयों और नहरों में पानी का स्तर तेजी से घटता जा रहा है। इससे न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि जनजीवन और खेती-किसानी पर भी संकट मंडराने लगा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, एक दशक पहले तक नदियों में साल भर पानी भरा रहता था, लेकिन अब वे या तो पूरी तरह सूख चुकी हैं या सूखने की कगार पर हैं। तटवर्ती गांवों के किसान जल की कमी के कारण सब्जी, मक्का जैसी नकदी फसलों की खेती नहीं कर पा रहे हैं। नेपाल से निकलने वाली तिलावे, गाद,



बंगरी, पसाह जैसी नदियाँ, जो रक्सौल, आदापुर, रामगढ़वा, बंजरिया होते हुए सुगौली और फिर सिकरहना में जाकर गंगा से मिलती हैं – अब जलविहीन होती जा रही हैं। बरसात के कुछ महीनों को छोड़ दें, तो इन नदियों में बहाव लगभग समाप्त हो चुका है। मछुआरों का रोजगार भी ठप हो गया है। पहले जिन नदियों में झींगा, चेलवा, जल कपूर, कौवावा जैसी मछलियाँ आसानी से मिलती थीं, वे अब लुप्त हो चुकी हैं। जल जीवन के इस संकट की पुष्टि प्रसिद्ध पर्यावरणविद व जंतु विज्ञान के प्रोफ़ेसर डॉ. अनिल कुमार सिन्हा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में अनियंत्रित खनन से जलस्त्रोत समाप्त हो चुके हैं, जिससे नदियों का प्रवाह बाधित हो गया है।

उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते ठोस प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ी को जल संकट और कृषि संकट की भीषण मार झेलनी पड़ेगी। प्रवासी पक्षियों ने भी अब इस क्षेत्र को छोड़ना शुरू कर दिया है, और पशु-पक्षी पानी की तलाश में दूर-दूर भटक रहे हैं।

# गायत्री परिवार ने किया शांति पाठ, स्मृति में पौधारोपण कर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा 209 वें रविवार को सदर प्रखंड के अमैन गांव में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया गया था। गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं विशेष वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन तथा शांति पाठ का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम अमैन निवासी वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ कुमार के पिता के वैकुंठगमन उपरांत आयोजित किया गया था। समाजसेवी राधेश्याम शर्मा के वैकुंठ गमन के बाद उनके श्रद्धांजलि स्वरुप यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गायत्री परिवार के जिला संयोजक रंगेश कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम गायत्री महामंत्र व महामृत्युंजय मंत्र के साथ विधिवत पूजन हवन और शांति पाठ भी किया गया। उसके बाद उनकी स्मृति में लगभग 50 से अधिक फलदार पौधों का पूजन कर पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर देश के जानेमन सुविख्यात पत्रकार सतीश के सिंह मौजूद रहे इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ पौधा समस्त जीवों का जीवनदायनी है। पौधा लगाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है इससे हमें ऑक्सीजन मिलती है जो समस्त जीवों के प्राण की रक्षा करती है। उन्होंने सभी लोगों को पेड़ पौधा लगाकर तथा सुरक्षा कर पर्यावरण की रक्षा का करने की सलाह दी। विगत चार वर्षो से प्रत्येक रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम कर लगभग 40,000 से अधिक पौधा लगाने पर गायत्री परिवार के सदस्यों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सुनील कुमार, धीरज कुमार, श्यामनारायण कुमार, मनोज कुमार मनीष,आर्यन राज,विनोद कुमार के अलावा स्थानीय पत्रकार अमरनाथ सिंह ,आलोक कुमार,शिक्षक मनीष कुमार, पूर्व मुखिया नरेश प्रसाद सिंह ,पैक्स अध्यक्ष धीरज कुमार, पूर्व सरपंच राम भरोसा शर्मा, गया प्रसाद सिंह, कैचेट फार्मास्यूटिकल के प्रबंधक अंजनी कुमार, प्रेम कुमार समेत कई अन्य लोग भी शामिल हुए।

# तूल पकड़ता जा रहा है चरण बाजार में पुलिस ज्यादती का मामला

## पूर्व सांसद सुशील सिंह ने स्थानीय लोगों से मिलकर दिलाया कार्रवाई का भरोसा, कहा- गृह मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के चरण बाजार में पुलिस की कथित बर्बरता का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। रविवार को घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि औरंगाबाद पुलिस ने गुंडों और डकैतों की तरह व्यवहार किया है। उन्होंने पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया और कहा कि यह मामला वे मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री तक पहुंचाएंगे। पूर्व सांसद ने बताया कि पुलिस की यह कार्रवाई किसी कानूनी कार्रवाई से अधिक एक दहशतगर्दी थी। उन्होंने कहा कि एक पुलिसकर्मी बिना वर्दी और पहचान पत्र के महिलाओं के घर में जबरन घुसा, जिसका विरोध करने पर पूरे गांव पर कहर टूट पड़ा। चरण बाजार में ऐसा कोई घर नहीं बचा, जहां पुलिस ने ताले न तोड़े हों, संपत्ति न तोड़ी हो, या लोगों को न पीटा हो। सुशील सिंह के मुताबिक पुलिस ने न केवल घरों में तोड़फोड़ की, बल्कि टीवी, फर्नीचर और अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचाया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों तक को नहीं बख्शा गया। सीसीटीवी कैमरे तोड़े गए, हार्ड डिस्क लूटी गई और घर में रखे पैसे लूटे गए–यह सब अपराधियों जैसा कृत्य है, न कि कानून के रक्षकों का। पूर्व सांसद ने कहा कि घटना को लेकर चरण बाजार पिछले दो दिनों से बंद है। गांव में तनाव का माहौल है और लोगों में गहरा रोष है। दौरे के दौरान कई ग्रामीण पूर्व सांसद के सामने फूट-फूट कर रो पड़े। महिलाओं और बुजुर्गों ने अपनी व्यथा सुनाई, जिससे पूर्व सांसद भी भावुक हो उठे। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि गांव में अवैध शराब से जुड़ी कोई सूचना थी, तो कार्रवाई विशेष व्यक्तियों पर होती, न कि पूरे गांव को निशाना बनाया जाता। अगर पूरा गांव ही इसमें संलिप्त है, तो यह पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी है। पूर्व सांसद ने चेतावनी दी कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे यह मामला हर स्तर तक उठाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार में इस तरह के पुलिसिया जंगलराज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चरण बाजार में रविवार को पूर्व सांसद के दौरे के बाद मामला और गरम हो गया है। अब सबकी निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

> ■ **पूर्व सांसद ने कहा- यदि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे यह मामला हर स्तर तक उठाएंगे**

# कर्ज के बोझ से तंग आकर मजदूर ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर अनुमंडल के आयर थाना क्षेत्र के महथीन टोला में एक 36 वर्षीय मजदूर ने कर्ज के बोझ से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान भोला चौधरी के रूप में हुई है, जो सिपाही चौधरी का पुत्र था। बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर भोला चौधरी ने बाजार से एक जहरीला पदार्थ खरीदा और उसे खा लिया। जब वह मुंह से झाग निकालने लगे, तो उनके बेटे ने उन्हें देखा और अपनी मां को सूचित किया। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक भोला चौधरी की दो बेटियां हैं। उनकी मौत के बाद परिवार में शोक की लहर है। आयर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पाएगा।

## आयर थाने का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**जगदीशपुर (भोजपुर)/ नबिटा संवाददाता।** जगदीशपुर अनुमंडल के आयर थाने का एसडीपीओ राजीव चंद सिंह ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने में बन रहे महिला बैरक तथा पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के आवास का जायजा लिया और उचित रख-रखाव तथा मरम्मत के लिए दिशा-निर्देश दिए। वहीं एसडीपीओ ने थाने के वायरलेस सिस्टम का पुलिस कंट्रोल से संपर्क कर चेक किया और थाने में संधारित विभिन्न पंजीयों तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं के लैपटॉप और मोबाइल का भी जांच किया और उन्हें ई-साक्ष्य ऐप का प्रयोग करने और ईमेल का प्रयोग करने के लिए निर्देश दिए। एसडीपीओ ने प्रभार हेतु लंबित कांडों का शीघ्र प्रभार ग्रहण करने और लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने गुंडा पंजी और दागी पंजी को अद्यतन करने के लिए भी कहा। एसडीपीओ ने आर्म्स का सत्यापन करने और अवैध हथियारों की बरामदगी पर जोर दिया।

# करंट लगने से युवक झुलसा

- ■ देव थाना क्षेत्र का साहब बिगहा गांव के पिंटू कुमार आया हाई टेंशन तार की चपेट में
- ■ माली थाना क्षेत्र के भूखन तेंदुआ गांव का शिवनारायण सिंह गर्म तेल पड़ने से बुरी तरह झुलसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में अलग-अलग इलाकों में 2 युवक झुलस गए। गंभीर हालत में इलाज के लिए दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल हालत खतरे से बाहर है। पहली घटना देव थाना क्षेत्र के साहब बिगहा गांव की है। खेत में कचरा फेंकने जा रहे युवक हाई टेंशन तार की चपेट में गया। झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़ा। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पातल भेज दिया। घायल की पहचान पिंटू कुमार(22) के तौर पर हुई है। दूसरी घटना माली थाना क्षेत्र के भूखन तेंदुआ गांव के पास की है। टर्निंग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद इंजन फट गया। गर्म तेल पड़ने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान शिवनारायण सिंह (25) के तौर पर हुई है। दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

# नीतीश कुमार की अगुवाई में तरक्की कर रहा बिहार

## पूर्व विधायक डॉ. रणविजय ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर ग्रामीणों से की चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार के नेतृत्व में रालोमो प्रखंड कमिटी, हसपुरा के सदस्यों ने रविवार को प्रखंड के डींडीर पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। बता दें कि रालोमो के तरफ से जनसंवाद सह आशीर्वाद यात्रा चलाया जा रहा है, जिसके तहत कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर ग्रामीणों से मिलकर एनडीए सरकार के उपलब्धियों पर चर्चा किया। ग्रामीणों से बात करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार तरक्की कर रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है नीतीश कुमार विकास पुरूष है। वहीं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के निर्देशन में रालोमो वंचितों को अधिकार दिलवा रहा है। जनसंवाद सह आशीर्वाद यात्रा के दौरान हर गांव में रालोमो को समर्थन मिल रहा है, खासकर युवा वर्ग भारी संख्या में पार्टी से जुड़ रहें है। रविवार को प्रखंड के बंधवा, दिलावरपुर, बिसुनपुरा, मेरीगंज, बघोई, पाण्डेयबीघा, प्रयाग बिगहा सहित कई गांवों में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क यात्रा के दौरान बिसुनपुरा के ग्रामीणों ने छलका बनाने की मांग किया और बंद पड़े नल-जल को चालू कराने की मांग किया। वहीं बंधवा गांव के ग्रामीणों ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने सहित अन्य कई कार्यो जो अधूरा पड़ा हुआ है उसे पूरा कराने का मांग किया। यात्रा में शामिल पूर्व विधायक प्रो रणविजय कुमार ने कहा कि आपसब अपना आशीर्वाद दीजिये और मैं अपने वादे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा, कोई शिकायत का मौका नहीं दूंगा। मौके पर प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, पूर्व मुखिया संतोष शर्मा, वशिष्ठ सिंह, नारायण शर्मा, प्रकाश कुमार, गिरीश शर्मा, मुन्ना कुमार, ललित कुमार, सन्तोष कुशवाहा, साजिद खान, विनोद शर्मा, रमाशंकर कुशवाहा सहित कई लोग शामिल थे।

# अस्पताल की बदइंतजामी पर पुतला दहन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** रविवार को भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड में चंदा पंचायत के हरिपुर गांव में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व मे मुजफ्फरपुर में हुए एक नाबालिग रेप पीड़िता की पीएमसीएच में इलाज के दौरान हुई मौत के विरोध में कांग्रेस नेत्री रीता सिंह ने राज्य सरकार पर महिला सुरक्षा में नाकामी का आरोप लगाते हुए दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की। मौके पर बीरेंद्र राम, सुरेश राम, उमानाथ राम, हीरामन राम, अवध राम, रामसूरत राम, जितेन्द्र कुमार मंडल, श्री राम, रामाधार राम, राहुल कुमार, लल्लू राम, वकील राम, अनीता देवी, गुड़िया कुमारी के साथ सैकड़ों महिला-पुरूष उपस्थित थे। रीता सिंह ने चेतावनी दी कि यदि त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन करेगी।

# श्रमदान कर लोगों ने की करहा की साफ-सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखण्ड के अहियापुर गांव के दक्षिण टोला में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी करहा की उड़ाही ग्रामीणों ने श्रमदान से किया। अहियापुर के ग्राम कचहरी के सरपंच रणधीर कुमार के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने करहा की साफ-सफाई किया। बताया जाता है की सरपंच रणधीर कुमार ने अपनी बेटी के जन्मदिन के अवसर पर नाली और करहा सफाई का संकल्प लिया और कई वर्षो से नाली और करहा की साफ सफाई कराते आ रहे हैं। गांव के दक्षिण टोला में नाली व करहा जाम के कारण गन्दा पानी नाला के ऊपर से बहता है जिससे सड़ी दुर्गन्ध निकलता है। इससे संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। नाली सफाई होते ही इन समस्याओ से निजात मिल जायेगी और आने वाले समय मे सैकड़ों बीघा धान की खेती का पटवन शुरू हो जाएगा। मौके पर राम परिखा महतो, सिकन्दर महतो, बिक्रम कुमार, शिव नारायण सिंह, धनपत कुमार, राजेश कुमार, महादेव मिस्त्री, संटू दीवाना, बिंदु कुमार, गुलटेनी कुमार, आमोद कुमार, प्रिंस कुमार, किसुनदेव महतो, राजकुमार यादव, रोहित कुमार, जितेंद्र कुमार, शमशेर कुमार सहित कई ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीण बताते हैं कि इस करहा की उड़ाही हमलोग प्रत्येक वर्ष श्रमदान से ही करते आ रहे हैं। सरकारी स्तर से इसकी उड़ाही अब तक नही किया गया है।

## लूट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के सालिमपुर थाना क्षेत्र में हुई लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। 26 मई 2025 को डोमा गांव के पास रेलवे फाटक पर पेट्रोल पंप मैनेजर से 5.75 लाख रुपए की लूट हुई थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अभिषेक सिंह ने बताया कि घटना के दिन चार अपराधी दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। उन्होंने हथियार के बल पर पेट्रोल पंप कर्मी से लूट की थी। पुलिस ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और कई संदिग्धों से पूछताछ की।

# सांगठनिक मजबूती पर कांग्रेस का जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोईलवर (भोजपुर)।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश सचिव रीता सिंह के नेतृत्व में बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान माई बहन मान योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रत्येक घर पर पार्टी का झंडा लगाया गया और महिला पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि गांव गांव तक कांग्रेस के विचारधारा को पहुंचाना एवं संगठन को मजबूत करना। मौके पर प्रदेश सचिव रीता सिंह के अलावा नगर पंचायत कोईलवर के वार्ड पार्षद बीरेन्द्र राम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और ग्रामीण महिला शामिल हुए। श्रीमती सिंह ने यह भी बताया कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हर जरूरतमंद महिला के खाते में हर महीने 2500 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। इस अभियान से जुड़ने के लिये कांग्रेस संगठन ने एक मिस्ड कॉल नंबर 8800023525 भी जारी किया है जिसके तहत महिलाओं को पंजीकरण करना होगा। इस नंबर पर मिस्ड कॉल करके भी इस योजना से जुड़ा जा सकता है।

# विक्की दूसरी बार बने राजद के प्रखंड अध्यक्ष

## योगेन्द्र यादव को पांचवीं दफा मिला नगर अध्यक्ष का जिम्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रविवार को शहर के संजय सिंह यादव महाविधालय के प्रांगण में राष्ट्रीय जनता दल, रफीगंज के प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष के चुनाव हेतू बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी रामेश्वर कुमार रोशन एवं प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सरफराज आलम (पूर्व मुखिया, मदनपुर) ने किया। जिसमें सहायक निर्वाची पदाधिकारी बलिन्द्र यादव, सत्येन्द्र यादव एवं मदनपुर के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष मदनपुर सरोज राम के उपस्थित में चुनाव कराया गया जिसमें सभी क्रियाशील सदस्यों को 20 मिनट नामांकन का समय दिया गया। जिसमें मात्र दोनों पद के लिए एक-एक व्यक्ति ने ही प्रखण्ड/ नगर ने नामांकन किया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष के रूप में विक्की कुमार एवं नगर अध्यक्ष डा0 योगेन्द्र यादव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिन्हें प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने माला पहनाकर निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रणविजय यादव, उपेन्द्र यादव, मुखिया रंजन यादव, पंचायत समिति सदस्य उपेन्द्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव, संतोष कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश रंजन उर्फ टप्पू, वाहिद हुसैन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि साजिद अंसारी उर्फ टिंकु, वार्ड पार्षद गुलाम रशूल, मो साजिद अवर, विशाल कुमार सोनू यादव, शिक्षक के प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार रंजन, आयुष, विशाल, दीपक यादव, अभिनव, अविनाश कुमार उर्फ बिट्टू आदि उपस्थित रहे।

## पांच बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के बाबा लॉज के पास पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम करते हुए पांच बदमाश को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक लोडेड देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और छह मोबाइल फोन मिले हैं। संगीता कुमारी लॉ एंड ऑर्डर एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार में कुछ अपराधी हथियार के साथ कहीं जा रहे हैं। किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उनकी स्थिति संदिग्ध थी। पुलिस ने तुरंत उनका पीछा किया और घेराबंदी की और युवकों को पकड़ लिया।

# लगातार दूसरी बार राजद के प्रखंड अध्यक्ष बने सरोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर के रानी कुआं स्थित एक सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल का प्रखंड अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्रियाशील सदस्यों की बैठक बीआरओ उपेन्द्र कुमार व एबीआरओ सरुण पासवान की अध्यक्षता में की गई। चुनाव के लिए बीआरओ उपेन्द्र कुमार की उपस्थिति में नामांकन प्रक्रिया की गई। नामांकन विधिवत पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार ने किया। निर्धारित समय तक अन्य किसी द्वारा नामांकन पर्चा दाखिल नहीं किए जाने पर सरोज कुमार को राजद के प्रखंड अध्यक्ष पद पर चुन लिया गया। सरोज कुमार राजद के दूसरी बार भी निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहना कर उनका स्वागत किया। बीआरओ उपेन्द्र कुमार द्वारा निर्विरोध निर्वाचित उम्मीदवार को निर्वाचन प्रमाण दिया गया। इस अवसर पर राजद के वरीय नेता रामेश्वर कुमार रौशन, रामकुमार यादव, पप्पू कुमार यादव, अजीत पासवान, समीर राजा, पिन्टु कुमार, रामनरेश यादव, संजय कुमार, अनिल कुमार यादव, जसपाल सिंह यादव, सुभाष यादव, अवधेश यादव, प्रवीण यादव, उमेश रविदास, सत्येन्द्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# न्यू काजी मोहल्ला का ऐतिहासिक कुआं विलुप्ति के कगार पर

## स्थानीय प्रतिनिधियों की उपेक्षा से खतरे में धरोहर, संरक्षण के लिए ठोस कदमों की आवश्यकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के न्यू काज़ी मोहल्ला में स्थित एक ऐतिहासिक कुआं अब धीरे-धीरे विलय की ओर बढ़ रहा है। मुख्य बाजार के समीप स्थित यह कुआं, जहां कभी स्थानीय समुदाय के जीवन का केंद्र हुआ करता था अब उपेक्षा और अनदेखी के कारण अपनी पहचान खोता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कुआं न केवल जलस्रोत के रूप में महत्वपूर्ण रहा है, बल्कि यह मोहल्ले की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का भी हिस्सा रहा है। इसके बावजूद बीते कुछ वर्षों में इस धरोहर के संरक्षण को लेकर न तो कोई ठोस प्रयास किए गए हैं और न ही किसी प्रकार की देख-रेख सुनिश्चित की गई है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो गई जब कुएं के ऊपर एक छतनुमा टंकी का निर्माण कर दिया गया। यह टंकी न केवल कुएं की मूल पहचान को ढंक रही है, बल्कि यह ऐतिहासिक संरचना की अखंडता को भी नुकसान पहुंचा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना किसी योजना और इतिहास की जानकारी के किए गए इस तरह के निर्माण कार्य भविष्य में धरोहरों के पूर्ण विनाश का कारण बन सकते हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को कई बार नगर प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों के सामने उठाया, लेकिन हर बार यह मामला कागजों में ही दबकर रह गया। निवासियों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों ने जानबूझकर इस ऐतिहासिक कुएं को भुला देने का प्रयास किया है, ताकि क्षेत्र में नई परियोजनाओं के लिए जगह बनाई जा सके।



कुएं के ठीक उपर बनी टंकी

> ■ **ठीक उपर बनी टंकी कुएं की मूल पहचान को ढ़क रही**

# उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसान आर-पार की लड़ाई के मूड में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** विभिन्न सरकारी परियोजनाओं में जमीन अधिग्रहण और मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन प्रखंड क्षेत्र में ज्वलंत मुद्दा बनकर उभर रहा है। उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का संघर्ष यह बयां कर रहा है कि अधिग्रहण को लेकर सरकार की नीति और पदाधिकारियों की कार्यवाही में विसंगति है। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्रालय के वरीय सचिव दीपक कुमार ने भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्याओं को सुलझाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि वे अपने जिला में पांच सदस्यीय टीम गठित करें, जो अधिग्रहित जमीन का सात प्रकार से वर्गीकरण करते हुए पुनर्मूल्यांकन कर उचित दर तय करेंगे। लेकिन उक्त आदेश को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा कोई भी प्रयास धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। भारतमाला परियोजना में अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को 2012 के सर्किल रेट से मुआवजा राशि दी जा रही है जो सरकार की नीति के विरुद्ध है। जिला प्रशासन सरकार की नीति के विरुद्ध कार्य क्यों कर रही है इसका जवाब तो वही दे सकती है लेकिन किसान अपने हक और उचित मुआवजे को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में है। किसानों का कहना है कि वे जान दे देंगे लेकिन उचित मुआवजा लिए बगैर एक इंच भी जमीन नहीं देंगे। प्रखंड और जिला कार्यालय में प्रदर्शन के बाद किसान कमिश्नर ऑफिस गया का घेराव करने की मूड में है। किसानों का कहना है कि नेशनल हाईवे- 98 पर बन रहे हरिहरगंज बाईपास निर्माण में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा जिस दर से कुटुंबा प्रखंड के डेहरी गांव के किसानों को दी गई है, उसी दर से हमें भी मुआवजा राशि दी जाए। विदित हो कि डिहरी गांव के किसानों को प्रति डिस्मिल 30620 के दर से चार गुना मुआवजा राशि ब्याज सहित दी गई है। वहीं भारतमाला परियोजना के तहत अधिग्रहित जमीन का मुआवजा 8000 रुपए के दर से दिया जा रहा है।

किसान कार्यस्थल पर निर्माण कार्य का विरोध कर रहे हैं और प्रखंड व जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर अपने हक के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं। वहीं प्रशासन कार्यस्थल पर सैकड़ों सुरक्षा बलों की तैनाती कर जबरन निर्माण कार्य शुरू कराने का लगातार प्रयास कर रही है। जहां किसानों की संख्या अधिक है वहां विरोध के बाद प्रशासन को वापस लौटना पड़ रहा है लेकिन जहां गिनती की संख्या में किसान हैं वहां जबरन निर्माण कार्य शुरू करा दिया जा रहा है। जिसका उदाहरण है प्रखंड क्षेत्र का पोला गांव। नेशनल हाईवे-98 पर हरिहरगंज बाईपास निर्माण में पोला गांव के किसानों को सुरक्षा बलों का भय दिखा कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। पदाधिकारियों द्वारा किसानों को कहा गया कि हम वरीय अधिकारियों के आदेश का पालन कर रहे हैं। आप मुआवजे के लिए न्यायालय की शरण में जाएं।

# एनटीपीसी बाढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का समापन

## आम लोगों के बीच स्वच्छता के महत्व को उजागर करना है उद्देश्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ द्वारा 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत 16 मई से 31 मई 2025 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जनसामान्य के बीच स्वच्छता के महत्व को उजागर करना, स्वच्छ वातावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करना और साफ-सफाई को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत 16 मई को सामूहिक स्वच्छता शपथ और प्रभात फ़ेरी के आयोजन से हुई, जिसमें एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में जागरूकता फैलाने के लिए बैनर, होर्डिंग्स और सेल्फी बूथ लगाए गए, जिससे स्वच्छता का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभिन्न स्थानों जैसे कि गांव, स्कूल, सार्वजनिक स्थान, बाढ़ रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड आदि में श्रमदान, सफाई अभियान तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। नुक्कड़ नाटक, रैलियाँ, निबंध व नारा प्रतियोगिताएं, चित्रकला प्रतियोगिताएँ जैसे रचनात्मक और संवादात्मक कार्यक्रमों ने न केवल बच्चों में बल्कि व्यस्कों में भी स्वच्छता को लेकर सकारात्मक सोच विकसित की। एकल उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को 'नो सिंगल यूज़ प्लास्टिक' के संदेश के माध्यम से शिक्षित किया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ेदानों की स्थापना भी की गई। 'वेस्ट टू वेल्थ' विषय पर आयोजित कार्यशालाओं और प्रदर्शनों ने यह दर्शाया कि कचरे को किस प्रकार उपयोगी सामग्री में परिवर्तित किया जा सकता है। इससे प्रतिभागियों में नवाचार की भावना को बढ़ावा मिला। अभियान के अंतिम चरण में वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा स्वच्छता विषयक संवाद सत्र आयोजित किए गए। बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 में भाग ले रही बालिकाओं ने भी स्वच्छता पखवाड़ा के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का यह कार्यक्रम जी श्रीनिवास राव, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी बाढ़) के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विभाव द्वारा आयोजित किया गया। यह सिर्फ एक स्वच्छता कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह समाज में स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा है।




## बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाई नकदी एवं जेवरात

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के करेलिया मुहल्ले में बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी एवं जेबरात की चोरी कर ली। पीड़ित महिला ने बताया कि दो दिन पूर्व वह श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए अपने गांव गये थे। इसलिए घर बन्द था। चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नकदी और सोने के जेवरात की चोरी कर ली। सुबह मकान में रहने वाले किरायेदार ने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है तो इसकी सूचना घर के मालिक को दी गयी। जब वह घर पर पहुंची तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था और घर का सारा सामान तीतर -बीतर किया हुआ था। वही चोर ने जेवर के डब्बे से जेवर को निकाल कर डब्बे को फेंक दिया था। यह देखकर सभी हक्का-बक्का रह गये थे। उसके बाद घटना की सूचना रविवार को सुबह 9 बजे पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन करने में जुट गयी। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### बच्चे पर किया हसुआ से हमला

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना के चक नवादा गांव में रविवार की दोपहर छोटे-छोटे बच्चों में मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान एक बच्चे ने हसुआ से दूसरे बच्चे के ऊपर हमला कर दिया ।हमले के दौरान प्रिंस कुमार नामक बच्चों के बाया हाथ में हसुआ का अगला भाग करीब 4 इंच घुस गया। परिजनों ने निकालने का प्रयास किया है लेकिन हसुआ में धार होने के चलते निकलना संभव नहीं था। लिहाजा बच्चों को हाथ में घुसे हुए हसुआ के साथ बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन के बाद हसुआ को बाहर निकाल तब जाकर बच्चों ने राहत की सांस ली। फिलहाल बच्चे का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### करंट से युवक की मौत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंडारक थाना क्षेत्र के बिहारी बीघा गांव में रविवार की दोपहर अपने घर के बगल के एक दोस्त के द्वारा 20 वर्षीय राहुल कुमार को घर का बिजली ठीक करने के लिए बुलाकर ले गया। हालांकि राहुल बिजली मिस्त्री नहीं था बिजली ठीक करने के दौरान राहुल को करंट लग गई और वह माथे के पिछले भाग की तरफ से जमीन पर गिर गया। जिससे माथे के पिछले भाग में गंभीर चोट लग गई और उसे उल्टी होने लगा। ग्रामीण उसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचा लेकिन राहुल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने राहुल को मृत्यु घोषित कर दिया जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और अस्पताल के पास रोने धोने लगा। परिजनों का आरोप है कि राहुल के मौत में किसी न किसी प्रकार का संदेह है। हालांकि पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद मृतक लाश परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि 5 महीना पहले छोटे बेटे की मौत सड़क हादसे में हो गई थी और आज बड़े बेटी की मौत हो गई। मृतक का परिवार गरीब है और उसके यहां कोई कमाने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार की कमर टूट गई है। मुआवजे के बिना परिवार का पालन पोषण मुश्किल है।

### बाइकर्स अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, आठ खोखे बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पिपरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव मे शनिवार के देर रात को बाइक पर सवार तकरीबन 8 युवक गौरव कुमार पिता शैलेंद्र सिंह के घर के पास अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत बनाने की कोशिश की, उसके बाद वह भाग निकले। मौके पर पहुंचे पुलिस ने आठ खोखे को जप्त किया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने मे जुटी है और पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी जुटा रही है कि आखिर चार बाइक से आए 8-10 का युवक क्यों दहशत मचाए हैं, गौरव कुमार अज्ञात के खिलाफ थाने में लिखित आवेदंन दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया है की चार बाईक पर सवार अपराधी आये थे सभी बाईक पर स्टीकर सटे थे। फिलहाल पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल में जुटे हैं।

### पालीगंज में करंट लगने से महिला की मौत

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के कुरकुरी टोला गांव में उस समय मातम पसर गया जब हरेंद्र यादव की 35 वर्षीय पुत्रवधू जूही देवी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना देर शाम की है जब जूही देवी घर के किचन में खाना बनाने गई थीं। जानकारी के अनुसार, जैसे ही उन्होंने स्विच बोर्ड से लाइट जलाने के लिए बटन दबाया, वे अचानक करंट की चपेट में आ गईं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जूही देवी की मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। सूचना मिलते ही पालीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में इस हृदयविदारक हादसे के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### चार नाबालिग सहेलियां लापता

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के पंचरुखिया थाना क्षेत्र से चार नाबालिग सहेलियों के अचानक लापता हो जाने से सनसनी फैल गई है. शनिवार दोपहर चारों बच्चियां घर से निकली थीं, लेकिन देर रात तक जब वे वापस नहीं लौटीं, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. अगली सुबह यानी रविवार को परिजनों ने पंचरुखिया थाने में चारों के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है।

## बेलगाम ब्रेजा कार ने ई रिक्शा में मारी ठोकर, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे-22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के सरवां रेलवे गुमटी से पूर्व शनिवार की देर रात पीले रंग की बेकाबू ब्रेजा कार ने विपरीत दिशा में आ रहे एक ई रिक्शा में जोरदार ठोकर मार दिया, जहां पर मौके पर ही ई रिक्शा चालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कुमहरटोली मोहल्ले के रहने वाले विजय ठाकुर का पुत्र विक्की कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने नेशनल हाईवे को 3 घंटो तक जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, मौके पर पहुंची धनरूआ थाना की पूरी पुलिस टीम जाम को हटवाने में लगे रहे, तकरीबन सुबह 3:00 तक जाम लगी रही, फिर किसी तरह से आश्वासन देकर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर जाम को हटवाया गया और क्षतिग्रस्त गाड़ियों को सड़क से हटकर आवागमन सामान्य रूप से किया गया, मृतक के पिता विजय ठाकुर ने बताया की नदवां से अपने घर वापस मसौढ़ी लौट रहा था, उसी दौरान यह घटना घटी है।

## बीआरसी में धूमधाम से मनाया गया बिहार बटालियन का स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** बिहार रेजिमेंट की 10वीं और 11वीं बिहार बटालियन का स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया. रेजिमेंट की 10 वीं बिहार बटालियन के 59 वां और 11 वीं बिहार बटालियन के 54 वां स्थापना दिवस मनाया गया। दोनों बटालियनों की वीरता, अनुशासन और परंपरा का उत्सव था। बल्कि राष्ट्र की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धा और सम्मान समर्पित करने का भी दिन रहा।

10वीं बिहार बटालियन की स्थापना 1 जून 1966 को रामगढ़ कैंट में लेफ्टिनेंट कर्नल एल। डब्ल्यू, बेग्लिन के कुशल नेतृत्व में की गई थी। जबकि 11वीं बिहार बटालियन का गठन 1 जून 1971 को दानापुर में लेफ्टिनेंट कर्नल आर। के। काला के नेतृत्व में हुआ था। दोनों बटालियनों ने अपनी स्थापना से अब तक नागालैंड, मिजोरम, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और असम सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में काउंटर-इंसर्जेंसी अभियानों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। शांति काल हो या युद्धकाल में बटालियनों के वीर जवानों ने हर परिस्थिति में असाधारण साहस, कर्तव्यनिष्ठा और शौर्य का परिचय देते हुए राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा है। वीर बिहारी जवानों ने समय-समय पर दुश्मनों को परास्त कर भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनका निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन रेजिमेंट ही नहीं, बल्कि पूरे भारतीय सेना के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत है। इनकी वीर गाथाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। स्थापना दिवस पर रेजिमेंट के वीर स्मृति स्थल पर बटालियन के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर कमलदीप जसपाल ले. कर्नल संजीत सिंह ज्ञानी, ले. कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा व केंद्र के सूबेदार मेजर विपिन कुमार प्रधान समेत कई अन्य सैनिकों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी अधिकारियों, जेसीओ और जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को नमन किया। इस दौरान सेना बैंड द्वारा वंदे मातरम और रेजिमेंटल गीत की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और श्रद्धा से भर दिया।

## एसएफसी गोदाम में जबरन डीलर से खरीद रहे आवंटित खाद्यान्न, एसडीएम ने दिया जांच का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** बाढ़ के स्टेट फूड कॉरपोरेशन गोदाम में रंगदारों की मनमानी के विरोध में डीलरों ने शनिवार को एसडीएम को ज्ञापन दिया है। आरोप है कि डिलीवरी एजेंट के रंगदार जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से जबरन कई क्विंटल खाद्यान्न गोदाम में ही अवैध तरीके से बेचने का दबाव दे रहे हैं। इनकार करने पर डीलरों को कई तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। पूरा मामला उजागर होने के बाद बाढ़ के एसडीएम ने ज्ञापन के बाद जांच का आदेश दिया है। इससे गोदाम में हड़कंप मच गया। इस संबंध में इब्राहिमपुर के डीलर राम नगीना प्रसाद सिंह और सरकटी सैदपुर के डीलर सुजीत कुमार ने बताया कि गोदाम में नियुक्त डोर स्टेप डिलीवरी एजेंट के द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है ।गोदाम की व्यवस्था को डिलीवरी एजेंट ने रंगदारों के हवाले कर दिया है। दबंग बिचौलिए डीलर द्वारा उठाव के दौरान उनके ही पास खाद्यान्न नहीं बेचने पर धमकी दी जाती है। डीलरो का आरोप है कि 10 से 15 क्विंटल खाद्यान्न प्रति डॉलर के हिसाब से गोदाम में ही बेचने का दबाव दिया जाता है। इस संबंध में कई बार गोदाम प्रबंधक को भी सूचना दी गई। लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। कई डीलरों को खाद्यान्न डिलीवरी एजेंट के रंगदारों के पास नहीं बेचने पर देरी से डिलीवरी दी जाती है जिसका खामियाजा डीलरों को भुगतना पड़ता है। ट्रांसपोर्टिंग की रकम भी नहीं मिल रही है, वहीं वजन भी गड़बड़ है। वहीं स्थानीय सूत्रों का कहना है कि रंगदारों को प्रशासनिक और राजनीतिक सरपरस्ती मिलने के कारण हर माह लाखों रुपए की अवैध कमाई हो रही है। बहरहाल एसडीएम के द्वारा जांच का आदेश दे दिया गया है।

## पालीगंज में तेज रफ्तार हाइवा ने साइकिल सवार दूध कारोबारी को कुचला, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** शनिवार रात पालीगंज नगर बाजार के दरियापुर मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार दूध कारोबारी रामशीष यादव (48 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वह दूध डिलीवरी कर घर लौट रहा था तभी पालीगंज आई ओर से महवलीपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें कुचल दिया। घटना रात करीब 10 बजे की है। रामशीष यादव पालीगंज से दरियापुर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे दरियापुर मोड़ के पास पहुंचे, पीछे की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रामशीष जमीन पर गिर पड़े और हाइवा उनको रौंदते हुए निकल गया। रामशीष यादव का शरीर सड़क पर छतविक्षत हो गया और उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई ।हादसे के बाद हाइवा चालक गाड़ी लेकर भागना चाहा लेकिन आगे जाम होने की वजह से वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के कड़ी देर बाद पहुंची पालीगंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हाइवा को जप्त कर लिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रामशीष यादव दूध का कारोबार करते थे और रोजाना साइकिल से दूध बेचने जाया करते थे। स्थानीय लोगों ने घटना पर गुस्सा जताते हुए कहा कि पालीगंज-अरवल रोड पर लगातार बालू लदे भारी वाहन तेज रफ्तार में चलते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। साथ ही सड़क पर हमेशा लंबा जाम भी लगा रहता है।

## अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** शिक्षा विभाग बिहार सरकार के निर्देशालोक में प्रा0 विद्यालय प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों के सतत विकास एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था, जिसके अंतर्गत 'घर में पढ़ने का एक कोना' विषय पर चर्चा की गई। उद्देश्य रहा 'पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही ने की। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को मई माह का परीक्षाफल दिखाया एवं विद्यालय में चल रहे नवाचारों की जानकारी दी, जो बच्चों को निपुण बनाने की दिशा में निरंतर जारी हैं। आज शिक्षिका द्वारा एक नया नवाचार शुरू करते हुए 'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' का प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया, जो मई माह के लिए वर्ग-3 के छात्र सुमित कुमार को दिया गया। यह सम्मान उनके अभिभावकों की उपस्थिति में मैडल और सर्टिफिकेट देकर प्रदान किया गया। संगोष्ठी के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर आधारित एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में शीतल ने प्रथम, सुमित ने द्वितीय और आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में आज पढ़ाई के अंतिम दिन ग्रीष्मावकाश के शुभारंभ को लेकर बच्चों को पोषण वाटिका से आम उपलब्ध कराए गए। बच्चों ने फलों के राजा आम का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय अब ग्रीष्मावकाश के पश्चात दिनांक 23 जून 2025 से पुनः खुलेगा।




## विधानसभा चुनाव को लेकर इवीएम वीवीपैट का एफएलसी जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के निमित्त ईवीएम वीवीपैट का एफएलसी भारत निर्वाचन आयोग की मार्गदर्शिका एवं एसओपी के अनुरूप मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में सिकंदरपुर ईवीएम वेयरहाउस में जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा एफएलसी कार्य की नियमित रूप से प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने एफएलसी कार्य में जुड़े अभियंताओं एवं अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं जवाबदेही से आयोग के एसओपी का पालन करते हुए सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया है तथा इस कार्य की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने हेतु उप विकास आयुक्त को पर्यवेक्षक नामित किया है। साथ ही ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सत्यप्रिय कुमार को वेयरहाउस का प्रतिदिन विजिट कर कार्य का सफल एवं सुचारू संपादन सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस क्रम में उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लेने हेतु निर्वाचन विभाग के अपर सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी माधव कुमार सिंह ने मुजफ्फरपुर का भ्रमण कर तैयारी का जायजा लिया। इस क्रम में जिलाधिकारी एवं एडिशनल सीईओ ने सिकंदरपुर वेयर हाउस का विजिट कर एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को एसओपी का सख्ती से पालन करने तथा कार्य के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति संधारित करने एवं अनुपस्थित रहनेवाले प्रतिनिधियों को नियमानुसार नोटिस निर्गत करने को कहा। विदित हो कि सिकंदरपुर वेयरहाउस में एफएलसी का कार्य 25 मई से जारी है जो 26 जून तक जारी रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद के 18 अभियंताओं द्वारा ईवीएम के बीयू, सीयू , वीवीपैट का फर्स्ट लेवल चेकिंग आयोग के एसओपी के अनुरूप की जा रही है। एफएलसी के तहत बीयू/सीयू/वीवीपैट मशीनों की जांच आयोग द्वारा प्रदत्त दिशानिर्देश के अनुरूप की जा रही है तथा मानक के अनुरूप तकनीकी रूप से अनुपयुक्त बीयू/ सीयू/ वीवीपैट को तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा प्रावधान के अनुरूप नियमानुसार रिजेक्ट किया जाता है।

## धनरूआ में महामाया मां दुर्गा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ के फुलपुर गांव में सात दिवसीय महामाया मां दुर्गा प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने जा रहा है जिसको लेकर रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में महिला श्रद्धालु सर पर कलश रखकर कररूआ नदी से जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे।

आयोजक राय बहादुर सिंह ने बताया यह फूलपूरा गांव में सात दिवसीय कार्यक्रम किया जा रहा है। मां दुर्गा के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा जहां कलश यात्रा के बाद मंडप प्रवेश बेदी पूजन अखंड पूर्णाहुति के बाद गुरुवार को माता का प्राण प्रतिष्ठा उसके बाद वेद पूजन हवन पूजन कार्यक्रम होना है इस कार्यक्रम में अयोध्या से आए हुए पुरुषोत्तमा आचार्य उर्फ रामबाबू पांडे के द्वारा कथन वाचन का आयोजन होगा। संयोजक नवल सिंह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इस मौके पर धनरूआ समेत आसपास के कई इलाकों की भारी संख्या में जुटान होगी। आयोजन मे कृष्ण सिंह, अमरनाथ सिंह, रघुवंश नारायण सिंह, जिवेन्द्र सिंह, प्रवचन कर्ता तुलाधार चित्रकूट निवासी आदी शामिल रहे।



## छापेमारी के दौरान पइन मे डूबा युवक, मौत, गुस्साए लोगों ने पुलिस वाहन फूंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में एक बार फिर से पुलिसिया पिटाई के बाद मौत का आरोप लगा है, जिससे गुस्साए लोगों ने पहले पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया और दूसरी गाड़ी को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करते हुए अनुमंडल चौराहा पर सड़कों पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे। दरअसल बताया जाता है कि रविवार की तड़के सुबह आबकारी पुलिस दहिभत्ता गांव में शराब मामले में छापेमारी करने गई थी उसी दौरान ग्रामीणों की माने तो पुलिस एक व्यक्ति को जमकर पिटाई करते हुए सड़क के किनारे पाईन में उसे फेंक दिया जहां पर उसे दम घुटने से उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान निशियावां गांव के उपेंद्र बिंद (40 वर्ष) पिता स्व रामभज्जू बिंद है। इस घटना के बाद तकरीबन 4 घंटों तक सड़क पर आगजनी कर बवाल मचा। लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की, सूचना मिलते ही पूरे चार थानों के पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटी रही। मृतक की पत्नी मालती देवी ने बताया कि हमारे पति उपेंद्र बिंद घर से बाजार जा रहे थे उसी दौरान पुलिस ने उसे बेवजह पकड़ लिया और पिटाई करना शुरू कर दी और सड़क के किनारे पाईन में धकेल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। हम पूरे घटनाक्रम की जांच की मांग करते हैं और पुलिस पर प्राथमिकि दर्ज करेंगें। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नव वैभव, बीडीओ प्रभाकर कुमार सीओ प्रभात रंजन समेत मसौढ़ी धनरूआ लहसुना पुलिस भीड को संभालने में जुटी रही। वहीं पंचायत के मुखिया चंदन भारती ने भी सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा दी जाए। बीडीओ और सीओ ने तत्काल कबीर अंत्येष्टि और 20 हजार और श्रम विभाग से ढाई लाख रुपया और आपदा से चार लाख रुपए देने का आश्वासन दिया। घंटों काफी मशक्कत के बाद शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। बहरहाल इस पूरे मामले में एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि एक्साइज पुलिस दहभत्ता में छापेमारी करने गई थी उसी दौरान कुछ लोग भागम भाग करने लगे और वही भाग दौड़ में एक व्यक्ति आहार पाईन में कूद गया था इस दौरान यह घटना घटी है। पूरे मामले की अपने तरीके से छानबीन कर रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एक सप्ताह से नही मिल रही है 30 घरों में बिजली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के नौतनवा पंचायत के वार्ड संख्या सात पाचमवा गांव में बिजली की तार टूट जाने से करीब एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बाधित है। जिसको लेकर ग्रामीणों में विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। ग्रामीण मस्तकिन अंसारी, अलीजान अंसारी, साहबजान अंसारी, अफुक अंसारी, मंसूर अंसारी, मोतीलाल साह, हाफिजुल्लाह गद्दी आदि ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले आई आंधी में तार टूट कर गिर गया। उसके बाद विभाग को सूचना दी गई। लेकिन अभी तक किसी अधिकारी व कर्मी ने सुधि नही ली। ग्रामीणों ने कहा कि भीषण गर्मी में विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति नही मिलने से काफी परेशानी है। करीब ढाई दर्जन से अधिक घर एक सप्ताह से अंधेर में अपना गुजर बसर कर रहे है। वही स्थानीय मुखिया अलिमोहमद ने बताया कि तार गिरने की सूचना बिजली विभाग के जेई व एसडीओ को दी गई है लेकिन अभी तक इस समस्या का निदान नही हो सका है।

### युवक की संदिग्ध मौत मामले में हत्या की प्राथमिकी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को मझरिया शेख पंचायत के वार्ड नं 4 में युवक की संदिग्ध मौत मामले में मृतक की पिता असर्फी साह के आवेदन पर पुलिस ने एक दर्जन को नामजद हत्या का आरोपित किया है।उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि मामले में मृतक के पिता असर्फी साह के आवेदन पर थाना कांड संख्या 316/25 हत्या का मामला दर्ज करते हुए एक दर्जन नामजद आरोपी हुए हैं।उन्होंने बताया कि शनिवार पुलिस को सूचना मिली कि मझरिया शेख पंचायत के वार्ड नं 4 में शम्भु साह के छत पर असर्फी साह का बेटा चन्दन का शव पड़ा हुआ है।सूचना पर घटनास्थल पहुचने पर देखा गया संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव पड़ा हुआ था।जिसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच भेज कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।वही इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कि जा रही है।जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### आगलगी में एक घर सहित लाखों की संपत्ति खाक

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के सतभिठवा वार्ड 12 में रविवार को आग लगने से अशोक पंडित का घर जलकर राख हो गया।आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने काफी मेहनत की।जब तक आग बुझी, तब तक घर का सारा सामान जल चुका था।पीड़ित अशोक पंडित ने बताया कि आग में आभूषण,फर्नीचर,अनाज,कपड़े और नगद जल गए। कुल नुकसान डेढ़ लाख रुपये से अधिक का हुआ है। घटना की सूचना अशोक पंडित ने अंचलाधिकारी को फोन पर दी।अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि हल्का कर्मचारी को जांच के लिए भेजा गया है।क्षति का आकलन कर संबंधित सहायता राशि पीड़ित को उपलब्ध करा दी जायेगी।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रंजीत ने लहराया भारत का परचम

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय लैब ऑफ एजुकेशन संस्था के कबड्डी ट्रेनर रंजीत कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया। 26 देशों के खिलाड़ियों के बीच आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भारत ने नेपाल को हराकर खिताब जीता। फाइनल मुकाबले में भारत ने 45 अंक बनाए। नेपाल की टीम 21 अंक ही बना सकी।भारत की टीम में लैब ऑफ एजुकेशन संस्था से रंजीत कुमार का चयन हुआ था। भारत की जीत और रंजीत को मेडल मिलने पर संस्था के बच्चों में खुशी का माहौल है।संस्था के संस्थापक ने बताया कि रंजीत की मेहनत और लगन से यह सफलता मिली है।रंजीत कुमार ने कहा कि वह इस मुकाम तक पहुंचने में माता-पिता,संस्था के संस्थापक नीतीश कुमार पटेल और बच्चों का बड़ा योगदान है।उनका सपना है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आगे बढ़ें और देश के लिए मेडल जीतें।

### भाजपा कार्यसमिति की बैठक में सांसद सिग्रीवाल ने किया कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत अंतर्गत मियांपट्टी स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मांझी मध्य मंडल की कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद व संचालन मनोज पांडेय ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ सशक्तिकरण एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत से बनेगी, जिसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है, जहां सभी को सम्मान मिलता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक चाय बेचने वाले का बेटा आज देश ही नहीं, दुनिया का लोकप्रिय नेता बन चुका है। कार्यक्रम स्थल की सराहना करते हुए उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर को शिक्षा, संस्कार व संस्कृति के संरक्षण का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होना यानी कर्तव्यनिष्ठा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करना। बिहार के विकास के लिए एनडीए सरकार का बनना आवश्यक है। कार्यसमिति बैठक में जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, जिला महामंत्री उमेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष चैतेंदनाथ सिंह, रघुनाथ ओझा, रामशंकर शांडिल्य मिश्र, हेमनारायण सिंह, अमरजीत सिंह सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।



### अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार, 9.63 लाख रुपए नकद व विदेशी शराब बरामद

**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध शराब के धंधे पर कड़ा शिकंजा कसते हुए मांझी थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो व्यक्ति तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 7.92 लीटर विदेशी शराब व 9,63,890 रुपए नकद बरामद किए हैं। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त एक उजले रंग की मारुति ग्रैंड विटारा कार को भी जब्त किया गया। थानाध्यक्ष सह अपर थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार ने बताया कि 31 मई को सुबह लगभग 10:00 बजे सरकारी नम्बर पर सूचना मिली कि ग्राम फुलवरिया से दो व्यक्ति एक सफेद रंग की कार से शराब लेकर बलिया मोड़ की ओर जा रहे हैं। इस सूचना के बाद थाने के पदाधिकारी मिथलेश कुमार सिंह व पुलिस बल के साथ थाना परिसर के सामने सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया गया। इसी क्रम में मांझी चट्टी की ओर से एक ग्रैंड विटारा कार आती दिखी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन लेकर तेजी से भाग निकला। तत्पश्चात सरकारी वाहन से पीछा करते हुए जेपी सेतु पर मद्य निषेध चेकपोस्ट के समीप उक्त वाहन को रोका गया। वाहन रुकते ही उसमें सवार दोनों व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान कृष्णा यादव (32 वर्ष, ग्राम श्रीनगर, थाना रेवती, जिला बलिया) एवं मारकंडेय सिंह यादव (35 वर्ष, ग्राम नवका गांव माँझा, थाना रेवती, जिला बलिया) के रूप में हुई है।

रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कुंभ का समापन

# आधुनिक शिक्षा में प्राचीन परंपराओं का समावेश जरूरी: सांसद सिग्रीवाल

**के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो**







**छपरा (सारण) बिहार।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में आईक्यूएसी द्वारा आयोजित 'प्राचीन शिक्षा प्रणाली बनाम आधुनिक शिक्षा प्रणाली' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कुंभ का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्प्रकाश दास ने की, जबकि संचालन छात्राएं मानसी, आर्या, प्रियंका व शशि शेखर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का स्वागत कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. सत्प्रकाश दास, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ ठाकुर सिंह, शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा पुष्पमाला, अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर किया गया। कॉलेज के राजेन्द्र सभागार में आयोजित समापन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में प्राचीन शिक्षा परंपराओं व संस्कारों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा में पारंपरिक संस्कृति, मूल्यों व व्यवहार का अभाव है, जिससे हमारी सांस्कृतिक विरासत विलुप्ति की कगार पर पहुंच रही है। उन्होंने पारिवारिक संबोधनों का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले बच्चे 'माई', 'भईया', 'दीदी' जैसे आत्मीय शब्दों का प्रयोग करते थे, जबकि आज 'डैडी', 'मम्मी', 'अंकल', 'आंटी' जैसे शब्द प्रचलन में हैं, जिससे अपनापन व संस्कार कम हो रहे हैं। इस अवसर पर बीएचयू वाराणसी के प्रवक्ता आकाश रंजन ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में नैतिक मूल्यों का स्थान नहीं रह गया है। यदि आधुनिक शिक्षा में प्राचीन शिक्षण के तत्वों को जोड़ा जाए, तो देश का सर्वांगीण विकास संभव है। सहरसा के प्रवक्ता मृगेंद्र कुमार ने कहा कि रामायण व गीता जैसे ग्रंथों में निहित शिक्षा यह दशार्ती है कि जीवन में मयार्दा व पुरुषार्थ दोनों आवश्यक हैं, जो आधुनिक शिक्षा में नजरअंदाज होते हैं। डायट सोनपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि प्राचीन शिक्षा पद्धति श्रवण व मौखिक पर आधारित थी, जिससे विद्यार्थियों का मस्तिष्क पूर्णतः सक्रिय रहता था। आज की शिक्षा में यह तत्व नदारद हैं, जिसके कारण स्मरण शक्ति व शुद्ध लेखन की क्षमता घटती जा रही है। समापन सत्र को पूर्वांचल विश्वविद्यालय विराटनगर (नेपाल) के पूर्व कुलपति डॉ. घनश्याम लाल दास, कॉलेज की निदेशक संध्या सिंह, फखरुद्दीन अली अहमद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दरभंगा के असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज कुमार, कुमार गौरव, प्रो. सुमन कुमार सिंह, बीएचयू की डॉ. रागिनी रंजन, मधेपुरा की डॉ. मोहिनी कुमारी, गया की डॉ. किरण कुमारी, सहरसा की डॉ. वंदना चतुर्वेदी आदि ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि ज्ञान कुंभ के माध्यम से प्राचीन शिक्षण परंपराओं व आधुनिक शिक्षा का समायोजन कर भारत को विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर किया जा सकता है। इस अवसर पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व जिला पार्षद रूपेश कुमार सिंह छोटू, कॉलेज सचिव ई. जयप्रकाश सिंह, निदेशिका संध्या सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ ठाकुर सिंह, प्रधानाध्यापक व शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, प्रो. सुमन कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, चितरंजन सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, बलवंत कुमार सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद 'भोला', बीएड कॉलेज के उमाशंकर सिंह, अनुप कुमार, हरिशंकर, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, अमरेश, कंचन भारती, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन व शिक्षाविद् मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डॉ. सत्य प्रकाश दास द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## पंचायत सरकार भवन निर्माण में अनियमितता को लेकर विरोध प्रदर्शन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के नौतनवा पंचायत अंतर्गत शेखवानिया गांव के समीप बन रहे पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य में अनिमितता को लेकर ग्रामीण गोलबंद हो गए है। मानक के अनुसार निर्माण नही होने का आरोप लगाते हुए रविवार को ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। ग्रामीण लालमोहमद अंसारी, हाफिजुल्लाह गद्दी, अनिरुद्ध राम, भुटाई राय, गौरी चौधरी, चंद्रिका भगत, नंद चौधरी, योगी चौधरी, धनई राम, जयप्रकाश पटेल, इरफान आलम, बालकुवर चौधरी, रामाश्रेय चौधरी, अजय राय, गोरख राय, नथुनी भगत, संतोष राम, टेनि राम, लालेश्वर राय आदि ग्रामीणों ने निर्माण कार्य मे संवेदक द्वारा मनमानी करने व लोकल बालू एवं घटिया किस्म का मेटेरियल का उपयोग करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है की निर्माण स्थल पर कोई योजना बोर्ड नही लगाया गया है। न ही विभाग के कोई अधिकारी निर्माण स्थल पर रहते है जिसके चलते निर्माण कार्य में 12 एवं 16 एमएम का सरिया का उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नही बिरहा नदी का बालू निर्माण कार्य मे उपयोग किया जा रहा है। वही निर्माण कार्य में मनमानी व अनिमितता को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को फोन कर निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री का उपयोग करने की शिकायत की है।

# अपहृत युवक की हत्या, गायब होने के दो माह बाद मिला शव

**बेल्ट व पैंट से परिजनों ने की मृतक की पहचान, चार हिरासत में**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनसरेया गांव से 27 मार्च की शाम लापता अमित कुमार (18) की नृशंस हत्या कर दी गई है। मृतक ललन महतो के पुत्र थे ।शनिवार की देर शाम अमित के शव का टुकड़ो में बटा हुआ नरकंकाल परिजनों की निशानदेही पर बरामद हुआ है। नरकंकाल की बरामदगी बैरिया थाना क्षेत्र के बगही गांव के समीप चन्द्रावत नदी के किनार झाड़ी से हुआ। मृतक मुजफ्फरपुर के एक होटल में काम करता था ।रविवार की सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने बेतिया नौतन पथ को जाम कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की। एसडीपीओ विवेक दीप व थानाध्यक्ष अभिराम सिंह ने लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया। एसडीपीओ ने कहा कि सड़क जाम नहीं हुआ था। चार लोगो को हिरासत मे लिया गया है। जिसमे दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। जीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम करने पहुँची मृतक की माँ रामावती देवी व बहन अनीशा देवी ने बताया कि घटना के दिन गाँव में ही रहने वाले राजू खान ने अमित को फोन कर बुलाया । दोनों आपस में दोस्त थे। शाम से अमित का मोबाइल फोन बंद हो गया । दो दिनों तक खोज बिन करने के बाद परिजनों ने 29 मार्च को थाना में आवेदन दिया। उसके बाद पुलिस ने छानबीन कि परंतु कॉल डिटेल से जानकारी मिलने के बाद भी पुलिस ने फोन कर के बुलाने वाले व उसके परिजनों को छोड़ दिया । परिजन थाना पर बराबर जा रहे थे लेकिन पुलिस उनको यह कह कर लौटा दे रही थी कि हमलोग भगवान नहीं है की आपके लड़के को खोज कर ला दे। इधर शनिवार की देर शाम घास काटने गई महिला ने कंकाल देख ग्रामीणों को सूचना दी कि वहा एक शव का कुछ हिस्सा मिला है । सूचना पर पुलिस व परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा की गर्दन के नीचे व सिर का हिस्सा अलग अलग पड़ा है। मृतक के पैंट व बेल्ट से शव की पहचान हुई । उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे मे ले पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**2455 मामलों में से 2101 में पीड़ितों को मिला मुआवजा, 2025 के 9 मामले लंबित**



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार (निवारण) अधिनियम के तहत जिला स्तरीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की गई और पीड़ितों को मुआवजा, पेंशन तथा नौकरी प्रदान करने से जुड़ी अद्यतन स्थिति पर चर्चा हुई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बैठक में जानकारी दी कि वर्ष 2018 से 2025 तक इस अधिनियम के अंतर्गत कुल 2455 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 2101 मामलों में पीड़ितों या उनके आश्रितों को प्रथम किस्त का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है। वहीं 345 मामलों में संधि या सुलह हो चुकी है। केवल वर्ष 2025 के 9 मामलों में मुआवजे की प्रथम किस्त का भुगतान लंबित है, जिसे लेकर जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वर्ष 2025-26 में अब तक दर्ज 129 मामलों में 84.19 लाख रुपये का मुआवजा भुगतान किया गया है। अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मृत्यु के मामलों में 54 निकटतम आश्रितों को नियमानुसार पेंशन दी जा रही है और अप्रैल 2025 तक की सभी पेंशन का भुगतान कर दिया गया है। अब तक तीन आश्रितों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है जबकि दो अन्य मामलों में नियुक्ति प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी ने लंबित मामलों में भी शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में गड़खा के माननीय विधायक, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला कल्याण पदाधिकारी, समिति के अन्य सदस्य एवं विभिन्न थाना प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त हुए डीएम मुकुल कुमार गुप्ता



**सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए स्कूलों के पास सुरक्षा आकलन और दुर्घटनास्थलों की पहचान का निर्देश**

**समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई एहतियाती निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी, सिवान सदर एवं महाराजगंज को निर्देश दिया कि वे मुख्य सड़कों के समीप स्थित सभी विद्यालयों की सूची तैयार करें तथा वहां की सुरक्षात्मक व्यवस्था का विस्तृत आकलन कर प्रतिवेदन समर्पित करें। इसका उद्देश्य है कि बच्चों की आवाजाही के समय कोई दुर्घटना न हो और यातायात संचालन में व्यवधान न आए। जिलाधिकारी ने जिले में उन स्थानों को चिन्हित करने का निर्देश दिया जहां दुर्घटनाएं बार-बार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे स्पॉट्स पर यातायात गतिविधियों को रेगुलेट किया जाए, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। डीएम ने आम लोगों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और गति सीमा का पालन करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए जाएं और लोगों को प्रशिक्षण देकर नियमों के प्रति सचेत किया जाए। बैठक में जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया, ताकि सड़क सुरक्षा को लेकर सतत और प्रभावी प्रयास सुनिश्चित हो सके। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बैठक के उपरांत जानकारी दी कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर है और जिलाधिकारी के नेतृत्व में सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जागरूकता कार्यक्रमों की सीरीज चलाई जाएगी। सड़क सुरक्षा को जन अभियान बनाने की तैयारी में जुटा प्रशासन, जिला प्रशासन का उद्देश्य- हर जीवन की सुरक्षा, हर सड़क पर जिम्मेदारी।

## पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी ने शुरू की 'जन आशीर्वाद यात्रा'

**पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नीतीश कुमार द्विवेदी ने मौनिया बाबा के प्रांगण से ली क्षेत्र परिवर्तन की शपथ**



**महाराजगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के पूर्व मंत्री और सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने महाराजगंज विधानसभा क्षेत्र में आज 'जन आशीर्वाद यात्रा' का शुभारंभ किया है, जो 1 जून से 15 जून तक पूरे क्षेत्र में चलेगी। इस अभियान की शुरूआत पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री नीतीश कुमार द्विवेदी ने पवित्र मौनिया बाबा के प्रांगण से की, जहां उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए अपने संकल्पों और भावनाओं को जनभाषा भोजपुरी में साझा किया। उन्होंने कहा, आज हम जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत उस स्थान से कर रहे हैं जहां से हमें यह एहसास होता है कि हमारी जिम्मेदारी कितनी बड़ी है। मौनिया बाबा की समाधि के समक्ष खड़ा होकर मैं ये कसम खाता हूं कि जब तक महाराजगंज को बदल नहीं देंगे, तब तक यहां से हिलेंगे नहीं। श्री द्विवेदी ने कहा कि महाराजगंज के लोगों को अब तक सिर्फ छला गया है। आज तक न यहां कोई यूनिवर्सिटी खुल पाई, न ही कोई बड़ा अस्पताल बन सका और न ही यह क्षेत्र जिला घोषित हो सका। उन्होंने कहा, "नेता सिर्फ वोट मांगने आते हैं, वादे करते हैं लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं करते। अब इस क्षेत्र की किस्मत बदलेगी और ये मेरी जिम्मेदारी है।" उन्होंने यह भी वादा किया कि महाराजगंज के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए यहीं सुविधा दी जाएगी और नौकरी की संभावनाएं भी स्थानीय स्तर पर पैदा की जाएंगी। उन्होंने कहा, "यह मेरा वादा है कि अब हर घर, हर पंचायत, हर गांव तक हम पहुंचेंगे, उनकी समस्याएं जानेंगे और उसके समाधान की कार्यवाही करेंगे।" कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने मौनिया बाबा के मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किए और यह दर्जा दिलवाने में सफल भी हुए। उन्होंने कहा, हम तो सोच रहे थे कि अगर राज्य स्तर पर मान्यता नहीं मिलेगी तो इसे राष्ट्रीय मेला घोषित करवा देंगे, लेकिन यह तो बस शुरूआत है। अभी महाराजगंज को बहुत कुछ देना है। पूर्व मंत्री और वीआईपी पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी को धन्यवाद देते हुए नीतीश द्विवेदी ने कहा, "मुकेश सहनी जी ने बिना किसी जातीय भेदभाव के हमें काम करने का मौका दिया, और हम उनके इस विश्वास को पूरी मेहनत और निष्ठा से निभाएंगे।" अंत में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 15 दिनों तक चलने वाली यह यात्रा एक घर भी नहीं छोड़ेगी।

## स्थानांतरण प्रमाण पत्र नहीं मिलने से नामांकन में परेशानी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र नहीं मिलने को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से शिकायत की है। अभाविप के कार्यकर्ताओं ने बताया कि स्थानांतरण प्रमाण पत्र नहीं मिलने से बच्चों के नामांकन में काफी परेशानी हो रही है। सदस्यों ने बताया है कि कक्षा 6 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों का स्थानांतरण प्रमाण पत्र सभी विद्यालय में उपलब्ध कराया जाय और उसका जल्द से जल्द वितरण कराया जाय ताकि बच्चों का नामांकन हो सके। इसके साथ ही विद्यार्थी परिषद ने नामांकन फॉर्म को निशुल्क करने की मांग उठाया है। इधर बीईओ राजेश कुमार यादव ने बताया कि जिला से टीसी उपलब्ध नहीं होने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है।

## युवाओं के चरित्र निर्माण से ही होगा सशक्त भारत का निर्माण : रविशंकर



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 31 मई से प्रारंभ हुए संघ शिक्षा वर्ग का उद्घाटन रविवार को विधिवत रूप से हो गया। उद्घाटन सत्र में उपस्थित उत्तर बिहार के प्रांत प्रचारक रविशंकर सिंह ने प्रशिक्षण वर्ग में आए सैकड़ों स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्गों का उद्देश्य उज्ज्वल चरित्र के युवाओं का निर्माण करना है। ऐसे युवाओं की बड़ी फौज जब देश में खड़ी होगी तब जाकर सशक्त भारत का सपना पूरा होगा। इस क्रम में उन्होंने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण वर्ग में पूरे समय विषयों को सीखने पर ध्यान दें, अनुशासन का पालन निश्चित रूप से करें। संघ को अनुशासन के लिए ही जाना जाता है इस बात को हमेशा स्मरण रखें। उन्होंने कहा कि संघ आज सौवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। विश्व का कोई ऐसा संगठन नहीं है जो 100 वर्षों से लगातार चल रहा हो और बढ़ता ही गया हो, जिसमें कभी कोई टूट ना आई हो। ऐसा संभव हुआ है तो बस स्वयंसेवकों की विचारनिष्ठा के कारण, आपसी प्रेम के कारण और देश के प्रति समर्पण भाव के कारण। यही समर्पण भाव सीखने के लिए संघ के प्रशिक्षण में स्वयंसेवक आते हैं।

# भोजपुरी साहित्य के पुरोधा डॉ. तैयब हुसैन पीड़ित को सिवान में दी गई श्रद्धांजलि

**विकल्प के बैनर तले बिहार पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि समारोह, साहित्य, गीतों और संस्मरणों से किया गया याद**





**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रगतिशील हिंदी और भोजपुरी साहित्य के चर्चित रचनाकार डॉ. तैयब हुसैन 'पीड़ित' के निधन पर शनिवार को अखिल भारतीय जनवादी सांस्कृतिक-सामाजिक मोर्चा 'विकल्प' की सिवान इकाई 'जागृति' के बैनर तले एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय बिहार पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, कलाकार और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ. पीड़ित के साहित्यिक योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

**विनोद प्रसाद और डॉ. ब्रजनंदन किशोर ने की अध्यक्षता, सुनील तंग ने सुनाए संस्मरण**

कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद प्रसाद एवं डॉ. ब्रजनंदन किशोर ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि-शायर सुनील कुमार ह्यतंगह्ल ने किया। सुनील तंग ने कार्यक्रम के दौरान डॉ. पीड़ित के साथ बिताए पलों की मार्मिक स्मृतियों को साझा किया और उनकी साहित्य यात्रा पर प्रकाश डाला।

**कलाकारों ने गीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि**

दीपक कुमार के नेतृत्व में जागृति से जुड़े कलाकारों — धनंजय कुमार, प्रशांत पुष्कर, विनोद कुमार, ऋषिकेश, खुशबू, खुशी, अनिषा, सपना, सुप्रिया, नीतू आदि ने डॉ. पीड़ित द्वारा रचित गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें अपनी सांगीतिक श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे कार्यक्रम में एक भावुक और साहित्यिक वातावरण बना रहा।

**भोजपुरी लोक साहित्य में अनोखा योगदान**

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में विनोद प्रसाद और ब्रजनंदन किशोर ने कहा कि डॉ. तैयब हुसैन पीड़ित ने भिखारी ठाकुर के जीवन और रचनाओं पर पहला विधिवत शोध कर भोजपुरी लोक साहित्य को नया आयाम दिया। उन्होंने गांव-गांव जाकर विकल्प के मंच से सांस्कृतिक जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई।

**मुख्य अतिथि डॉ. यतीन्द्र नाथ सिंह ने कहा - आम जन की आवाज थे डॉ. पीड़ित**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. यतीन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि डॉ. पीड़ित का साहित्य आमजन की पीड़ा, संघर्ष और संवेदना की सच्ची अभिव्यक्ति है। वे एक ऐसे रचनाकार थे जिनकी कलम ने हमेशा हाशिए के समाज की बात की। उन्होंने समाज को अपनी रचनाओं के जरिए आईना दिखाया।

**साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि, बताया -भोजपुरी इतिहास का हिस्सा बन चुके हैं पीड़ित**

महत्वपूर्ण वक्ताओं में अनिल कुमार श्रीवास्तव, रामइकलाब गुप्ता, मोहम्मद इजहार, नागेंद्र मौर्य, साकेत रंजन प्रवीर, परमा चौधरी और रवीन्द्रनाथ चतुर्वेदी ने कहा कि डॉ. पीड़ित सिर्फ लेखक नहीं, भोजपुरी के इतिहास में दर्ज होने वाले शख्सियत बन चुके हैं। उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगी।

**धन्यवाद ज्ञापन दीपक कुमार ने किया, उपस्थित जनों ने कहा- साहित्य को अपूरणीय क्षति**

कार्यक्रम के अंत में जागृति के सचिव दीपक कुमार ने सभी वक्ताओं, कलाकारों और श्रोताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. तैयब हुसैन पीड़ित का जाना भोजपुरी और हिंदी साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

**भावुक माहौल में समापन, डॉ. पीड़ित के विचारों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प**

कार्यक्रम का समापन भावनाओं से भरे माहौल में हुआ। उपस्थित सभी साहित्यप्रेमियों ने यह संकल्प लिया कि डॉ. पीड़ित के विचार, लेखन और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने के लिए 'विकल्प' और 'जागृति' मिलकर निरंतर कार्य करती रहेगी।

### औरंगाबाद पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

# अन्तरजिला आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश, नौ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने बारून थानान्तर्गत एनएच-19 पर मोटरसाईकिल एवं मोबाईल लूट के अपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले अन्तरजिला गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 09 अपराधकर्मियों को किया। इन पर राहगीरों से हथियार का भय दिखाकर दो मोटरसाईकिल से छः अपराधकर्मियों द्वारा मोबईल पैसा, गाड़ी छीनने के आरोप में बारून थाना में बीते 27 मई को सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर कांड में संलिप्त अभियुक्तों के अविलंब गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। गठित एसआईटी के द्वारा सी0सी0टी0वी0 फुटेज के अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही थी इसी क्रम में 30-31 की मध्यरात्रि में गुप्त सूचना मिली कि चरन सीरीस पुल के अण्डर पास में कुछ अपराधकर्मी मोटरसाइकिल से एकत्रित हुए हैं और एनएच 19 पर अपराध की योजना बना रहे हैं। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सीरीस चरन मोड़ अण्डर पास के दोनों तरफ से घेराबंदी करते हुए मौजूद बल के सहयोग से 07 अपराधकर्मियों को पकड़ा गया। उक्त पकड़ाये व्यक्ति की तलाशी के क्रम में 02 देशी कट्टा, 02 मोटरसाईकिल एवं 10 मोबाईल फोन बरामद किया गया तत्पश्चात उक्त पकड़ाए 07 व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया एवं भूलन कुमार ने अपने स्वीकोरोक्ति बयान में बताया कि इनके पास से बरामद होंडा मोटरसाईकिल एवं मोबाईल बीते 27 मई को लूटी गई थी। बीते 21 मई को गैमन पुल से लूटा हुआ एक मोबाईल रवि कुमार एवं एक विधि विवादित किशोर को नासरीगंज से गिरफ्तार/ निरूद्ध कर बरामद किया गया। विवेक कुमार ने अपने स्वीकोरोक्ति बयान में बताया कि उसके पास से जो मोबाईल बरामद हुआ है वह दिनांक 28 मई को प्रतीमपुर एनएच 19 पर एक व्यक्ति से लूटा था। अनुज कुमार ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि उसके पास से जो मोबाईल बरामद हुआ है वह दिनांक 15 मई को जियो पेट्रॉल पंप के पास से एक व्यक्ति से लूटा गया था। जितेन्द्र कुमार के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना में प्रयोग किये गए प्लेटिना मोटरसाईकिल चैबरिया थाना-संझौल जिला-रोहतास से बरामद किया गया। शुभम पाठक ने अपने स्वीकारोक्ति चयान में बताया कि उसके पास से जप्त मोबाईल भी लूट का है तथा दिनांक 21 मई को लूटा हुआ कैमरा इनके घर से बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के द्वारा बताया गया कि रोहतास जिला के काराकाट थानान्तर्गत दिनांक 19 मई को पदमनपुर से एक व्यक्ति से होंडा लिवों मोटरसाईकिल एवं 24 मई को एक व्यक्ति से ईटवा गांव के पास ड्रोन कैमरा के लूटने की बात स्वीकार की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी कट्टा, 03 मोटरसाईकिल, 11 मोबाईल, निकॉल कंपनी का डिजिटल कैमरा एवं 3700 रू. नगद बरामद किया है।

# ढाबे के समीप से दो किलो से अधिक डोडा बरामद

### मादक पदार्थ गिरा छोड़कर भागा बाइक सवार, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** बारून थाना क्षेत्र के जोगिया गांव स्थित मान पंजाबी ढाबा के समीप से शुक्रवार को बारुन पुलिस ने करीब दो किलो पचास ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा बरामद किया। यह बरामदगी उस वक्त हुई जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक बोरे में कुछ संदिग्ध सामान ढाबा के पास फेंका गया है। सूचना मिलते ही बारुन अंचलाधिकारी मंजेश कुमार एवं बारुन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर बोरे की तलाशी ली गई, जिसमें डोडा पाया गया। इस मामले में एसआई सुमन कुमारी के बयान पर बारुन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मौके पर मौजूद एक ट्रक चालक से पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। चालक ने बताया कि वह ढाबे पर भोजन कर रहा था, तभी मान पंजाबी ढाबा और हिमाचल- चंडीगढ़ लाइन होटल के कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई। इस दौरान कुछ लोग घायल भी हो गए, जो इलाज के लिए चले गए। इसी बीच एक बाइक सवार व्यक्ति एक बोरा लेकर आया और ढाबे के एक युवक से कुछ बात करने के बाद वहां से निकल गया। उसी दौरान उसकी बाइक से बोरा गिर गया, जिसे वह छोड़कर चला गया। आशंका जताई जा रही है कि उसी बोरे में मादक पदार्थ डोडा रखा गया था। थानाध्यक्ष रामइकबाल यादव ने बताया कि इस मामले में अज्ञात बाइक चालक व उसके मालिक को आरोपित बनाते हुए अनुसंधान

**अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज**

शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बरामद डोडा को जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है और स्थानीय स्तर पर मादक पदार्थ के संभावित नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह बरामदगी मादक पदार्थ तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में बड़ी सफलता है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज, ढाबे व होटल के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है ताकि बाइक सवार की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस गिरोह का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# राजेन्द्र सिंह फिर बने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर रफीगंज विधानसभा की ओर से राजेंद्र सिंह को मदनपुर प्रखंड से भाजपा नेता गौरव कुमार सिंह, बिहार भाजपा प्रदेश नेता निरंजन सिंह चौहान, भाजपा वार मंडल अध्यक्ष मिथलेश कुमार, भाजपा वार पूर्व मंडल अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, औरंगाबाद भाजपा पूर्व जिला महामंत्री युगल किशोर सिंह, पूर्व जिला परिषद् सदस्य सह मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, मुकेश पाठक, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया सह मदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, नारायण प्रसाद उर्फ त्रियुगी, उमाशंकर सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# राजद के नगर अध्यक्ष बने मो. आदिल करीम अंसारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल औरंगाबाद के नगर इकाई की एक आवश्यक बैठक टिकरी रोड में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता राजद के वरीय नेता मो. कमरू जमा व संचालन मुन्ना कुमार मनोहर ने किया। बैठक में राजद नगर निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में विकास कुमार व सहायक नगर निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में सुनील कुमार मेहता उपस्थित हुए और राष्ट्रीय जनता दल संगठनात्मक चुनाव 2025-28 हेतु नगर अध्यक्ष के लिए विचार विमर्श किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से शहर के मजबूत साथी मो. आदिल करीम अंसारी को नगर अध्यक्ष के रूप में प्रस्ताव लाया जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति जताई। कार्यवाही के दौरान नगर निर्वाचित पदाधिकारी विकास कुमार एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार मेहता ने मो. आदिल करीम अंसारी को प्रमाण पत्र देकर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में राजद प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, राजद नेता उदय उज्जवल, मो. कमरू जमा, नेसार अहमद, मुन्ना कुमार मनोहर, सत्येंद्र यादव, मो परवेज आलम, मो. सजाद साहब, मो. रहमान, मो. नुसरत जहां, सरफराज आलम, तौफीक आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कृषि महोत्सव का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में आज सोमवार को कृषि विभाग द्वारा कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विशेषज्ञ शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रखंड कृषि समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने दी है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष 2 जून को खरीफ फसल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रखंड भर के किसान महोत्सव शामिल होंगे। किसानों को धान की विभिन्न किस्म और कम पानी लगने, अधिक गुणवत्ता पूर्ण उपज वाले धान लगाने का प्रशिक्षण कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दिया जाएगा।

# विद्यालय संगोष्ठी में उमड़ी अभिभावकों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय परसा में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी भाग लिया और बच्चों के शैक्षणिक विकास को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक और अभिभावक दोनों की भूमिका अहम होती है। ऐसे आयोजन बच्चों की प्रगति और स्कूल के माहौल को बेहतर बनाने में मददगार होते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और पोशाक में भेजें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से छात्रवृत्ति, पोषक राशि, मध्याहन भोजन, किताबें और कॉपियां जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। शिक्षक की कमी को भी दूर करने के लिए सरकार प्रयासरत है और स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। संगोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों से उन्होंने आग्रह किया कि वे अपनी समस्याएं निःसंकोच साझा करें ताकि उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और इसके लिए हर अभिभावक को सजग रहना होगा।

# अजय फिर बने बारून राजद के प्रखंड अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारुन (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष के चुनाव हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता राजद के जिला उपाध्यक्ष डॉ0 चंदन कुमार ने की। बैठक में प्रदेश कार्यालय के दिशा-निर्देश पर प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सत्येंद्र यादव तथा सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मो0 कमरू राजा की देख-रेख में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार राम को दुबारा प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। प्रखंड अध्यक्ष चुने जाने पर निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रमाण पत्र तथा माला पहनाकर नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को सम्मानित किया तथा चयन हेतु विधिवत घोषणा की। प्रखंड अध्यक्ष के साथ ही प्रखंड कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का चयन भी किया गया। बैठक में सभी नवनिर्वाचित पंचायत अध्यक्षों को भी मनोनयन हेतु बधाई दी गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं में पंचायत अध्यक्ष रामदीप यादव, वीरेंद्र यादव, कन्हाई पटेल, दिनेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, अमृता पटेल, कौशल राजवंशी के साथ प्रखंड कमेटी के सदस्य कृष्ण कुमार सिंह शिवबचन यादव, अशोक राम, दिलकेश्वर सिंह तौहीद अंसारी, मोहम्मद तैयब औसाफ अंसारी, जितेंद्र सोनी, ललेंद्र यादव, सुनील यादव, सज्जाद अंसारी के साथ सैकड़ो राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महादलित परिवारों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के अमिलौना पंचायत भवन परिसर में शनिवार को महादलित परिवारों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और पात्र लाभुकों को उनका हक दिलाना था। कार्यक्रम में उपस्थित आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता (एडीएम) उपेंद्र पंडित ने महादलित परिवारों को सरकार द्वारा संचालित 22 कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों को अब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, वे संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि उन्हें शीघ्र लाभ दिया जा सके। उन्होंने उज्ज्वला योजना, नल-जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक ज्ञान प्रकाश ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि अमिलौना पंचायत में स्वच्छता कार्य शुरू होने के बाद से अब तक पर्यवेक्षक व कर्मियों को मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने पंचायत सचिव विकास कुमार पर मानदेय भुगतान में लापरवाही का आरोप लगाया। इस पर एडीएम उपेंद्र पंडित ने पंचायत से बातचीत कर शीघ्र मानदेय भुगतान का निर्देश दिया और अधिकारियों को समय पर कार्य निष्पादन के लिए सचेत किया।

# ओबरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** आगामी 2025 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान को ओबरा विधानसभा क्षेत्र में गति दी जा रही है। इस अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर छह मंडलों के लिए संयोजकों की नियुक्ति की गई है। भाजपा के ओबरा विधानसभा क्षेत्र संयोजक व जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दाउदनगर ग्रामीण मंडल के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, शमशेरनगर मंडल के राकेश कुमार पांडे, दाउदनगर नगर मंडल के अमन पाठक, कारा मंडल के उपेंद्र भूपेंद्र सिंह, खुदवा मंडल के अखिलेश शर्मा तथा ओबरा मंडल का संयोजक कौशिक कुमार दुबे को नियुक्त किया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि सभी मंडल संयोजकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ गठन का कार्य तेजी से पूरा करें। पहले से बने बूथों का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भेजनी है। भाजपा की योजना है कि प्रत्येक बूथ पर 'पन्ना प्रमुख' की नियुक्ति की जाए, ताकि मतदाता सूची के प्रत्येक पन्ने पर पार्टी का मजबूत संपर्क हो सके। इससे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए को आगामी चुनाव में पूर्ण बहुमत दिलाने के लिए पार्टी संगठन को हर स्तर पर सशक्त किया जा रहा है। इसके लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है और रणनीति के तहत काम हो रहा है। श्री तिवारी ने विश्वास जताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती के बल पर आगामी चुनाव में ओबरा समेत पूरे बिहार में एनडीए को निर्णायक जीत मिलेगी।

# आयुष्मान भारत बनी 'जीवन रक्षक योजना'

### औरंगाबाद जिले की दो सक्सेस स्टोरीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** जिले के फेसर, आलमपुर की रहने वाली 53 वर्षीया चमेली देवी ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाते हुए कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जंग जीती। उनका इलाज महावीर हॉस्पिटल, पटना में पूरी तरह निःशुल्क हुआ। चमेली देवी ने सरकार और योजना से जुड़े अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अगर यह योजना न होती तो इलाज संभव नहीं था, सरकार और डॉक्टरों ने मुझे नई जिंदगी दी है। वहीं पिपरा, बारून निवासी 53 वर्षीय कामदेव पाल को हृदय रोग की गंभीर समस्या थी। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उनका हार्ट का ऑपरेशन फोर्ड हॉस्पिटल, पटना में सफलतापूर्वक हुआ। आज वे पूर्णतः स्वस्थ हैं और उन्होंने योजना से जुड़े सभी डॉक्टरों और अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि योजना के कारण समय पर इलाज मिल पाया, आज मैं पूरी तरह से ठीक हूं।

# शराब जब्त धंधेबाज फरार

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रिसियप थाना की पुलिस ने सनथुआ गांव में छापेमारी कर महुआ निर्मित शराब जप्त किया। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि उक्त गांव में शराब बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में दिनेश सिंह के खेत से 20 लीटर शराब जब्त किया गया। छापेमारी की भनक लगते ही धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।




# 'सुरक्षित शनिवार' कार्यक्रम से लाभान्वित हुई बारून की छात्राएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारून (औरंगाबाद)।** आपदा प्रबंधन विभाग बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित संस्था बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पटना के तत्वावधान में संचालित मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत औरंगाबाद जिला के प्रखंड में निर्मित एक मात्र मॉडल स्कूल राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के माध्यम से नवम, दशम, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए एक कार्यशाला एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग से संबंधित गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर निरंजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक छात्र-छात्राओं के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं पोषण विषय पर आधारित व्याख्यान का आयोजन किया गया है। निरंजय ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पटना, जिला प्रशासन औरंगाबाद तथा शिक्षा विभाग औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में इस जिले के सभी माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार के दिन सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अनुमोदित विभिन्न विषयों पर कार्यशाला व्याख्यान एवं परिचर्चा का आयोजन किया जाता है। निरंजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के आपदा से संबंधित समस्याओं के पूर्व की जानकारी, समस्याओं का समाधान एवं सावधानियां आदि की जानकारी दी जाती है। इसके लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संबंधित विभाग के द्वारा किया जा रहा है। श्री कुमार ने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा सभी प्रखंडों में इस कार्यक्रम के पूर्ण रूप से कार्यान्वयन के लिए चयनित शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। सभी मास्टर ट्रेनर सरकार के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में अपने-अपने प्रखंड के विद्यालयों में इससे संबंधित प्रशिक्षण भी देंगे। सुरक्षित शनिवार के कार्यक्रम के अंतर्गत इस मॉडल स्कूल में पेयजल स्वच्छता एवं पोषण विषय पर कार्यशाला एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269